ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • वैशाख कृष्ण पक्ष 12 • विक्रम संवत 2080 • सोमवार, 17 अप्रैल 2023 • वर्ष-24 • अंक-75 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00



विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करने ... पेज 10 पर

## NEWS इन ब्रीफ

### सीएम ने शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव को किया नमन

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने रविवार को अमर वीर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के शहादत दिवस पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि वर्ष 1857 क्रांति के दौरान अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह करने वाले झारखण्ड की माटी के वीर सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव के सर्वोच्च बलिदान को सदैव याद रखा जाएगा।

### बोकारो में होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग

**बोकारो।** जिले के सेक्टर 4 थाना क्षेत्र के सिटी सेंटर स्थित कोजी स्वीट्स और होटल हिलटॉप के पास शनिवार देर रात बाइक सवार अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। लगातार छह राउंड गोली चलाने से वहां हड़कंप मच गया। इसके बाद अपराधी फरार हो गए। सेक्टर 4 थाना प्रभारी पूनम कुजुर ने बताया कि कोजी स्वीट्स और होटल हिलटॉप के पास फायरिंग होने की खबर मिली। होटल हिलटॉप में मौजूद किसी ने सेक्टर 4 पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर सेक्टर 4 थाना प्रभारी और सेक्टर 9 थाना प्रभारी दल बल के साथ पहुंच छानबीन में जुट गए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जायजा लिया और जांच के दौरान पांच खोखे बरामद किए।

### बर्थडे पार्टी में फायरिंग, 4 की मौत

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में एक बर्थडे पार्टी के दौरान हुई फायरिंग में अब तक चार लोगों के मारे जाने की खबर है, जबकि कई लोग इस घटना में गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं। यूएस मीडिया के अनुसार, टेलीविजन स्टेशन डब्ल्लूआरबीएल ने रविवार तड़के डैडविल, अलबामा में एक इमारत के आसपास भारी पुलिस गतिविधि और घटनास्थल के पास हलचल की सूचना दी। इस रिपोर्ट में कहा गया कि पुलिसकर्मी फर्श पर सफेद चादर से कुछ ढकते दिखे हैं। इस घटना को लेकर स्थानीय मीडिया और प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि कई घायल लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पतालों में ले जाया गया, जिनमें से अधिकांश किशोर हैं। मामले की शुरूआती जांच में पता चला है कि स्थानीय समय के अनुसार शनिवार रात करीब 10:30 बजे एक किशोर के जन्मदिन की पार्टी में गोलीबारी हुई। पुलिस फिलहाल इस पूरे मामले की जांच में जुटी है।

### केजरीवाल से पूछे गए कुल 56 सवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से रविवार को शराब नीति मामले में सीबीआई ने पूछताछ की। उनसे करीब 9 घंटे तक पूछताछ हुई। घर पहुंचने के बाद केजरीवाल ने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा कि पूरी इज्जत के साथ सीबीआई ने मुझसे सवाल पूछे। जितने सवाल उन्होंने पूछे मैंने सबका जवाब दिया। कथित शराब घोटाला झूठ है। आम आदमी पार्टी एक कट्टर ईमानदार पार्टी है। हम मर जाएंगे लेकिन भ्रष्टाचार नहीं करेंगे। 30 साल में बीजेपी से गुजरात में एक अच्छा स्कूल नहीं बना। लोगों ने देख लिया है कि 75 साल में जो देश में काम नहीं हुई वो दिल्ली में पिछले कुछ दिनों में हुई है।

(संवाददाता/एजेंसियां)




**माफिया ब्रदर्स मर्डर :** चार दशकों तक प्रयागराज की धरती को रक्तरंजित करने वाला माफिया मिला मिट्टी में

# उफान पर राजनीति, आयोग गठित

**एजेंसियां। लखनऊ**

माफिया ब्रदर्स (अतीक अहमद और अशरफ) की हत्या के बाद राजनीति उफान पर है। भाजपा, सपा, एआईएमआईएम, कांग्रेस, बसपा जम कर राजनीति कर रहे हैं। उधर, सरकार ने इस पूरे मामले की ईमानदारी से जांच करने के लिए तीन सदस्यों वाली न्यायिक आयोग का गठन कर दिया है। इस बीच हत्या के तीनों आरोपितों-लवकेश, अरूण मौर्य और रिंकू को 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया गया कि ये तीनों ही सुंदर भाटी गैंग के हैं और लॉरेन बिश्नोई गैंग से भी इनके संबंध हैं। उधर, पूरे उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी है। प्रयागराज में चप्पे-चप्पे पर पुलिसबल तैनात है। कुछ इलाकों को छोड़ शेष प्रयागराज में इंटरनेट सेवा बंद कर दी गई है। रविवार की देर शाम अतीक और अशरफ को उसी कब्रस्तान में दफन किया गया, जहां कभी उसके पिता और शनिवार को असद को दफनाया गया था। ताजा जानकारी के अनुसार, सरकार के किसी भी मंत्री ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### योगी ने पूरी रात जागकर खुद की मामले की मॉनिटरिंग



**मालूम** हो कि हत्याकांड के बाद से ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानून व्यवस्था की मॉनिटरिंग शुरू कर दी थी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ खुद पूरी रात जागकर कानून व्यवस्था की स्थिति की पल-पल की जानकारी लेते रहे। इससे पहले उन्होंने अपने आवास पर गृह विभाग, डीजीपी और डीजी स्पेशल को तलब कर कानून व्यवस्था को लेकर हाई लेवल मीटिंग की, जिसके बाद ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### जिगाना पिस्टल शूटर्स को कैसे मिली?



**नई दिल्ली।** अतीक अहमद और अशरफ हत्याकांड दसियों कैमरों पर कई एंगल से कैद हुआ। महज 40 सेकेंड और 18 राउंड फायरिंग के बाद मौके पर पुलिस के सामने थीं अतीक और अशरफ की लाशें, तीन शूटर्स और उनकी बंदूकें। इस हत्याकांड में यूज की गई इन बंदूकों को लेकर अब नई ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अतीक अहमद को कुल 8 गोलियां मारी गईं

**पोस्टमार्टम** रिपोर्ट के अनुसार, माफिया अतीक अहमद और अशरफ पर कुल 18 राउंड गोलियां चली थीं। अतीक को कुल 8 गोलियां मारी गई थीं जबकि अशरफ को 5 गोलियां लगी थीं। अतीक को एक गोली सिर में, एक गर्दन में, एक छाती में, एक कमर में लगी थीं और चार गोलियां आर-पार हो गईं थीं। उधर, अशरफ को एक गोली गले में, एक बीच पीठ ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



▸▸ दोनों नाबालिग बेटे अहजम, अबान और दोनों बेटियां भी कब्रिस्तान में रहे मौजूद

▸▸ कसारी-मसारी कब्रिस्तान में दफनाए गए अतीक अहमद और अशरफ अहमद

### राजनीति चालू है

**माफिया** ब्रदर्स की हत्या पर सियासत चालू है। इसे अलग रंग देने की भी कोशिश हो रही है। समाजवादी पार्टी के राज्यसभा सदस्य प्रो. रामगोपाल यादव ने कहा कि अतीक और अशरफ की सुनियोजित साजिश के तहत हत्या की गई है। प्रदेश में लॉ एंड ऑर्डर है ही नहीं। उधर, राज्य सरकार में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि जब जुल्म की इंतेहा हो जाती है, तब कुछ फैसले आसमान से होते



हैं। मुझे लगता है, यह आसमानी फैसला है। भाजपा नेता और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने कहा कि अतीक अहमद समाजवादी पार्टी का कुछ राज खोलने वाला था। अब यह जांच हो रही है कि उसकी हत्या किसने करवाई। इस बीच कांग्रेस (यूपी) महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सियासी मकसद से कानून के राज से खिलवाड़ करना लोकतंत्र के लिए सही नहीं है। प्रियंका ने ट्वीट किया कि देश का कानून संविधान में लिखा गया है और यह कानून सर्वोपरि है। ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### अतीक की हत्या : ओवैसी ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग की

**एजेंसी। हैदराबाद**



एआईएमआईएम अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने रविवार को सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश में पूर्व सांसद अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ की हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लेने और एक जांच दल गठित करने की अपील की। हैदराबाद के सांसद ने कहा कि निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए उत्तर प्रदेश के अधिकारियों को जांच दल का हिस्सा नहीं होना चाहिए। ओवैसी ने रविवार को मीडियाकर्मियों से कहा कि हत्यारों को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### गृह मंत्रालय तैयार करेगा एसओपी

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के बाद केंद्र सरकार अलर्ट मोड में है। पुलिस कस्टडी के बीच अतीक अहमद पर हमला करने वाले तीनों युवक मीडियाकर्मी बनकर भीड़ में शामिल हुए थे। ऐसे में अब पत्रकारों की सुरक्षा के लिए गृह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

### योगी सरकार ने गृह मंत्रालय को सौंपी रिपोर्ट

माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की हत्या के बाद केंद्र सरकार एक्शन मोड पर आ गई है। देर रात गृह मंत्रालय की ओर से मामले में रिपोर्ट तलब की गई थी। सूत्रों के मुताबिक, अब उत्तर प्रदेश सरकार ने गृह ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## चार इनामी नक्सलियों ने एक साथ किया सरेंडर



**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

नक्सल प्रभावित क्षेत्र में पुलिस के समक्ष चार इनामी नक्सलियों ने एक साथ सरेंडर किया है। सरेंडर करने वाले नक्सलियों में पांच लाख इनामी शीर्ष जोनल कमांडर बिहार के गया जिला निवासी अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव, पांच लाख का इनामी पलामू जिले के नौडीहाबाजार थाना क्षेत्र के करकट्ठा निवासी संतोष भुइयां, पांच लाख का इनामी चतरा जिले के राजपुर थाना क्षेत्र निवासी सहदेव यादव और नीरु का नाम शामिल है। बीते साल 22 दिसंबर को चतरा पुलिस ने अमरजीत यादव उर्फ लखन यादव और संतोष भुइयां की संपत्ति कुर्क की थी। गया जिले में स्थित नकटिया में अमरजीत यादव की संपत्ति हंटरगंज थाना में दर्ज मामले में कुर्क की गई थी। वहीं संतोष भुइयां हंटरगंज थाना में दर्ज एक मामले में फरार चल रहा था। नवम्बर 2022 में अमरजीत यादव के घर को पुलिस ने ध्वस्त कर दिया था। राजपुर थाना में दर्ज मामले में वांछित था। उल्लेखनीय है कि तीन अप्रैल को चतरा जिले के लावालौंग थाना ग्रहे वन क्षेत्र में पुलिस और माओवादी उग्रवादियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई थी, जिसमें स्पेशल एरिया कमेटी सदस्य 25 लाख का इनामी उग्रवादी गौतम पासवान उर्फ प्रवेश पासवान व अजीत उरांव उर्फ चार्लीस उरांव, पांच लाख का इनामी सब जोनल कमांडर नंदू यादव, अमर गंझू एवं संजीत भुइयां मारे गए थे। वहीं मुठभेड़ के दो दिन बाद सब जोनल कमांडर पांच लाख के इनामी नक्सली नंदकिशोर यादव उर्फ ननकुरिया को पलामू पुलिस ने गिरफ्तार किया था। नंदकिशोर यादव मुठभेड़ में गोली लगने के बाद भागकर इलाज करा रहा था।

### सिमडेगा : पीएलएफआई उग्रवादियों ने जेसीबी को किया आग के हवाले

**कोलेबिरा।** सिमडेगा में उग्रवादी फिर से अपना पैर जमाने की कोशिस करते हुए सड़क निर्माण कार्य स्थल पर ताडंव मचाते हुए बीती रात आगजनी की घटना को अंजाम दिया। बताया गया कोलेबिरा थाना क्षेत्र के डुमरडीह गांव में पीडब्लुडी विभाग द्वारा कराए जा रहे सड़क निर्माण साइट पर अहले सुबह प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन पीएलएफआई के दस्ते ने हमला करते हुए कंस्ट्रक्शन कंपनी की एक पोकलेन को आग के हवाले कर दिया। घटना की जिम्मेदारी लेते हुए पीएलएफआई के उग्रवादी विकास टाइगर ने घटनास्थल पर एक पर्चा भी छोड़ा है। जिसमें लिखा है कि संगठन को नजर अंदाज करने का परिणाम इससे विकराल होगा। यह तो एक टेलर था। इस पर्चे के मतलब साफ है कि पीएलएफआई उग्रवादी संगठन लेवी की मांग को लेकर इस घटना को अंजाम दी है। बता दें कि यहां सड़क निर्माण का कार्य छतीसगढ़ के जशपुर की विनोद जैन नामक कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा कराया जा रहा है।

## सीएम आवास व सचिवालय के 200 मीटर में धारा 144 लागू

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छात्र संगठनों की ओर से आज 60:40 नियोजन नीति के विरोध और 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति को लेकर मुख्यमंत्री आवास और सचिवालय के घेराव की घोषणा की गई है। घेराव कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासन ने दोनों जगहों के आसपास धारा 144 लगा दी गई है। इन दोनों जगहों पर कल सुबह आठ बजे से रात 11:30 बजे तक धारा 144 लागू रहेगी, जिसके तहत 200 मीटर के दायरे में कोई संगठन जुलूस और शक्ति प्रदर्शन नहीं कर सकेंगे। इसके तहत सीएम आवास एवं सचिवालय के 200 मीटर की परिधि में किसी तरह के जुलूस, रैली, प्रदर्शन, घेराव आदि आयोजित नहीं किये जा सकेंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार सभी छात्र मोरहाबादी मैदान में जुटेंगे और फिर वहां से मुख्यमंत्री आवास घेराव के लिए निकलेंगे।

#### ये है पाबंदियां

- ▸▸ इस क्षेत्र में पांच या पांच से अधिक व्यक्तियों का एक जगह जमा होना या चलना।
- ▸▸ किसी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र, जैसे- बंदूक, राईफल, रिवाल्वर, पिस्टल, बम, बारूद आदि लेकर निकलना या चलना।
- ▸▸ किसी प्रकार का हरवे-हथियार जैसे लाठी-डंडा, तीर-धनुष, गड़ासा-भाला आदि लेकर निकलना या चलना।
- ▸▸ किसी प्रकार का धरना प्रदर्शन, घेराव, जुलूस, रैली या आमसभा का आयोजन करना। किसी प्रकार का ध्वनि विस्तारक यंत्र का व्यवहार करना।

#### 72 घंटे का आंदोलन

**झारखंड** स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन प्रमुख देवेंद्रनाथ महतो ने बताया कि छात्रों का यह आंदोलन 72 घंटे का होगा। तय कार्यक्रम के अनुसार सोमवार को मुख्यमंत्री आवास का घेराव किया जाएगा। वहीं 18 अप्रैल को बंद की पूर्व संध्या पर मशाल जुलूस निकाला जाएगा। 19 अप्रैल को झारखंड बंद किया जाएगा। इस दिन राज्य भर के युवा सड़क पर उतरेंगे और राज्य सरकार की पॉलिसी का विरोध करेंगे। देवेंद्रनाथ ने कहा कि राज्य सरकार ने नियुक्ति के लिए जो नीति बनायी है, वह राज्य के छात्र हित में नहीं है। उनका कहना है कि अगर इस नीति के अनुसार नियुक्तियां हुई तो राज्य के युवाओं की नियुक्ति में सेंधमारी हो जाएगी। राज्य सरकार को ऐसी नियोजन नीति बनानी चाहिए जो यहां के युवाओं को नौकरी सुनिश्चित कर सके। नियोजन नीति के विरोध को लेकर युवाओं ने पहले भी आंदोलन किया है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र में भी आंदोलन किया था। इसके बाद बजट सत्र के दौरान भी आंदोलन किया।

### टाइम के 100 पावरफुल लोगों में शाहरूख, राजामौली और रुश्दी भी

**वाशिंगटन।** वर्ल्ड फेमस टाइम मैग्जीन ने दुनिया की 100 प्रभावशाली हस्तियों की सूची जारी की है। इस सूची में कई भारतीयों के नाम भी शामिल किए गए हैं। फिल्ममेकर एसएस राजामौली, जिन्होंने हाल में ही फिल्म 'आर आर आर' के गाने के लिए ऑस्कर जीता था, उन्हें अब टाइम ने विश्व स्तर पर एक प्रभावशाली हस्ती माना है। टाइम की वेबसाइट पर बताया गया कि उसके द्वारा साल 2023 के लिए तैयार की गई दुनिया की 100 प्रभावशाली हस्तियों की सूची में जलवायु परिवर्तन, हेल्थ, लोकतंत्र, न्याय और समानता सहित विभिन्न क्षेत्रों में असाधारण काम करने वाले लोगों को जगह मिली है। अगर, ऐसे लोगों में भारत के लोगों के नाम लिए जाएं तो भारतीय मूल के लेखक सलमान रूश्दी और बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान भी 'मोस्ट इन्फ्लुएंस प्यूपिल' में शामिल किए गए हैं।

**आरोप** चुनाव आयुक्त बनाने के फैसले के विरुद्ध जनहित याचिका दायर

## गोयल को लेकर कोर्ट में याचिका

### गोयल 'यस मैन' हैं, इसलिए संविधान के आर्टिकल 14, 324 (2) का उल्लंघन कर चुनाव आयुक्त नियुक्त किया गया

**ब्यूरो। नई दिल्ली**

एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफाम (एडीआर) ने अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त बनाने के फैसले के विरुद्ध एक जनहित याचिका दायर कर मांग की है कि उनको तत्काल इस पद से हटाया जाए। इस संस्था ने सर्वोच्च न्यायालय के वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण के मार्फत दायर याचिका में कहा है कि सरकार ने केवल इस वजह से अरुण गोयल को चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है, क्योंकि वो 'यस मैन' हैं। इसके अलावा उनके पास ऐसी कोई योग्यता नहीं है जो दूसरे अफसरों के पास नहीं हो।याचिका में कहा गया है कि सरकार ने गोयल की नियुक्ति पर



दलील दी है कि चार अफसरों के पैनल में वो सबसे युवा हैं। लंबे समय तक अपनी जिम्मेदारी को निभा सकते हैं। लेकिन अरुण गोयल जिस 1985 के बैच के हैं उसमें 160 अफसर हैं। इनमें से कई गोयल से कम उम्र के हैं। फिर उन अफसरों के नाम पर विचार क्यों नहीं किया गया। वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण का कहना है कि सरकार को नहीं लगता कि दूसरा कोई अफसर उसकी हां में हां उस तरह से मिलाएगा जैसे अरुण गोयल कर सकते हैं। याचिका में अपील की गई है कि गोयल की नियुक्ति रद्द किया जाए। याचिका में है कि गोयल की नियुक्ति संविधान के आर्टिकल 14, 324 (2) का उल्लंघन है। सरकार ने चुनाव आयुक्त की नियुक्ति के नियम अपने हिसाब से तैयार किए हैं। इसका सीधा उद्देश्य अपने मनमाफिक अफसरों को नियुक्त करना है। लेकिन ये संविधान के आर्टिकल 14, 324 (2) का उल्लंघन है। प्रशांत भूषण ने इससे पहले भी चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में पारदर्शिता को लेकर याचिका दायर की थी। लेकिन याचिका पर सुनवाई से पहले ही अरुण गोयल चुनाव आयुक्त बन गए।

मालूम हो कि अरुण गोयल पंजाब कैडर के एक पूर्व आईएएस हैं। उन्होंने नवंबर 2022 में चुनाव आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त सुशील चंद्रा के मई 2022 में सेवानिवृत्त होने के बाद से यह पद खाली था। अरुण गोयल ने चुनाव आयुक्त बनने के लिए वीआरएस (स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति) ली थी। बतौर आईएएस रिटायर होने से पहले वो भारी उद्योग सचिव के रूप में कार्यरत थे। उन्होंने केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय में भी काम किया था। चुनाव आयुक्त और मुख्य चुनाव आयुक्त का पद छह वर्ष के लिए होता है। लेकिन यदि अफसर छह साल से पहले ही 65 के उम्र का हो जाए तो भी उसे सेवानिवृत कर दिया जाता है। कम उम्र के होने के कारण अरुण गोयल मुख्य चुनाव आयुक्त भी बन सकते हैं। अभी राजीव कुमार मुख्य चुनाव आयुक्त हैं, जो फरवरी 2025 में सेवानिवृत होंगे।

## बीजेपी 40 प्रतिशत कमीशन खाती है: राहुल



**एजेंसी। कोलार (कर्नाटक)**

कर्नाटक विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए सभी पार्टियां अपना-अपना जोर लगा रही हैं। ऐसे में रविवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कोलार में चुनावी रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने एक बार फिर अडानी मामले पर सरकार को जमकर घेरते हुए सवाल पूछा कि प्रधानमंत्री यह 20,000 करोड़ रुपए अडानी की शेल कंपनी में किसके हैं?

#### अडानी की शेल कंपनी में चीन का डायरेक्टर है

राहुल गांधी ने अडानी मामले को लेकर सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि अडानी की डिफेंस इंन्फ्रास्ट्रक्चर की कंपनी में चीन का डायरेक्टर बैठा है। अडानी की शेल कंपनी में चीन का डायरेक्टर है। इसमें कोई जांच नहीं हो रही है। इसके बाद वह ध्यान भटकाने की बात करते हैं। मैंने संसद में पूछा कि अडानी की शेल कंपनी में 20,000 करोड़ रुपए किसके हैं? उसके बाद भारत के इतिहास में पहली बार ऐसा हुआ कि सरकार ने संसद नहीं चलने दी।

# झारखंड में बहू-बेटियां भी सुरक्षित नहीं : चौबे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय खाद्य आपूर्ति, वन-पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री अश्विनी चौबे ने कहा कि जब से केन्द्र की मोदी सरकार में भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसी है, यह सभी ठग बंधन के बहाने एक मंच पर आ रहे हैं लेकिन 2024 में एक बार फिर से नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बनने जा रही है। केंद्रीय मंत्री दो दिवसीय झारखंड प्रवास पर रविवार को रांची पहुंचे। प्रदेश भाजपा कार्यालय में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा प्रदेश इकाई ने लगातार सड़क से सदन तक राज्य की गठबंधन सरकार की वादाखिलाफी जनविरोधी नीतियों को उजागर करते हुए बड़े आंदोलन किए हैं क्योंकि यहां की सरकार अपने वायदों को पूरा करने में सबसे अक्षम साबित हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य की सरकार आदिवासी, दलित पिछड़ा युवा महिला एवं किसान विरोधी साबित हुई है और इस सरकार को बने रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में कोविड-19 के दौरान 41.03 लाख मैट्रिक टन अनाज केंद्र की ओर से राज्य की जनता के बीच वितरण किया गया है, जिसका सीधा लाभ 58.41 लाख जनता को प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि बिचौलियों एवं फर्जी किसानों से खरीद बंद करने के लिए सूचना एवं प्रौद्योगिकी की मदद से किसानों से सीधे खरीद की जा रही है एवं उनके खाते में डीबीटी के माध्यम से पैसे भेजे जा रहे हैं, ताकि इस समर्थन मूल्य का लाभ किसानों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को और सशक्त बनाने के लिए एक देश एक राशन कार्ड योजना पर भी तेजी से काम किया जा रहा है, जिससे कोई भी व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में अपने हक से वंचित ना हो।




चौबे ने कहा कि वर्तमान में भारत सरकार ने वन नेशन वन राशन कार्ड के सिद्धांत को भी पूर्ण रूप से लागू कर दिया है, जिसके तहत झारखंड के प्रवासी मजदूर भाइयों को भी बहुत सहायता मिल रही है एवं इसके तहत वे देश के किसी भी कोने में राशन की दुकान से निर्धारित मात्रा में खाद्यान्न का उठाव कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि यह आधार से लिंक है ऑफिस में अंगूठे के निशान के माध्यम से खाद्यान्न का उठाव किया जाता है, जिससे हमारे गरीब झारखंड के लोगों को बहुत फायदा मिल रहा है। उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा को प्रबल करने के लिए झारखंड राज्य में भारतीय खाद्य निगम की भंडारण क्षमता 2015 में जो लगभग 2.32 लाख मेट्रिक टन थी जो अब बढ़कर 2022- 23 में 3.96 लाख मैट्रिक टन हो गई है। उन्होंने कहा कि जहां झारखंड में पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन से संबंधित कार्यों को भी जमीनी स्तर पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों की तुलना में झारखंड में हाथी और मानवों के बीच संघर्ष का आंकड़ा बीस गुना ज्यादा है। राज्य सरकार को इस दिशा में ध्यान देना चाहिये और कदम उठाने चाहिये।

## झारखंड के आज और कल दोनों को बर्बाद कर रही है सरकार

**रांची।** पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू अध्यक्ष सुदेश महतो ने कहा कि झारखंड के आज और कल दोनों को सरकार बर्बाद कर रही है। आम जनमानस की संभावनाओं, आकांक्षाओं को हकीकत में बदलने की चुनौती तथा राज्य की वर्तमान राजनीतिक परिस्थितियों का आंकलन करते हुए हम दूरगामी सोच के साथ आगे बढ़ रहे हैं। राज्य के अभाव को नेतृत्व देने की एक बड़ी जिम्मेदारी हम सभी पर है। मौजूदा सरकार सवा तीन वर्षों से सिर्फ बातें कर रही है। राज्य में साढ़े तीन लाख से अधिक पद रिक्त हैं, जिसमें दो लाख के करीब शिक्षकों के पद हैं। इससे राज्य की शिक्षा व्यवस्था तथा सरकार की मानसिकता का आंकलन आसानी के साथ किया जा सकता है। महतो रांची के हरमू स्थित आजसू केंद्रीय कार्यालय में आयोजित मिलन समारोह के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विधि विभाग के स्पष्ट मंतव्य के बावजूद सरकार ने स्थानीय नीति और आरक्षण के मुद्दे का राजनीतिकरण कर दिया।

## रवि प्रकाश की तस्वीरों की प्रदर्शनी

**नवीन मेल संवाददातपा। रांची**

रांची प्रेस क्लब में जाने-माने पत्रकार और कैंसर को मात दे चुके रवि प्रकाश के द्वारा ली गई तस्वीरों की प्रदर्शनी रविवार से शुरू हो गई है। 3 दिनों तक चलने वाले इस फोटो प्रदर्शनी के उद्घाटन के अवसर पर सांसद संजय सेठ और रवि प्रकाश समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। रांची प्रेस क्लब में रवि प्रकाश की ओर से ली गई वैसे तस्वीरों की प्रदर्शनी लगाई गई है जिन तस्वीरों को उन्होंने इलाज के दौरान जगह जगह पर घूमने के समय ली थी। खास बात यह है कि सभी तस्वीरें रवि प्रकाश ने अपने मोबाइल फोन के कैमरे से ली है। रवि प्रकाश ने बताया कि कैंसर के इलाज के दौरान उन्हें केंद्र और राज्य सरकार दोनों का भरपूर सहयोग मिला। उन्होंने बताया कि प्रेस इनफॉरमेशन ब्यूरो यानी पीआईबी के माध्यम से कैंसर के इलाज के लिए उन्हें केंद्र सरकार से सहयोग राशि प्राप्त हुई।मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी योजना के तहत राज्य सरकार का उन्हें सहयोग मिला।




इस मौके पर रांची के सांसद संजय सेठ ने कहा की कैंसर पीड़ित पत्रकार रवि प्रकाश, क्रिकेटर युवराज सिंह और फिल्मी हस्ती मनीषा कोइराला के ब्लॉग को वे पढ़ते रहे हैं। सांसद ने कहा कि इन तीनों हस्तियों ने बताया कि कैसे कैंसर से लड़ा जाता है ना कि हारा जाता है। आज यह तीनों व्यक्ति अपनी दमदार उपस्थिति जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैविक खेती को अपनाकर धरती के साथ लोगों को कई तरह की बीमारियों से बचाया जा सकता है।

# गर्मी का मौसम आते राजधानी में जल संकट गहराया, परेशानी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

गर्मी का मौसम आते ही राजधानी में जल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में राजधानी वासियों के सामने होती है। अप्रैल महीना आते ही राजधानी के विभिन्न वार्डों में पानी का लेवल नीचे जाने लगता है। खास करके उन वार्डों में पानी की समस्या सबसे ज्यादा होती है, जो वार्ड ड्राई जोन की श्रेणी में आते हैं। ड्राई जोन की श्रेणी में सबसे पहले वार्ड 34 का नाम आता है। जहां पर पानी के लिए लोगों को सुबह से ही खासा संघर्ष करना पड़ता है। ईटीवी भारत की पड़ताल में स्थानीय पार्षद ने रांची नगर निगम पर जल संकट को लेकर गंभीर आरोप लगाए। पार्षद विनोद कुमार सिंह से कहा कि बताया कि वार्ड 34 में जल संकट की समस्या अप्रैल महीने के शुरूआत दिनों से ही शुरू हो जाती है। अप्रैल, मई और जून के महीने में वार्ड के लोगों को पानी मुहैया कराना निगम के लिए एक बड़ी चुनौती बन जाती है। रांची नगर निगम पहले से पानी की सुविधा मुहैया कराने को लेकर शिथिल रहती है। गर्मी आते ही रेस हो जाती है। निगम के इस प्रयास से पानी की सुविधा लोगों तक ठीक वैसे ही पहुंचती है, जैसे कोई भोज के दिन कोहड़ा रोप कर खिलाने का दावा करे। नगर प्रशासन सोई हुई है। कहा कि इसके लिए स्थानीय वार्ड की जनता के साथ प्रशासन का घेराव करेंगे।




## योजना बना रहे तीन अपराधी हथियार के साथ गिरफ्तार

**रांची।** कांके थाना पुलिस ने डकैती की योजना बना रहे तीन अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों में अमृत टोप्पो, सावन टोप्पो और अनुज टोप्पो शामिल है। इनके पास से एक देशी पिस्टल, दो जिंदा गोली, दो मैगजीन, तीन मोबाइल और एक महिंद्रा थार वाहन बरामद किया है। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रिंग रोड में लॉ कॉलेज से आगे दाहिने तरफ इंस्टीच्यूट ऑफ साइंस (आईएचएस) के पास एक काले रंग के महिन्द्रा थार गाडी में चार-पांच व्यक्ति हथियार से लैश होकर डकैती की योजना बना रहे हैं। एसपी ने बताया कि सूचना के बाद थाना प्रभारी कांके आभास कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर तीन अपराधी को गिरफ्तार किया।

### इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी का किया गया आयोजन

# निदेशक ने सभी खिलाड़ियों को बेल्ट और प्रमाण पत्र प्रदान किया

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा) के तत्वाधान में रविवार को बहूबाजार के बसर टोली स्थित इमा कराटे स्टूडियो में बेल्ट सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें पिछले दिनों ग्रेडिंग में सफल रहे येलो से ब्लैक बेल्ट तीसरी डान तक के संत जोसेफ क्लब एवं इमा कराटे स्टूडियो के खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी के तकनीकी निदेशक रेंसी सुनील किस्पोट्टा ने सभी खिलाड़ियों को बेल्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान किया। उन्होंने सफल खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि किसी भी सफलता को पाने के लिए लक्ष्य का निर्धारण जरूरी है। तभी उसे प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर इमा के अध्यक्ष अनिल किस्पोट्टा, राकेश तिर्की, पीटर कच्छप, रवि कुमार सिंह, देवंती कुमारी, अभिभावक गण एवं कई खेल प्रेमी उपस्थित थे।



**इन खिलाड़ियों को मिला बेल्ट एवं प्रमाण पत्र :** येलो बेल्ट-दीपांशु माला, अभिजीत बनर्जी, शिव कुमार, मिस्टी कुमारी अदित राज, ऑरेंज बेल्ट-बिवान दास, रौशिका, अंकिता कुमारी, रोहित कुमार, ग्रीन बेल्ट-अनुष्का, तृषा, दक्षिणी, ब्लू बेल्ट-पीहू लकड़ा, शाइनी शेमोना टोप्पो, अनुष्का, अकिरा बड़ा, आन्य तिग्गा, सुनिधि, एंजेल एक्का, रंथु उरांव, अनिमेष अग्रवाल, पर्पल बेल्ट-काजल कुजुर, अभिनव, सुजय तिग्गा, ब्राउन बेल्ट- आदित्य प्रोभो, विष्णु, मोनालिसा भगत, कृतिका कुमारी, ब्लैक बेल्ट तीसरी डॉन झ अद्रिया, विष्णु।

# कई वकील और बुद्धिजीवियों ने आजसू पार्टी का दामन थामा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड उच्च न्यायालय और अलग अलग जिला एवं सत्र न्यायालय में प्रैक्टिस करनेवाले ढाई दर्जन से अधिक अधिवक्ता, अलग-अलग विभाग से सेवानिवृत अधिकारी और बुद्धिजीवियों ने रविवार को आजसू पार्टी का दामन थाम लिया है। आजसू पार्टी के हरमू स्थित केंद्रीय कार्यालय में पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने पार्टी में शामिल हुए अधिवक्ताओं और बुद्धिजीवियों को पार्टी में शामिल कराया और कहा कि उनके पार्टी में शामिल होने से पार्टी को न सिर्फ मजबूती मिलेगी बल्कि वैचारिक क्रांति को भी बल मिलेगा। झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री और आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने मिलन समारोह के बाद मीडिया के पूछे सवाल पर कहा कि प्रयागराज में जो घटना कल घटी है, वह विधि व्यवस्था की चूक है। उन्होंने कहा कि हिस्ट्रीशीटेड लोगों के लिए न्यायालय है, विधि है और संविधान हैं। अगर उसी के अंदर में कोई सुरक्षित नहीं है तो यह ठीक नहीं है। सुदेश महतो ने कहा कि मैंने देखा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना को संज्ञान में लिया है और अतीक अहमद की सुरक्षा में लगे लोगों को सस्पेंड कर दिया है तथा पूरे घटनाक्रम की आगे भी न्यायिक जांच कराने की बात कही है। सुदेश महतो ने कहा कि भारत लोकतांत्रिक देश है, इसलिए इस तरह की घटना का महत्व बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को यह देखने की जरूरत है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया में कोई चूक नहीं हो और अपराध के लिए सजा देने, न्याय देने का काम अदालत का है। 17 से 19 अप्रैल तक नियोजन नीति के खिलाफ छात्रों के तीन दिवसीय आंदोलन पर प्रतिक्रिया देते हुए सुदेश महतो ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार के खिलाफ लगातार आंदोलन चलेगा।



## अफोर्डेबल हाउसिंग की योजना को अधिकारी गति दें : चौबे

**रांची।** नगर विकास सचिव विनय कुमार चौबे ने रविवार को कहा कि राज्य में पीपीपी मोड पर चल रही योजनाओं और अफोर्डेबल हाउसिंग की योजना को अधिकारी गति दें। सचिव ने सभी नगर निकायों को निर्देश दिया कि अफोर्डेबल हाउसिंग के तहत लाभुकों का शेयर नही मिलने के कारण लाभुक घर नहीं ले पा रहे हैं, इसलिए आप बैंक के साथ बातकर कैंप लगाकर लोन उपलब्ध कराइए। उन्होंने यह भी कहा कि निजी भागीदारी में बन रहे आवासों के निर्माण में राशि भुगतान में विलंब नही होनी चाहिए। वहीं, नगरीय प्रशासन निदेशालय के निदेशक आदित्य आनंद ने सभी निकायों को निर्देश दिया कि लाभुकों को समय पर भुगतान करेंगे तो वो समय रहते उस घर का निर्माण कर पाएंगे। उन्होंने स्वीकृत योजनाओं के विरुद्ध अब तक हुए प्रगति पर नाराजगी जतायी।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ के लिए किया गया भूमि पूजन

**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**

गायत्री परिवार द्वारा 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम के लिए रविवार को महादानी मंदिर मैदान में भूमि पूजन किया गया। इस दौरान गणमान्य लोग एवं गायत्री परिवार के सदस्य उपस्थित थे।गायत्री परिवार के सदस्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। ज्ञात हो कि युवकों की भूमिका को गति देने के लिए धर्मतंत्र से लोक शिक्षण के जरिए आगे बढ़ने हेतु इस महायज्ञ को अखिल विश्व वेदमाता गायत्री ट्रस्ट शांति कुंज हरिद्वार द्वारा कराया जा रहा है। यज्ञ में सामूहिक रूप से विभिन्न संस्कार यथा पुंसवन, नामकरण, अन्नप्रासन, मुंडन, यज्ञोपवीत, गुरु दीक्षा इत्यादि निश्पाद गायत्री साधकों द्वारा निश्शुल्क संपन्न कराया जाएगा। समाज में व्याप्त कुरीतियों के उन्मूलन एवं उचित जीवन मूल्यों को अपनाने हेतु सायंकाल में युग संगीत के माध्यम से प्रवचन किया जाएगा। वही आगामी 26 से 29 अप्रैल तक आहूत चार दिवसीय 24 कुंडीय नव चेतना जागरण गायत्री महायज्ञ के पहले दिन 26 अप्रैल को कलशयात्रा, संध्या में युग गायन एवं युग संदेश, दूसरे दिन 27 अप्रैल को देवपूजन गायत्री महायज्ञ, विभिन्न संस्कार तीसरे दिन 28 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ विभिन्न संस्कार चौथे दिन 29 अप्रैल को गायत्री महायज्ञ संस्कार तथा पूणार्हुति एवं टोलियों को भावभीनी विदाई दी जाएगी। महायज्ञ को सफल बनाने में फौजदार पांडेय, राजेश्वर सिंह, रमेश प्रसाद गुप्ता, मनोज बड़ाईक सहित ग्रामवासी लगे हुए है।



## मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर में 72 रोगियों का हुआ मुफ्त इलाज

**रांची।** श्री सर्वेश्वरी समूह की ओर से रविवार को औघड़ भगवान राम आश्रम में मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 72 रोगियों को इलाज के साथ मुफ्त में दवाएं दी गयीं। रांची में आयोजित मिर्गी रोग चिकित्सा शिविर का यह सातवां चरण था। वैद्य रणजीत कुमार सिंह के नेतृत्व में रांची के अलावा गढ़वा, धनबाद, आरा, सासाराम आदि क्षेत्रों से आये रोगियों की जांच की गयी। रोगियों और उनके परिजनों के ठहरने और भोजन की व्यवस्था की गई थी। मौके पर शिविर में समूह शाखा के तरफ से राधेश्याम सिंह,अभय सहाय, नवीन कुमार, हेमन्त नाथ शाहदेव, आशुतोष कुमार, समरेन्द्र सिंह, प्रशान्त सिन्हा, धर्मेन्द्र सिंह, सौरभ कुमार, ऋषभ सिंह उपस्थित थे।

**चुनावी जंग** | **अभी कांग्रेस को यह लड़ाई आगे भी जारी रखनी होगी**

# चुनाव गांधी-गोडसे की विचारधारा के बीच होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

प्रदेश कांग्रेस के 13 दिवसीय जय भारत सत्याग्रह का समापन रविवार को हो गया। रांची जिला एवं महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से पुराना विधानसभा मैदान पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने हिस्सा लिया। कांग्रेस में राहुल गांधी को सूरत कोर्ट ने एक मानहानि मामले में दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद उनकी लोकसभा की सदस्यता रद्द करने पार्टी में रोष है। कांग्रेस ने देशभर में इसके खिलाफ सत्याग्रह किया। इस मौके पर कांग्रेस के झारखंड प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि इस सत्याग्रह का समापन हो रहा है। मगर यह केवल पड़ाव है। कांग्रेस को यह लड़ाई जारी रखनी होगी। क्योंकि यह लड़ाई राहुल गांधी या कांग्रेस की नहीं है। यह लड़ाई गांधी और गोड्से की विचारधारा से है। वर्ष 2024 का चुनाव भी इसी दो विचारधाराओं को लेकर होगा। यह दूसरी स्वतंत्रता की लड़ाई होगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी शुरू से ही मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध करते रहे हैं। कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। पांडे ने कहा कि संविधान को ताख पर रखकर देश में अघोषित आपातकाल का माहौल बना दिया गया है। इसे देश की जनता और पार्टी के कार्यकर्ता कभी सहन नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को टारगेट किया जा रहा है, जिस प्रकार से लोकतंत्र की हत्या की जा रही है, इसे देश में तानाशाही नजरिये से महसूस कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही कांग्रेस काल में खड़ी गयी परिसंपत्ति को गिरवी रखना, बेचने का काम शुरू कर दिया गया। देश की जनता का पैसा अपने बिजनेस पार्टनरों, उद्योगपतियों को देने काम किया गया। जिस कांग्रेस ने अंग्रेजी शासन जैसे तानाशाह शासन का अंत कराया, राजतंत्र का अंत कराया, वही मोदी आज फिर देश में राजतंत्र और तानाशाही को स्थापित करना चाहते हैं, इसे कांग्रेस कभी स्वीकार नहीं करेगी। प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद गीता कोड़ा, मंत्री आलमगीर आलम, बन्ना गुप्ता, विधायक प्रदीप यादव, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, विधायक शिल्पी नेहा तिर्की, विधायक राजेश कच्छप, पूर्व विधायक बंधू तिकी, कुमार राजा, गुंजन सिंह, सुरेश बैठा, राकेश किरण महतो ने सभा को संबोधित किया।



## नेत्र जांच शिविर में डेढ़ सौ मरीजों की आंखों की हुई जांच

**रांची।** । खूंटी क्लब की ओर से अपने सामाजिक दायित्व का निर्वाहन करते हुए रांची के प्रसिद्ध श्री गणेश आई हॉस्पिटल के सहयोग से रविवार को क्लब सभागार में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में शहर के डेढ़ सौ से अधिक लोगो ने आंखो की जांच कराई। इससे पूर्व शिविर का उदघाटन जिले के एसपी अमन कुमार एवं डॉ अमित जायसवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। मौके पर मुख्य अतिथि एसपी अमन कुमार ने क्लब के कार्यो की सरहाना करते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन से किसी भी संस्था का समाज के प्रति समर्पण का भाव झलकता है। निःसंदेह खूंटी क्लब अपने उदेश्यों को आगे बढ़ाता रहे, यही हम सब कामना करते है। एसपी ने कहा की सामाजिक कार्यो में जिला पुलिस भी सहयोग को तैयार है।

# इफ्तार पार्टी में शामिल हुए सीएम और कांग्रेस प्रभारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड कांग्रेस प्रभारी अविनाश पांडेय रविवार को क्लब रोड स्थित मिलन पैलेस में आयोजित दावत-ए-इफ्तार में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने सभी रोजेदारों को रजमान महीने की बधाई दी। इस मौके पर हेमंत सोरेन समेत सभी आगंतुकों ने राज्य की उन्नति, आपसी भाईचारा, प्रेम -सद्भाव और अमन- चैन की दुआ मांगी। दावत- ए -इफ्तार में मंत्री आलमगीर आलम, बादल, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष, विधायक प्रदीप कुमार यादव, कुमार जय मंगल और शिल्पी नेहा तिर्की समेत कई पूर्व मंत्री, पूर्व विधायक और नेता शामिल हुए।

### रांची विवि का 36वां दीक्षांत समारोह दो मई को

# 77 विद्यार्थियों को मिलेगा गोल्ड मेडल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
रांची विश्वविद्यालय का 36वां दीक्षांत समारोह का आयोजन दो मई को होगा, जहां राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में कुल 77 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल दिये जाएंगे, जिनमें 51 विषयवार मेडल शामिल हैं। 13 मेडल बेस्ट और ओवरऑल टॉपर के लिए होंगे। वहीं, 13 मेडल व्यक्ति विशेष के नाम पर होंगे। दीक्षांत समारोह में इस बार ओवरऑल बेस्ट मास्टर डिग्री (जेनरल कोर्स) का अवार्ड डोरंडा कॉलेज की जयश्री महतो व ओवरऑल बेस्ट ग्रेजुएट (जेनरल कोर्स) का अवार्ड निर्मला कॉलेज की सोनी कुमारी को मिलेगा। कुल 77 में 50 गोल्ड मेडल छात्राओं को मिलेंगे। इस सत्र में रांची वीमेंस कॉलेज, मारवाड़ी कॉलेज और संत जेवियर्स कॉलेज, ऑटोनोमस का दर्जा रहने के कारण शामिल नहीं हैं। जयश्री महतो (मास्टर डिग्री), प्रतीक कुमार सिंह (प्रोफेशनल कोर्स), कुमार निशांत (मेडिसीन सर्जरी), सोनी कुमारी (जेनरल कोर्स, प्रोफेशनल कोर्स व साइंस), निशा कुमारी (सोशल साइंस), शिवांगी आर्या (ह्यूमिनिटिज), रूपा कुमारी (कॉमर्स), अभिप्रीत भट्टाचार्या (एमबीबीएस), दिव्या जायसवाल (लॉ), अंजलि कुमारी (एजुकेशन), रीता महतो (नर्सिंग), रूपा कुमारी (प्रेम कुमार पोद्दार गोल्ड मेडल कॉमर्स), दिव्या जायसवाल (देवी प्रसाद मेमोरियल गोल्ड मेडल एलएलबी), सुखवंती लुगून (इतिहास, एसटी), उत्कर्ष (एमडी), रोस्ती लकड़ा (राजनीतिशास्त्र) व आदर्श राज सिंह (भूगर्भशास्त्र)।

## विद्या विहार पब्लिक स्कूल ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

**रांची।** तोरपा क्रिकेट अकादमी के तत्वावधान में स्कूल स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन शनिवार को किया गया। आयोजन का उद्देश्य स्कूल स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करना और तोरपा क्रिकेट अकादमी में निःशुल्क प्रशिक्षण देना है। टूनामेंट में सता टीमों ने हिस्सा लिया। फाइनल मुकाबला महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी स्कूल तोरपा और विद्या विहार गरई रनिया के बीच खेला गया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी तोरपा ने 10 ओवर में 10 विकेट खोकर 35 रन बनाए। जवाब में विद्या विहार गरई रनिया 23 रन बनाकर ऑलआउट हो गयी। फाइनल मुकाबला महात्मा एनडी ग्रोवर डीएवी तोरपा 12 रन से जीत कर खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि तोरपा थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता ने कहा कि हॉकी और फुटबॉल के नाम से मशहूर तोरपा और रनिया जैसी जगह में स्कूली बच्चों में क्रिकेट के प्रति रुझान देखकर अच्छा लगा।

# जिले में दो लाख से अधिक बच्चों को दवा खिलाने का लक्ष्य




**नवीन मेल संवाददाता। खूंटी**
समाहरणालय सभागार में उपायुक्त शशि रंजन के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त नीतीश कुमार की अध्यक्षता में विगत शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की एक बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर आगामी 20 अप्रैल को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के सफल संचालन हेतु विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा की गई। साथ ही निर्देशित किया गया कि जिले के सभी प्रखंडों में स्कूल एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में कार्यक्रम का आयोजन किया जाना है। इसके साथ ही छूट गए बच्चों के लिए मॉप-अप दिवस 25 अप्रैल को आयोजित की जाएगी। मौके पर उपस्थित सिविल सर्जन अजीत खलखो ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में 19 वर्ष तक आयु के 2 लाख 71 हजार 388 बच्चों को एल्बेंडाजोल की दवा खिलाने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जिले के सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों समेत इंटर कॉलेज एवं तकनीकी संस्थानों में भी नामांकित बच्चों को शिक्षकों के द्वारा दवाई दी जाएंगी। वहीं ग्रामीण एवं शहरी आंगनबाड़ी केंद्रों में पंजीकृत एवं गैर पंजीकृत बच्चों को कार्यकताओं के द्वारा दवाई खिलाई जाएगी। उन्होंने बताया कि इस दौरान जो बच्चे या किशोर किशोरियों बीमार की अवस्था में रहेंगे या किसी अन्य प्रकार की दवाई ले रहे हो तो उन्हें एल्बेंडाजोल की दवाई नहीं खिलाई जाएगी। साथ ही छूट गए बच्चों को मॉप-अप दिवस के दिन दवाई खिलाई जाएंगी। मौके पर एसीएमओ, जिला आरसीएच पदाधिकारी, शिक्षा पदाधिकारी, एवं सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

# मत्स्य पालन कर आर्थिक रूप से मजबूत हो रही हैं महिलाएं

नवीन मेल संवाददाता। रांची
एक समय था कि महिलाएं खासकर गांवों की महिलाएं सिर्फ घरों की दीवारों तक सिमट कर रह जाती थी। न रोजगार का साधन था और न पूंजी, लेकिन अब स्थिति पूरी तरह बदल गई है। ग्रामीण महिलाओं के आजीविका संवर्धन को लेकर जोहार परियोजना का संचालन ग्रामीण विकास विभाग के झारखंड लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी(जेएसएलपीएस) की ओर से किया जा रहा है। जोहार परियोजना में महिलाओं की आजीविका वृद्धि के लिए विभिन्न गतिविधियों में कार्य किया जा रहा है। इनमें मत्स्य पालन जोहार परियोजना का एक मुख्य घटक है। ग्रामीण महिलाएं जोहार परियोजना से जुड़कर पहली बार मत्स्य पालन कार्य कर अपनी आजीविका बढ़ा



रही है। इन ग्रामीण महिलाओं के पास साधन होते हुए भी आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने और मछली पालन की जानकारी नहीं होने के कारण अपने स्त्रोतों का सही उपयोग नहीं कर पा रही थीं। जोहार परियोजना के मात्स्यिकी प्रभाग में मुख्यतः चार उपघटकों में कार्य किया जाता है, मछली उत्पादन, मत्स्य बीज उत्पादन, समेकित मछली पालन और पेन और केज कल्चर में मत्स्य पालन। जोहार परियोजना के तहत उपरोक्त वर्णित उपघटकों में कार्य कर अपनी आजीविका को सुदृढ़ करने के लिए महिलाओं का क्षमता वर्धन भी किया जाता है। इसके लिए ग्राम स्तर में तकनीकी प्रशिक्षित मत्स्य मित्र द्वारा मछली पालन करने के लिए प्रारंभिक तरीकों को छोड़कर वैज्ञानिक तरीके ( तालाब प्रबंधन, जल जांच, बीच संचयन, आहार प्रबंधन, रोग निराकरण प्रबंधन और बाजारीकरण) से मछली पालन करने के विषय में प्रशिक्षण भी दिया जाता है। रेहरगडा ग्राम की नीलमणि होरो मत्स्य उत्पादन में अब अपने गांव के लिए एक उदाहरण बन चुकी हैं। इनके इस उदाहरण बनने में जोहार परियोजना का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। नीलमणि बताती हैं कि जोहार परियोजना में जुड़ने से पहले मजदूरी का काम करती थी। साथ ही महुआ चुनना और बेचना तथा पारंपरिक खेती से जीविकोपार्जन कर रही थी। जोहार उत्पादक समूह से जुड़ने से पहले नीलमणि के पास में न तालाब था और न ही खेती-बारी के लिए जमीन। उत्पादक समूह में मछली पालन प्रशिक्षण प्राप्त कर तालाब को किराया में लेक र उसने मछली पालन किया और आज वह सफल मछली उत्पादक महिला किसान हैं।

## बंग समुदाय के द्वारा बंगला नववर्ष धुमधाम मनाया गया

**रांची।** स्थानीय हरि मंदिर में बंग समुदाय के द्वारा बंगला नववर्ष धुमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत रविंद्रनाथ टैगोर की कविता एशो हे वैशाख एशो...पढ़कर एवं केक काटकर की गई। इस कार्यक्रम में बंग परिवार के सभी महिलाओं द्वारा मिलकर रंगारंग कार्यक्रम किया गया। बच्चों द्वारा डान्स की प्रस्तुति भी की गई। सैकत कुमार दास ने बताया कि यह बंगला की 1430वीं नववर्ष है। इसकी शुरूआत मुगल बादशाह अकबर के जमाने में हुई थी। बंगाल में किसानों से कर वसूली की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए बंगाबघ की शुरूआत की थी।

# 10 प्रशाखा पदाधिकारियों का किया स्थानांतरण




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राज्य सरकार ने झारखंड सचिवालय सेवा के 10 प्रशाखा पदाधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया है। इनमें पांच एसओ राज्यपाल सचिवालय के भी बदले गये हैं। रविवार को कार्मिक विभाग ने एक अधिसूचना जारी की है। इसके अनुसार आज स्थानांतरित किए गए अधिकारियों में पांच राज्यपाल सचिवालय में भी पदस्थापित थे। इनके स्थान पर राज्यपाल सचिवालय में पांच नये प्रशाखा पदाधिकारियों की तैनाती भी की गयी है। इनमें कुलदीप टूटी, राजर्षि हांसदा, कृष्ण कुमार भगत, रामाकांत मुंडा, विशाल कुमार मित्तल, अनुराग रवि कुजूर, कौशाल किशोर राय, रंजीत कुमार, सिदार्थ कुमार उपाध्याय और दीपक उरांव हैं।

# कांग्रेस के जय भारत सत्याग्रह सभा का हुआ समापन समारोह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी के धुर्वा स्थित पुराने विधानसभा मैदान में कांग्रेस का जय भारत सत्याग्रह सभा का समापन समारोह समाप्त हो गया। कार्यक्रम में भारी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचे हैं। कांग्रेस का सत्याग्रह सभा कार्यक्रम 4 अप्रैल को प्रदेश कांग्रेस ने शुरू किया था। जिसका समापन रविवार को हो रहा है। बता दें कि राहुल गांधी की सदस्यता रद्द करने और सूरत कोर्ट से उन्हें मोदी सरनेम केस में दो साल की सजा सुनाये जाने के बाद पार्टी में रोष था। देशभर में इसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने सत्याग्रह सभा शुरू की थी। झारखंड कांग्रेस के सभी नेताओं



ने सतग्रह सभा के तहत केंद्र पर हमला बोला था। समापन कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी अविनाश कुमार पांडे, प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, सांसद गीता कोड़ा, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सुखदेव भगत, विधायक नेहा शिल्पी तिर्की, विधायक राजेश कश्यप, महानगर अध्यक्ष कुमार राजा, पूर्व कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, सुरेश बैठा शामिल थे। इनके अलावा रांची जिला अध्यक्ष राकेश किरण महतो, प्रदेश कांग्रेस महिला अध्यक्ष गुंजन सिंह सहित सैकड़ों की संख्या में नेता और कार्यकर्ता हिस्सा ले रहे हैं।


## हटिया पैसेंजर ट्रेन से अवैध साल का अवैध लकड़ी बरामद

**रांची।** गोविंदपुर रोड स्टेशन से शनिवार को राउरकेला हटिया पैसेंजर ट्रेन में अवैध साल के 25 चौखट को बरामद किया गया है। इस संबंध में जरिया वन क्षेत्र पदाधिकारी सुरेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि गोविंदपुर स्टेशन में राउरकेला हटिया पैसेंजर ट्रेन से अवैध रूप से साल की चौखट को ले जाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान रेलवे पुलिस एवं जरिया वन क्षेत्र अधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से छापामारी करते हुए 25 साल का चौखट एवं 20 बोझा जलावन की लकड़ी बरामद की गई। छापामारी दल में प्रभारी फॉरेस्टर राकेश कुमार, लोधमा फॉरेस्टर अमर स्वांसी, वनरक्षी प्रवीण सिंह, सहदेव मुंडा, सुकवन सुरीन एवं आरपीएफ के जवान शामिल रहे।


**प्रशिक्षण** उत्पादक संगठन के नये सदस्यों को मिला प्रशिक्षण

# फसलों की समस्याओं का समाधान जरूरी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
बिरसा कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) द्वारा समर्थित पांच किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के नवनियुक्त मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी (सीईओ), प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं लेखापाल के लिए एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बीएयू एफपीओ कार्यक्रम के टीम लीडर डॉ बीके झा ने नवनियुक्त सदस्यों को एफपीओ परियोजना का उद्देश्य, कार्यप्रणाली, गतिविधियों एवं भावी कार्यक्रमों के सबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह किसान सदस्यों द्वारा नियंत्रित स्वैच्छिक संगठन हैं, जो उनकी नीतियों को निर्धारित करने और निर्णय लेने में सक्रिय रूप से जुड़े होते हैं। इसका उद्देश्य किसानों



की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना और उभरते बाजार के अवसरों में उनके लाभ को बढ़ाना है। इससे छोटे आकार के खेतों से उत्पन्न होने वाली उत्पादकता की समस्याओं का समाधान किया जाना संभव होगा। इसके प्रमुख कार्यों में बीज, उर्वरक और मशीनरी की आपूर्ति, बाजार से जुड़ाव, प्रशिक्षण और नेटवर्किंग और वित्तीय और तकनीकी सलाह शामिल होगी। उपनिदेशक अनुसंधान डॉ सीएस महतो ने बताया कि भारत में छोटे और सीमांत किसानों की समस्याओं को देखते हुए केंद्र एवं राज्य सरकार सक्रिय रूप से किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) को बढ़ावा दे रही है। एफपीओ में छोटे, सीमांत और भूमिहीन किसानों को शामिल कर उनकी आय में सुधार के लिए किसानों की आर्थिक ताकत और बाजार से जुड़ाव बढ़ाने में मदद की जा रही है। उन्होंने एफपीओ सशक्तिकरण में विभिन्न कृषि योजनाओं के अभिसरण गतिविधियों की संभावना पर प्रकाश डाला और प्रभावी तौर पर अमल में लाने पर जोर दिया। सह- परियोजना अन्वेंषक डॉ. विनय कुमार ने वैज्ञानिक तरीके से विभिन्न फसलों में हानिकारक कीट से बचाव के उपायों एवं कीटनाशक दवाओं के प्रयोग के सबंध में जानकारी दी। सह- परियोजना अन्वेंषक डॉ एचसी लाल ने विभिन्न फसलों के प्रमुख रोग एवं पौधा संरक्षण उपायों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन द्वारा फसल क्षति में कमी और फसल उत्पादन में बढ़ोतरी के बारे में बताया। डॉ नीतू कुमारी ने एफपीओ परियोजना के अधीन किसान सदस्यों के बीच समन्वयव एवं इंटरेक्शन तथा विलेज इकोनॉमिक्स के महत्त्व पर चर्चा की।



PR No. 295222 (Health Med Edu and Family Welfare) 2023-24

**NEWS इन ब्रीफ**

### कंप्यूटर के विद्यार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण

**खूंटी।** तोरपा रोड खूंटी टोली स्थित जेआइआइटी एकेडमी कम्प्यूटर सेन्टर में रविवार को छह माह का डिप्लोमा कम्प्यूटर कोर्स और अन्य कोर्स पूरा करने वाले विद्यार्थियों के बीच प्रमाणपत्र वितरण किया गया। संस्थान के संचालक बिरेन्द्र नाग ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में 65 विद्यार्थियों के बीच कम्प्यूटर प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले तीन विद्यार्थियों को प्रमाणपत्र के साथ उत्कृष्टता पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। इनमें सैम राहुल तोपनो को प्रथम, एसव कंडुलना को द्वितीय और सायना नाज को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया। संचालक द्वारा बताया गया कि अगले कोर्स जैसे एडीसीए, डीटीपी, टैली, टाइपिंग एवं अन्य कोर्स करने वाले विद्यार्थियों के लिए कम फीस में कोर्स कराया जाएगा।

### योगदा सत्संग महाविद्यालय में खेलकूद 17 से

**रांची।** रांची के योगदा सत्संग महाविद्यालय में 17 और 18 अप्रैल को वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। विभिन्न खेल स्पद्धाओं में 218 छात्र-छात्राओं ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है।

### दो नाबालिग छात्राएं लापता, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** रांची के नामकुम थाना क्षेत्र के तेतरीढोली कैलाश नगर में रहनेवाली दो नाबालिग छात्राएं घर से लापता हैं। दोनों की उम्र लगभग 14-15 वर्ष है और लोवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल की छात्रा है। पहली छात्रा ने मैट्रिक की परीक्षा इसी वर्ष दी है और दूसरी सातवीं कक्षा में है। दोनों के परिजनों ने थाना में लिखित शिकायत की है। दूसरी नाबालिगं छात्रा अपने घर में रखे जेवर एवं कुछ नगद रुपए भी साथ में ले गई है। पुलिस शिकायत के आधार पर छानबीन में जुटी है। रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड एवं अन्य संभावित क्षेत्रों में सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है, ताकि कुछ सुराग हाथ लग सके। नामकुम थाना प्रभारी सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है।

### पंचायती राज दिवस पर बोरी बांध प्रतियोगिता 17 से

**खूंटी।** राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर खूंटी जिला परिषद की ओर से 17 से 19 अप्रैल तक बोरी बांध प्रतियोगिता और स्वच्छ पंचायत प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में उप विकास आयुक्त और जिला परिषद कें मुख्य कार्यपालक नीतीश कुमार सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों में अन्य तरह की प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। तीन दिवसीय प्रतियोगिता के आधार पर जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा इसकी समीक्षा करी जाएगी और सबसे प्रदर्शन करने वाली तीन पंचायतों को पहला, दूसरा और तीसरा पुरस्कार दिया जाएगा।

### मुखिया संघ ने दिया धरना, सरकार से सुरक्षा की मांग

**दुमका ।** दुमका के सरैयाहाट प्रखण्ड के बड़ेत पंचायत के मुखिया सुरेश मुर्मू की अपराधी द्वारा गोली मार कर हत्या कर दी। घटना के विरोध में मुखिया संघ ने रविवार को पुराना समहारण्यालय परिसर में धरना दिया। धरना में दुमका जिला की सभी 206 पंचयातों के मुखिया, जिला परिषद उपाध्यक्ष एवं कई जन प्रतिनिधि ने हिस्सा लिया और जिला प्रशासन के माध्यम से राज्य सरकार से 6 सूत्री मांग पत्र भेजा। इसमें सरकार से जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा प्रदान करने, मुखिया के हत्यारे को शीघ्र गिरफ्तार करने, मृत मुखिया सुरेश मुर्मू के आश्रित को 1 करोड़ रुपया एवं परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की गई है।

# सरायकेला में आग लगने से आठ दुकानें जलीं, लाखों का नुकसान

**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**



सरायकेला-खरसावां जिलान्तर्गत आदित्यपुर थाना क्षेत्र के गम्हरिया लाल बिल्डिंग चौक के समीप शनिवार रात बोलायडीह मार्ग पर आग लग जाने से आठ दुकानें जलकर राख हो गई। इस आगलगी में उन दुकानों में रखे लाखों रुपए के सामान समेत हजारों नकद रुपए भी जल गए। भीषण आग से आसपास के दुकानदारों में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों को काफी देर बाद हुई। पास ही मुढ़ी कंपनी के एक कर्मचारी की नजर जब भयंकर रूप से उठ रही आग की लपटों पर गया तो उसने तत्काल अन्य सहकर्मियों को इसकी जानकारी दी। शोरगुल सुनकर काफी संख्या में जुटे दुकानदारों ने इसकी सूचना आदित्यपुर पुलिस, अग्निशमन विभाग समेत आग लगे दुकानों के संचालकों को दी। साथ ही, अपने अपने दुकानों में रखे पानी से आग को बुझाने का प्रयास भी किया। इसी बीच मौके पर पहुंची पुलिस और झारखंड अग्निशमन विभाग के दमकल के अथक प्रयास के बाद भीषण आग पर काबू पाया गया। लेकिन तबतक सभी दुकानें व सामान जलकर राख हो चुकी थी। इस आगलगी में सबसे अधिक क्षति मुन्ना पेपर एजेंसी के संचालक मुन्ना साहू को हुई। उसकी दो दुकानें समेत उसमें रखे करीब तीन लाख रुपए का पूजा सामान, 40 हजार का ग्लास, प्लेट और अन्य सामान, करीब पांच हजार रुपए का फल, तीन टेबल पंखा, कंप्यूटरीकृत वजन मशीन समेत पांच सौ नकद जल गया। उसने बताया कि इस आगलगी में करीब पांच लाख की क्षति हुई है। मनोज कुमार का दुकान सहित खाली गैस सिलेंडर, पंखा, वर्तन और करीब चार हजार रुपए नकद (कुल करीब 70 हजार), वर्फी देवी का दुकान समेत करीब पांच हजार का सामान, परशुराम का दुकान समेत करीब 15 हजार का सामान, दिनेश गोराई का दुकान समेत करीब तीन हजार का सामान, रमेश चाय दुकान का करीब 30 हजार का सामान, रंजीत दास का दुकान समेत करीब 30 हजार रुपए का सामान जलकर राख हो गया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। आशंका व्यक्त की जा रही है कि पास से गुजर रहे झारखंड राज्य विद्युत बोर्ड के बिजली के तारों या जुस्को के विद्युत तारों के शॉट सर्किट होने के कारण यह आग लगी। क्योंकि वहां स्थित जुस्को का पैनल भी पूरी तरह जल हुआ है।

### काशीडीह में हिंदू महापंचायत का किया गया आयोजन

**जमशेदपुर।** भाजपा नेता अभय सिंह की गिरफ्तारी के मामले को लेकर जमशेदपुर के काशीडीह मैदान में हिंदू महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री व भारतीय जनता पार्टी के विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी भी पहुंचे। वही इस मौके पर जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय और भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दिनेशानंद गोस्वामी मौजूद रहे। हिंदू महा पंचायत में बाबूलाल मरांडी ने जिला प्रशासन और सरकार को कटघरे में खड़ा किया। उन्होने कहा की जिला प्रशासन गुंडागर्दी कर रही है। जिन लोगों को जेल में होना चाहिए, वह बाहर है और जो बाहर रहना चाहिए, उसे जेल में डाल दिया गया। साथ ही बाबूलाल मरांडी ने यह भी कहा कि सिर्फ हिंदुओं के पर्व में हंगामा होता है और पत्थरबाजी होती है बाकी लोगों के पर्व में नहीं। उधर बाबूलाल मरांडी और विधायक सरयू राय एक मंच पर होने से राजनीतिक सरगर्मी बढ़ गई।

## ठाकुर दास ज्वेलरी शॉप में चार लाख की हुई चोरी



**नवीन मेल संवाददाता। सरायकेला**

सरायकेला सरायकेला थाना अंतर्गत सरायकेला- टाटा मुख्य मार्ग पर दुगनी स्थित ठाकुर दास एंड संस ज्वेलर्स में बीते शनिवार देर रात चोरों ने चार लाख के आभूषणों की चोरी कर ली। मामले की सूचना मिलते ही सरायकेला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह जब दुकान मालिक सदानंद सोनार दुकान खोलने पहुंचे तो उन्होंने शटर का ताला टूटा पाया और दुकान में रखे करीब चार लाख के सोना-चांदी के आभूषण गायब पाया। इसके बाद वे तत्काल इसकी जानकारी आसपास के लोगों को देते हुए सरायकेला थाना पहुंचे और लिखित शिकायत दर्ज कराया। फि लहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार की रात भी चोरों ने कांड्रा स्थित ठाकुर ज्वेलर्स में ताला तोड़कर चोरी का प्रयास किया था। वहां असफल रहने के बाद चोरों ने दुगनी के ठाकुर दास एंड संस ज्वेलर्स में चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

### स्वास्थ्य उपकेंद्र भवनों का शिलान्यास



नवीन मेल संवाददाता। जामताड़ा

जामताड़ा जिले के नाला प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र मोहनपुर एवं गेड़िया पंचायत मुख्यालय में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्रनाथ महतो ने रविवार को 55 लाख 49 हजार की लागत पर बनने वाले 2 स्वास्थ्य उपकेंद्र भवनों का शिलान्यास किया । इस अवसर पर श्री महतो ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाओं के साथ-साथ चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार तत्परता से काम कर रही है । उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में संचालित अधिकांश अस्पताल भवन की स्थिति जर्जर हो गई है। उन भवनों की जगह सभी सुविधाओं से लैस नए अस्पताल भवन का निर्माण कराया जा रहा है। मोहनपुर एवं गेड़िया पंचायत मुख्यालयों में नए भवन का निर्माण इसी दिशा की कड़ी है। उन्होंने कहा कि चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों को भी काम करने में सुविधा मिलेगी। नए अस्पताल भवन बन जाने से स्थानीय ग्रामीण क्षेत्र के गरीब लोगों को सहज ढंग से बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। स्पीकर श्री महतो ने ग्रामीणों के साथ बैठक कर उनकी बुनियादी समस्याओं एवं सुविधाओं की भी जानकारी ली और उसका त्वरित निदान करने का आश्वासन दिया।

# सोची समझी साजिश के तहत फंसाया गया अभय सिंह को

', बाबूलाल ने प्रशासन की कार्रवाई पर खड़े किए सवाल

जमशेदपुर। जमशेदपुर के कदमा शास्त्रीनगर में पिछले दिनों दो पक्षों के बीच हुए विवाद के बाद प्रशासन की कार्रवाई पर अब सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में प्रशासन ने दोनों पक्षों के लोगों को जेल भेजा दिया है। जिसमें भाजपा नेता अभय सिंह के अलावा वकील और अन्य कई लोग शामिल हैं। वहीं इन लोगों की गिरफ्तारी पर राज्य के दिग्गज भाजपा नेताओं ने कार्रवाई पर सवाल खड़ा करते हुए इसे प्रशासन की विफलता बताया है। इधर शनिवार (15 अप्रैल) की देर शाम जमशेदपुर दौरे पर आए झारखंड के प्रथम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी रविवार के दिन घाघीडीह स्थित सेंट्रल जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा नेता दिनेशानंद गोस्वामी, भरत सिंह भी मौजूद रहे। जबकि सेंट्रल



जेल के बाहर भाजपा कार्यकर्ता भी खड़े थे।25 मिनट तक जेल में की बातचीतः गौरतलब है कि जेल में बंद भाजपा नेता अभय सिंह से मिलने जमशेदपुर लोकसभा सांसद विद्युत वरण महतो सेंट्रल जेल पहुंचे थे। लेकिन उन्हें मुलाकात करने से रोक दिया गया। वहीं एक दिन बाद झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री वर्तमान में केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा सेंट्रल जेल जाकर अभय सिंह से मुलाकात की थी। उन्होंने इस पूरे मामले पर प्रशासन पर सवालिया निशान खड़ा किया था। इधर लगभग 25 मिनट की मुलाकात के बाद बाबूलाल मरांडी घाघीडीह सेंट्रल जेल से बाहर निकले। घटनास्थल पर नहीं थे अभय सिंहः बातचीत के दौरान बाबुलाल मरांडी ने साफ तौर पर कहा कि शास्त्री नगर में बीते दिनों हुए विवाद में एक पक्ष ने पत्थरबाजी की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें कई लोग घायल हुए थे। जबकि पत्थरबाजी की घटना में प्रशासन के लोग भी घायल हुए थे। मामले में थाने में जो एफआईआर दर्ज किया गया है। उसमें साफ तौर पर घटना का जिक्र किया गया है। कहीं भी अभय सिंह का नाम नहीं है।

### रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**जमशेदपुर।** पत्रकार मोहन सिंह की याद में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ । इस मौके पर पूर्व मंत्री सह जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने कहा कि आज पत्रकारिता इतने आगे दिखाई पड़ती है, खासकर विजुअल मीडिया काफी आगे बढ़ गया है। शुरूआती दौर में इसे स्थापित करने का श्रेय है पत्रकार मोहन सिंह को जाता है जिनकी याद में रक्तदान शिविर काफी महत्व रखता है। इस दौरान विधायक सरयू राय ने मोहन सिंह के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित की तथा उनको नमन किया । इस मौके पर जमशेदपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह ने कहा कि आज मोहन सिंह की 20वीं पुण्यतिथि है और यह 39 वा रक्तदान शिविर है। इसके साथ नेत्र जांच शिविर भी लगाया गया है। प्रतिवर्ष हम लोग 100 यूनिट से ज्यादा रक्त संग्रह करते हैं। गरीब और जरूरतमंद को हम लोग रक्त उपलब्ध कराते हैं। वही विभिन्न संगठनों से जुड़े समाजसेवी मनोज सिंह कहते हैं कि जमशेदपुर प्रेस क्लब के अध्यक्ष प्रशांत सिंह के संयोजन में यह रक्तदान शिविर लगातार हर वर्ष आयोजित होता है और समाज में यह संदेश जाता है की एक पत्रकार के अच्छे कार्यों को याद रखने के लिए कई अच्छे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है।

## रेल रोको के बाद कुरमी समाज ने किया बड़े आंदोलन का एलान

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रेल रोको आंदोलन की सफलता के बाद झारखंड का कुरमी समाज ने बड़े आंदोलन का एलान किया है। एसटी सूची में शामिल करने की मांग को लेकर 29 अक्तूबर को मोरहाबादी मैदान में कुरमी आक्रोश महारैली एवं 29 अक्तूबर से 72 घंटे का आर्थिक नाकेबंदी का एलान किया है। यह निर्णय रविवार को टोटेमिक कुरमी/कुड़मी समाज की विधायक क्लब हॉल में हुई बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सुषमा देवी ने किया। बैठक में टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी विकास मोर्चा, आदिवासी कुड़मी समाज झारखंड, टोटेमिक कुड़मी सेना, झारखंड कुरमी महासभा, कुड़मी सांस्कृतिक विकास समिति, कुरमी विकास परिषद, पुर्वांचल कुड़मी समाज, राष्ट्रीय कुड़मी सेना, कुरमी विकास मंच, कुड़मी युवा छात्र मोर्चा, कुड़मी विकास समिति, कुरमी विकास परिषद के लोगों ने हिस्सा लिया। बैठक में समाज के अगुवा शीतल ओहदार ने कहा कि हम कुड़मी को अनुसूचित जनजाति में शामिल होने का एक ही उपयुक्त आधार है- 1931और 1938 का सेंसस। 2004 में अर्जुन मुंडा सरकार इसी आधार पर केंद्र सरकार को कुड़मी जनजाति को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने की अनुशंसा कर चुकी है। कुड़मी जनजाति का सबसे सशक्त आधार है, 1950 से पहले आदिम जनजाति का होना। इसीलिए हमें टीआरआई की आवश्यकता नहीं है। बैठक में हरमोहन महतो, सपन कुमार महतो, देवकी महतो, विनय महतो, रामपोदो महतो, सखीचंद महतो, थानेश्वर महतो सहित कई उपस्थित थे।

## जटिलताओं से बचकर रोगी की पीड़ा कम करें विषय पर रोग विशेषज्ञों का सम्मेलन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची। हड्डियों से जुड़ी विभिन्न तरह की जटिल बीमारियों और रोगियों की जटिलता को कम करने की आवश्यकता के मद्देनजर चिकित्सा के क्षेत्र में आ रही नई-नई विधाओं की जानकारी आपस में साझा करने के लिए रविवार को होटल बीएनआर चाणक्य में सेंट्रल जोन ऑफ इंडियन ऑर्थोपेडिक एसोसिएशन द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का विषय था- जटिलताओं से बचने के लिए रोगी की पीड़ा कम करें। सम्मेलन के



आयोजन सचिव डॉ। रोहित लाल ने बताया कि इसमें झारखंड के अलावा उत्तर प्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, राजस्थान से सैकड़ों ऑर्थोपेडिक सर्जन शामिल हुए। पूरे दिन विशेषज्ञ चिकित्सकों की पैनल द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें रोगियों पर इनवेसिव व नॉन इनवेसिव प्रक्रियाओं का संचालन करते समय आने वाली पेचीदगियों और चुनौतियों पर चर्चा की गई। डॉ. रोहित लाल ने कहा कि देश दुनिया में आए दिन सर्जरी से जुड़ी एडवांस टेक्नोलॉजी आ रही है। इस तरह के सम्मेलन से जानकारी एक दूसरे के साथ साझा होती है। उन्होंने बताया कि ऊंगली व एड़ी से जुड़ी बीमारी के उपचार के लिए पहला सत्र था, जिसमें अलग-अलग बिंदुओं पर डॉ. मनीष धवन, डॉ. एसआर सुदर्शन, डॉ. डीपी भूषण, डॉ. जयंत सेन व अन्य ने अपनी प्रस्तुति दी। वहीं, दूसरे सत्र में घुटने के चोट के उपचार पर डॉ. संजीव गौड़, डॉ. सतेंद्र फुलजले, डॉ. केएस आनंद और डॉ. प्रवीण सिद्धार्थ ने प्रेजेंटेशन दिया।

**गिरफ्तारी** एसपी से मिला जनप्रतिनिधियों का प्रतिनिधिमंडल

# आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग

**नवीन मेल संवाददाता। दुमका**

बीती रात शनिवार को हंसडीहा थाना के समीप बढ़ैत पंचायत के मुखिया सुरेश मुर्मू की गोली मारकर हत्या के बाद पंचायत प्रतिनिधियों में काफी आक्रोश है। उन्होंने रविवार को एसपी से मिलकर 24 घंटे के अंदर अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की है। इधर एसपी ने मामले के उद्भेदन के लिए डीएसपी के नेतृत्व में एक एसआईटी का गठन कर दिया है। वहीं बीजेपी नेता बाबूलाल मरांडी ने भी इस मामले को लेकर ट्वीट किया है। बीती रात दुमका जिले के हंसडीहा बढ़ैत पंचायत के मुखिया सुरेश मुर्मू की बाइक सवार हथियारबंद अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। वे किसी काम से अपने प्रखंड सरैयाहाट गए थे और वहां से वापस लौट रहे थे।



रास्ते में दो बाइक पर सवार कुछ अपराधियों ने उन्हें गोली मार दी और भाग निकले। इस घटना के बाद से पंचायत प्रतिनिधियों में काफी आक्रोश है। दुमका जिला परिषद के उपाध्यक्ष सुधीर मंडल के नेतृत्व में आज जिला समाहरणालय के समीप दर्जनों मुखिया और पंचायत समिति सदस्यों ने एक बैठक की। बैठक के बाद वे सीधे जिले के एसपी अंबर लकड़ा के आवास जाकर मुलाकात की। एसपी को उन्होंने 24 घंटे का अल्टीमेटम दिया कि अगर अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं होती है तो सभी पंचायत प्रतिनिधियों का आंदोलन शुरू हो जाएगा। पंचायत प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी है कि अगर 24 घंटे के अंदर हत्यारे नहीं पकड़े जाते हैं तो हम लोग कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। दुमका के जितने सरकारी कार्यालय हैं सभी में कामकाज ठप कर दिया जाएगा और चक्का जाम किया जाएगा। साथ ही साथ उन्होंने सरकार से सुरक्षा की मांग की। जिला परिषद उपाध्यक्ष सुधीर मंडल ने कहा कि मृतक सुरेश मुर्मू जनता के ही काम से प्रखंड कार्यालय गए थे और लौटते समय उनकी हत्या कर दी गई। इस तरह से देखा जाए तो कोई सुरक्षित नहीं है। ऐसे में तमाम पंचायत प्रतिनिधियों को सरकार सुरक्षा दे। जनप्रतिनिधियों ने मृतक सुरेश मुर्मू के परिजनों को एक करोड़ रुपये का मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की भी मांग की है।एसपी ने एसआईटी का किया गठनः इस संबंध में ईटीवी संवाददाता ने दुमका एसपी अंबर लकड़ा से बात की। उन्होंने कहा कि मामले को काफी गंभीरता से लिया गया है।

### डूमरडीह में उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में लगे पोकलेन को जलाया

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिले के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डूमरडीह में उग्रवादियों ने निर्माण कार्य में इस्तेमाल किए जा रहे एक पोकलेन को जला दिया। बताया गया कि हथियारों से लैस उग्रवादी निर्माण स्थल पहुंचे और उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। सूचना मिलने पर पुलिस घटनास्थल पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार ने बताया कि घटनास्थल से एक पर्चा मिला है, जिसमें घटना की जिम्मेवारी पी एल आई ने ली है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पूर्व में भी इस तरह की जो घटनाएं हुई हैं, उनका उद्भेदन करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने विकास कार्य कर रहे संवेदकों से अपील की कि उन्हें इस तरह की कोई समस्या हो तो वे पुलिस से संपर्क करें।

## भाजयुमो ने मेडिकल हेल्थ चेकअप कैंप का किया आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**

सिल्ली प्रखंड अंतर्गत रविवार के दिन सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के निमित्त भाजयुमो प्रदेश नेतृत्व के निदेर्शानुसार भाजयुमो रांची ग्रामीण जिला और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में आज प्रातः 10 बजे से 2 बजे तक, दुर्गेश लॉज,राजा टोला, सिल्ली में भाजयुमो जिला अध्यक्ष विवेक आनंद जायसवाल के नेतृत्व में मेडिकल हेल्थ चेक अप कैंप लगाया गया। जिसमें लगभग 130 लोगों का मुफ्त में स्वास्थ्य जांच और इलाज किया गया और उनको मुफ्त मे दवाएं भी दी गईं। इस कार्यक्रम में सिल्ली मंडल अध्यक्ष विनोद साहू ,भाजयुमो जिला महामंत्री उमेश महतो ,जिला कार्यक्रम प्रभारी आशीष बर्मन, प्रभारी जितेंद्र महली, डॉ विवेक कुमार, सुनंदा जयसवाल, रंजीता, गायत्री कुमारी, राजेश राय ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मौके पर समाजसेवी, गणमान्य लोग और सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

# विहिप बजरंग दल का दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला आयोजित



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला में आयोजित दो दिवसीय प्रांत स्तरीय कार्यशाला रविवार को संपन्न हो गई। कार्यशाला के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री विनायक राव देशपांडे उपस्थित हुए । जिला संगठन मंत्री छोटू वर्मा की उपस्थिति में हुए इस कार्यक्रम में विशिष्ट अथिति के रूप में राष्ट्रीय सह संयोजक सूर्य नारायण राव,क्षेत्रीय संगठन मंत्री आनंद कुमार,क्षेत्र संयोजक जन्मजय कुमार एवं प्रांत कार्याध्यक्ष तिलकराज मंगलम उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों ने भारत माता की चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। मुख्य अतिथि विनायक राव देशपांडे ने कहा की आज पूरे देश में बदलते जाति समीकरण और धर्म परिवर्तन को रोकने में बजरंग दल की अहम भूमिका है। कहा कि पूर्वी और दक्षिणी भारत सहित झारखंड, बंगाल,ओड़ीसा जैसे राज्यों में आए दिन डर अथवा लोभ में होती धर्म परिवर्तन की खबरें अखबारों में पढ़ने को भी मिलती हैं।जिसको रोकने में बजरंगदल के कार्यकर्ताओं ने अपना योगदान दिया है। उन्होंने कहा की आज जरूरत न सिर्फ धर्म परिवर्तन को रोकने की है बल्कि किसी भी कारणवश अपना धर्म परिवर्तन कर चुके लोगों को पुनः घर वापसी की जिम्मेवारी भी बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को उठानी होगी।

# मंदिर की वर्षगांठ में सांसद हुई शामिल



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के परसोतिया स्थित श्री श्री प्राचीन शिव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी उपस्थित हुए। कमिटी के सदस्यों द्वारा अतिथि का उत्साह के साथ स्वागत किया। इस दौरान सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने भगवान शिव के समक्ष मत्था टेककर क्षेत्र की सुख समृद्धि के लिए भगवान से कामना की ।उन्होने कहा कि इस तरह के आयोजन से क्षेत्र के लोग भक्ति भाव मे लीन हो जाते है और लोगों की समस्त दुख प्रभु हर लेते हैं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद उपाध्यक्ष मनोज कुमार महतो, दिनेश कुशवाहा, लक्ष्मण प्रसाद कुशवाहा, अरुण अग्रवाल, लक्ष्मी प्रसाद कुशवाहा, नन्दकिशोर कुशवाहा, कुलदीप वर्मा, कमेटी अध्यक्ष कृष्णा प्रसाद, सचिव विक्रम कुशवाहा, कोषाध्यक्ष दयालु महतो आदि उपस्थित थे।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला समिति की बैठक आयोजित

# अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला समिति की संगठनात्मक बैठक 16 अप्रैल को महासभा के जिलाध्यक्ष अरूण सिन्हा के आवासीय परिसर में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने की। बैठक में मुख्य रूप से महासभा के प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा(चंदन जी) एवं प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद मौजूद थे। बैठक का विषय प्रवेश करवाते हुए जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिन्हा ने कहा कि जिला के सभी प्रकोष्ठों के पदाधिकारी अपने अपने प्रकोष्ठों के सदस्यता अभियान में तेजी लाएं। साथ ही उन्होंने कहा कि संगठन के सभी पदाधिकारियों के लिए सक्रिय सदस्या लेना अनिवार्य है। तभी वे संगठन के लिए पूरी तरह से एक्टिव होकर कार्य कर सकते हैं। जबकि महासभा की बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश संगठन मंत्री अरूण कुमार सिन्हा( चंदन जी ) ने संगठन के पदाधिकारियों को बताया की अखिल भारतीय कायस्थ महासभा का विस्तार देश के 19 राज्यों के 740 जिलों में हो चुका है। कहा कि आनेवाले समय में हम संगठन का विस्तार देश के बाकी राज्यों में भी शीघ्र कर लेंगे। कहा की देश के वर्तमान परिवेश में सभी वर्ग अपने अधिकार के लिए संगठन बनाकर अपनी मांगों को सरकार तक पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। इसलिए हमें भी अपने संगठन के जरिये अपनी मांग को सरकार तक पहुंचाने का कार्य करना है। इसके लिए हम सबों को संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देना होगा। क्योंकि हमारे संगठन में समाज के जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, हम अपनी मांगों को सरकार के समक्ष उतनी ही मजबूती के साथ रख सकेंगे। इसलिए महासभा के जिला समिति के पदाधिकारी संगठन के सदस्यता अभियान पर ध्यान देकर समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने का कार्य करें। बैठक के क्रम में अखिल भारतीय कायस्थ महासभा प्रदेश उपाध्यक्ष विजय किशोर प्रसाद ने महासभा के जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमित कुमार सिन्हा को रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यकारिणी समिति के लिए निर्वाचित होने पर शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कहा कि उनका चेंबर कार्यकारिणी के लिए निर्वाचित होना समाज के लिए गर्व की बात है। बैठक का संचालन महासभा के जिला मीडिया प्रभारी राजीव रंजन प्रसाद ने किया। बैठक में दीपक कुमार सिन्हा,संजय कुमार लाला, सुजीत सिन्हा, रोहित कुमार वर्मा, डॉ संजीव कृष्ण जमुआर, सूर्यवंश श्रीवास्तव आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी को ग्रामीणों ने किया सम्मानित

# सामाजिक समरसता के अग्रदूत थे डॉ. आंबेडकर : निशि पांडेय



**नवीन मेल संवाददाता। पतरातू**
डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर सांकुल गांव में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसका शुभारंभ समाजसेवी निशि पांडेय ने बाबा साहेब की तस्वीर पर माल्यार्पण कर किया। मौके पर समाजसेवी निशि पांडेय ने कहा कि बाबा साहेब ने संविधान का निर्माण कर भारत की प्रजातांत्रिक व्यवस्था को मजबूती प्रदान की। इसके साथ ही समान अवसर प्रदान करते हुए सामाजिक न्याय, दबे कुचले वर्ग के विकास और न्यायिक व्यवस्था को नई दिशा दी। यहीं वजह है कि बाबा साहेब को सामाजिक समरसता का अग्रदूत भी कहा जाता है। यहां निशि पांडेय ने लोगों से बाबा साहेब के आदर्शों को आत्मसात करने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने समाज के प्रति सकारात्मक सोंच और बेहतर काम के लिए निशि पांडेय को सम्मानित भी किया। वहीं नागपुरी और हिन्दी गानों पर कलाकारों ने आकर्षक नृत्य और संगीत प्रस्तुत कर ग्रामीणों का मनोरंजन किया।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन

**कोडरमा ।** राज्य स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट की मेजबानी किसी भी जिला के लिए बहुत ही गौरव की बात होती है।पिछले कुछ महीनों में ही कोडरमा में ऐसे आयोजन का दुबारा मिलना कोडरमा के लिए अत्यंत गौरव की बात है। राज्य के अलग-अलग जिले के खिलाड़ी कोडरमा में आकर अपनी प्रतिभा को दिखाते हैं, जिससे यहां के खिलाड़ियों को भी सीखने का और उनके साथ मैच खेलने का अवसर प्राप्त होता है। उक्त बातें झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच के अवसर पर आयोजित समारोह में कोडरमा एसपी कुमार गौरव ने कही।

## दिव्यांग महेश को मिला ट्राई साइकिल



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह पंचायत अंतर्गत ग्राम बड़कीटॉड़ निवासी महेश मांझी 36 वर्ष, पिता रूपन मांझी को पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी के प्रयास से ट्राई साइकिल मिला। गिरी ने दिव्यांग महेश की समस्या से सीडीपीओ नीलू रानी पर्यवेक्षिका संजुक्ता कुमारी एवं अन्य अधिकारियों को मामले की जानकारी दी थी। ज्ञात हो कि महेश मांझी एक पैर से दिव्यांग है तथा 50% दिव्यांगता का सर्टिफिकेट उन्हें प्राप्त है। ट्राई साइकिल मिलने के बाद खुशी जाहिर करते हुए महेश ने कहा कि मुझे आवागमन में अधिक परेशानी होती थी लेकिन अब सुविधा होगी। कहा कि मेरे पांच छोटे-छोटे बच्चे हैं जिनका परवरिश करने में कठिनाई हो रही है। मुझे पीएम आवास अब तक नहीं मिला है जिसके कारण हम सपरिवार दूसरे के मकान में रह रहे हैं। अतः मुखिया एवं संबंधित पदाधिकारियों से आग्रह है कि मुझे पीएम आवास दिलाने का कृपा करें। वही ट्राई साइकिल मिलने से परिजनों में खुशी थी ।मौके पर सीडीपीओ नीलू रानी,, पर्यवेक्षिका संजुक्ता कुमारी पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरि एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

## पुलिस अधीक्षक ने गोरहर थाना प्रभारी को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के शिलाडीह में बीते रामनवमी त्योहार को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर हजारीबाग पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चौथे ने गोरहर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार साहा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया ।विदित हो कि शिलाडीह में रामनवमी का त्यौहार प्रत्येक वर्ष भव्य रूप से मनाया जाता है ।इस अवसर पर थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था व सौहार्द पूर्ण वातावरण बनाए रखने में एक कप्तान के रूप में बेहतर कार्य करने के लिए उन्हें सम्मानित किया गया ।पत्रकारों से बातचीत में थाना प्रभारी ने कहा कि रामनवमी पूजा के सफल संचालन व शांति व्यवस्था बनाए रखने में समाज के बुद्धिजीवियों व जनप्रतिनिधियों ने अहम योगदान दिया ।इसके लिए मैं उन्हें दिल से धन्यवाद देता हूं ।वही प्रशस्ति पत्र दिए जाने पर जनप्रतिनिधियों व बुद्धिजीवियों ने उन्हें बधाई दी है।

## जर्सी व फुटबॉल किट का वितरण



**रामगढ़ ।** बुध बाजार दोतल्ला पंचायत के मयूर स्टेडियम में खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण किया गया। खिलाड़ियों के बीच जर्सी व फुटबाल किट का वितरण का वितरण करते हुए मुखिया सत्यवंती देवी ने कहा कि खेल व खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उक्त सामग्रियों का वितरण किया जा रहा है। कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ बेहतर प्रदर्शन कर खेलों में भी कैरियर बनाया जा सकता है। मौके पर लव कुमार महतो, टीम मैनेजर राजु नायक, भगवान दास, शशिकांत सिंह, कप्तान प्रकाश कुमार, उप कप्तान सुनील कुमार आदि उपस्थित थे।

## बंद पड़े मकान के बाहर एक व्यक्ति का शव बरामद

**कोडरमा।** तिलैया थाना क्षेत्र के रांची-पटना रोड के पास बंद पड़े मकान के बाहर से शनिवार सुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान भंडरवा निवासी प्रदीप यादव (45 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों का आरोप है कि जमीन विवाद में प्रदीप यादव की हत्या की गयी है। घटना की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दी गयी है। एएसपी प्रवीण पुष्कर भी मामले की जांच करने घटनास्थल पर पहुंचने वाले हैं। तिलैया थाना की पुलिस पहले से ही घटनास्थल पर मौजूद है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शनिवार सुबह स्थानीय लोगों ने बंद पड़े मकान के बाहर शव देखा। जिसके बाद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पाकर तिलैया थाना प्रभारी विनोद आनंद, एसआई पिंकी रानी दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
रामगढ़। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत यूनिसेफ की सहयोगी संस्था डेवनेट द्वारा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के साथ समन्वय स्थापित कर एक दिवसीय स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। अभियान में संयुक्त सचिव सह संयुक्त निदेशक इंद्रदेव मंडल ने बताया की रजरप्पा मंदिर झारखंड के प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है।यहां देश के कोने कोने से श्रद्धालु पूजा करने आते हैं ऐसे में यह आवश्यक है की मंदिर परिसर और आसपास की सफाई और स्वच्छता सुनिश्चित हो, ताकि विभिन्न स्थानों से आने वाले श्रद्धालु मां छिन्नमस्तिके मंदिर रजरप्पा की सफाई की स्थिति को देखकर एक अच्छे विचार के साथ वापस लौटे कार्यक्रम में डेवनेट संस्था के सचिव अमरेंद्र सिंह ने अभियान की रूपरेखा के बारे में बताया, साथ ही अभियान के उद्देश्यों के संबंध में चर्चा किए कार्यक्रम में यूनिसेफ से आए हुए ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन सलाहकार संजय पांडे ने बताया कि अलग-अलग प्रकार के कचरा के निपटान के लिए कई प्रकार के विकल्प मौजूद है। चर्चा के पश्चात अभियान में शामिल सभी सदस्यों के द्वारा भेड़ा नदी तथा दामोदर नदी से प्लास्टिक एकत्रित किया गया। उसके पश्चात भेड़ा नदी पुल के नीचे जाली लगाया गया ताकि पानी के साथ बहकर आने वाला कचरा जाली में फंस जाए और सफाई कर्मियों के द्वारा लगातार उनका सफाई सुनिश्चित किया जा सके। इस दौरान उपस्थित सदस्यों का 5 टीम बनाकर मंदिर परिसर के आसपास स्थित सभी दुकानदारों के साथ संपर्क किया गया और उन्हें अपने दुकान में कूड़ेदान रखने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, प्रखंड विकास पदाधिकारी चितरपुर, कनीय अभियंता, यूनिसेफ सहयोगी संस्था डेवनेट से कृष्ण मुरारी सिंह, निर्भय कुमार मोदी, घनश्याम साह, अनुरोध अग्रवाल, वरुण सिन्हा, सुजीत गिरी, विजय कुमार, मुखिया सुनीता देवी, जल सहिया, नाविक संघ के सदस्य, मंदिर परिसर के सफाई कर्मी, प्रखंड समन्वयक सोशल मोबिलाइजर आदि उपस्थित थे।

## दो अभियुक्तों के घर कुर्की, एक ने किया सरेंडर, भेजा जेल

**बरही ।** एसडीपीओ नाजिर अख्तर के निर्देशन और इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी की अगुवाई में बरही पुलिस दो अभियुक्तों के घर कुर्की तामिला कराया गया । पहले मामले में मांडू थाना कांड संख्या 249/ 2008 जीआर 2295/2008 के अभियुक्त संजय सिंह पिता स्वर्गीय राधेश्याम सिंह ग्राम बरसोत थाना बरही जिला हजारीबाग शामिल है । एसडीपीओ की उपस्थिति में अभियुक्त के घर पहुंचकर अभियुक्त की पत्नी को न्यायालय रामगढ़ कोर्ट से निर्गत जमानत का रिकॉल प्रस्तुत किया गया। ततश्चात अग्रिम कार्रवाई हेतु कुर्की वापस भेजा गया। इस कार्य में एसडीपीओ, इंस्पेक्टर सहित थाना के पुलिस पदाधिकारी विपिन कुमार यादव, हिमांशु शेखर सिंह, किशोर कुमार दास, निरंजन सिंह एवं सशस्त्र बल सहित स्थानीय मुखिया मोतीलाल चौधरी मौजूद रहे । वही दूसरे मामले में कांड संख्या 470/16 के फरार अभियुक्त बबलू यादव पिता स्वर्गीय सरयू यादव ग्राम सिंगापुर ओरिया थाना बरही जिला हजारीबाग को भ न्यायालय हजारीबाग से निर्गत कुर्की तमिला को भी परिजनों को प्रस्तुत किया गया ।

# भीम आर्मी प्रखंड इकाई ने बाबा साहब की जयंती मनाई




**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
संविधान निर्माता डॉ बी आर अंबेडकर की 132वीं जयंती प्रखंड परिसर बरकट्ठा में रविवार को भीम आर्मी प्रखंड इकाई बरकट्ठा के द्वारा मनाई गई। इस निमित्त प्रखंड परिसर से सैकड़ों की संख्या में लोगों ने जुलूस निकाला जिसे बरकट्ठा थाना तक तथा पुनः प्रखंड मुख्यालय परिसर तक लाया गया। वहीं उपस्थित लोगों ने जय भीम का नारा लगाया। मुख्यालय पहुंचने के बाद डॉ0 बी आर अंबेडकर की छाया चित्र पर लोगों ने माल्यार्पण कर गोष्टी प्रारंभ की ।गोष्टी को संबोधित करते हुए प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद दास ने कहा कि आज भी दलितों का दमन हो रहा है। दलितों पर हो रहे दमन पर लगाम लगाने के लिए संगठन को और मजबूत करना होगा ।मौके पर उपस्थित पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि देश में आरक्षण की व्यवस्था बाबा साहब ने किया उस आरक्षण को समाप्त करने की बात हो रही है । इसलिए नौजवानों को एक मंच पर आना चाहिए ।वही कोडरमा जिप सदस्य महादेव राम ने कहा कि बाबा साहब के मार्गदर्शन को गांव-गांव तक पहुंचाना होगा। हमें संगठित होकर संघर्ष तेज करना होगा ताकि भारत अखंड रहे। जिप सदस्य कुमकुम देवी ने कहा कि महिलाएं अंधविश्वास की शिकार होती है और डॉक्टर अंबेडकर अंधविश्वास के खिलाफ थे।


**बैठक** वंदे मातरम-इंटरसिटी का बरही स्टेशन पर ठहराव नहीं होना अनुचित : पूर्व विधायक

# ट्रेन ठहराव को लेकर भाजपा का धरना आज



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
सोमवार को बरही रेलवे स्टेशन परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आयोजित किए जायेगे । यह धरना प्रदर्शन मधुपुर रांची और वन्देमातरम ट्रेन का बरही स्टेशन पर ठहराव को लेकर किया जायेगा ।कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव की अध्यक्षता में भाजपा कार्यालय ने कार्यकर्ताओ की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई ।जिसमे रेल ठहराव को लेकर किए जानेवाले कार्यक्रम को लेकर चचाएं हुई ।उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा कि वर्षों बाद 25 अप्रैल से जब लंबी दूरी की ट्रेन बरही से होकर गुजरने वाली है । ऐसे में बरही में सभी वांछित आवश्यकताएं होने के बाबजूद भी ट्रेन का बरही स्टेशन पर ठहराव नही होना एक अनुचित फैसला है । इस फैसले को मंत्रालय को बदलना होगा और दोनो ट्रेनों को बरही में ठहराव देना होगा ।बरही में कोबरा 203 वाहिनी की कैंप, पीटीसी पदमा, भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र, आईसीएआर सहित तीन एनएच का संगम स्थल है ।इतना ही नहीं यहां का व्यवसाय न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश को प्रभावित कर सकता है ।बरही से ही मां भद्रकाली, सूर्यकुण्ड इत्यादि जाए जा सकते है ।ऐसे में बरही स्टेशन पर इन ट्रेनों का ठहराव अत्यंत आवश्यक है । इसके लिए सर्वसम्मति से सोमवार को पूर्वाहन 11 बजे से बरही रेलवे स्टेशन परिसर में एक दिवसीय धरना जिप सदस्या प्रीति कुमारी, भारतीय जनता युवा मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता ओबीसी मोर्चा पूर्वी और पश्चिमी, भारतीय जनता पार्टी एससी मोर्चा पूर्वी व पश्चिमी के नेतृत्व में आयोजित किया जायेगा। जिसमे बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित रहेंगे। बैठक में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता, भाजपा युवा नेता कृष्णा यादव आदि उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक व इंस्पेक्टर सहित कई समाजसेवियों का किया डिजिटल सर्वे



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार को सॉफ्टेक की डिजिटल सर्वे की टीम ने भाजपा के वरिष्ठ नेता सह बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार, इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, विहिप जिला सह मंत्री गुरुदेव गुप्ता सहित कई समजसेवियों का डिजिटल सर्वे किया । सर्वे टीम में शामिल केंद्र निदेशक जयदीप कुमार सिन्हा ने उनलोगों को बताया कि उनके केंद्र के 25वें वर्षगांठ के अवसर पर यह डिजिटल साक्षरता सर्वे किया जा रहा है।जिसका मुख्य उद्देश्य प्रखंड में डिजिटल साक्षरता की दर बढ़ाना है । उद्देश्यपूर्ति हेतु उनकी संस्थान ने रजत जयंती के उपलक्ष्य में निःशुल्क नामांकन के साथ कुल शुल्क में अधिकतम छूट देने की घोषणा की है ।ताकि अधिकाधिक लोग इस जरूरी शिक्षा से जुड़ पाए ।मौके पर पूर्व विधायक श्री यादव ने केंद्र निदेशक को संस्थान के रजत जयंती की शुभाकामनाएं देते हुए कहा कि संस्थान की गुणवता और निदेशक के मेहनत ने बरही में कंप्यूटर क्रांति लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है ।इस संस्थान का सार्थक प्रयास ने बरही में डिजिटल युग को आगे बढ़ाने का काम किया है।आज कंप्यूटर का युग है, इसकी जानकारी हर एक व्यक्ति को होना अनिवार्य है। इसके बिना लोग निरक्षर है। सॉफ्टेक का यह प्रयास सराहनीय है । इस अभियान में उनका हर संभव सार्थक सहयोग रहेगा। इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ने भी कहा कि वर्तमान परिवेश में कंप्यूटर एक अनिवार्य शिक्षा हो गया है, इसे हर एक व्यक्ति को सिखना चाहिए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष ठाकुर ने भी सॉफ्टेक के कार्यों की सराहना करते हुए लोगो से विशेषकर युवाओं से इस अनिवार्य शिक्षा को ग्रहण करने की अपील किया ।

## NEWS इन ब्रीफ

### कुरडेग में बस से गिर कर खलासी की मौत

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के खालीजोर के समीप रिया (आर्यन) यात्री बस से गिरकर खलासी की मौत हो गई। घटना रविवार लगभग 11 बजे दिन की है। रिया बस सुन्दरगढ़ से सिमडेगा जा रही थी इसी क्रम में खालीजोर के समीप यात्री का सामान उतारने के दौरान खलासी गिर पड़ा। मृतक की पहचान रमेश बारीक उम्र 19 बर्ष पिता ईश्वर बारीक ग्राम कुरई थाना तलसारा जिला सुन्दरगढ़ उड़ीसा के रूप में हुई।

### जिला खो-खो संघ का प्रशिक्षण आयोजित

**सिमडेगा।** जिला खो-खो संघ द्वारा प्रथम ऑफिशियल प्रशिक्षण का आयोजन सिमडेगा सरना पूजा स्थल परिसर में किया गया। सिमडेगा जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष गोडविंन टोपनो, उपाध्यक्ष हरिश्चंद्र भगत एवं सत्यजीत कुमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। राष्ट्रीय प्रशिक्षक गोडविन जी के द्वारा खिलाड़ियों को एवं एसोसिएशन के सदस्यों को महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

### आयोजित की गई छात्रवृत्ति की परीक्षा

**कुरडेग।** सहभागी कंप्यूटर एजुकेशन की कुरडेग शाखा में ज्ञानदीप स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत आज दिन रविवार को कंप्यूटर प्रशिक्षण हेतु परीक्षा आयोजित की गई जिसमें लगभग 300 से अधिक विद्यार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया। संस्थान के संचालक ने जानकारी देते हुए कहा कि हमारा प्रयास है ग्रामीण क्षेत्रों में भी कंप्यूटर के प्रति लोगों में जागरूकता लाना और वे भी डिजिटल साक्षर हो सके।

### वाहन जांच को लेकर सौंपा ज्ञापन

**सिमडेगा।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ सिमडेगा का एक प्रतिनिधि जिला अध्यक्ष प्रेम कुमार शर्मा के नेतृत्व में पुलिस अधीक्षक सिमडेगा से मिलकर रोड में चेकिंग करने से संबंधित ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष ने लिखा है कि अक्सर देखा गया है कि विद्यालय के बच्चे मोटरसाइकिल या अन्य वाहनों को लेकर विद्यालय जाते हैं जबकि उनके पास लाइसेंस भी नहीं है जो गैरकानूनी है इसलिए इसकी रोकथाम के लिए चेकिंग करके आवश्यक कार्रवाई करने की कृपा करें।

### प्रखंड प्रमुख ने बैठक आयोजित की

**ठेठईटांगर।** रविवार को ठेठईटांगर प्रखंड के सदर पंचायत अंतर्गत बांसपहार गांव मे एक बैठक आयोजित की गई जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज एवं मुखिया पति फुलचंद मिंज उपस्थित हुए।ग्रामीणों ने अतिथियों का स्वगत गर्म जोशी से किया, तत्पश्चात अपनी समस्याओ को जैसे गर्मी बढ़ने से पानी कि कमी, सड़क, बिजली बिल में अत्यधिक बिल आना, साथ ही बिल नहीं भी आना,इन समस्याओ को रखा गया, साथ ही साथ बांसपाहार जाने वाला मुख्य पथ पर जो फूल अवस्थित है वह टूटने के कगार पर है इसे भी ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों के सामने रखा।

## कंप्यूटर सेंटर फाउंडेशन डे पर 30 छात्रों को टैबलेट

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
पायोनियर कंप्यूटर सेंटर में रविवार को फाउंडेशन डे सह सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मौके पर डांस प्रतियोगिता भी हुई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर शिक्षा इन दिनों हमारे जीवन के लगभग हर क्षेत्र पर हावी हो रहे हैं। इससे अब पीछे हटना संभव नहीं है। पायोनियर कंप्यूटर सेंटर वर्षों से कम खर्च पर जिले के गरीब से गरीब छात्रों को कंप्यूटर ज्ञान दे रहा है। यहां से पढ़कर आज कई युवा विभिन्न विभागों में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कंप्यूटर ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए वे हर संभव मदद करेंगे। मौके पर विधायक सहित पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने सेंटर की 30 छात्रों के बीच टैबलेट का वितरण किया। संचालक राहुल कुमार ने बताया कि टैबलेट टेक्नोसिस एजुकेशन बिलासपुर के तहत आयोजित परीक्षा में सफल छात्रों को दिया गया है। प्रतियोगिता में जज के रुप में जिप सदस्य जोसिमा खाखा, प्रीति नूर कुल्लू उपस्थित थे। प्रतियोगिता में सुमन ग्रुप को प्रथम, लक्ष्मी ग्रुप को द्वितीय तथा आरती ग्रुप को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

## कबाड़ी वाले की पिटाई करने वाला गिरफ्तार

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर प्रखंड अंतर्गत बांगरू पंचायत के खूंटीटोली गांव में रविवार की सुबह एक कबाड़ी वाले अख्तरुल अब्दुल को खूंटीटोली निवासी असीम हेरेंज द्वारा बिजली पोल में रस्सी से बांधकर पिटाई कर दी। घटना की जानकारी तत्काल सिमडेगा पुलिस को दी गई ।जिसके बाद घटनास्थल पर सिमडेगा थाना के सब इंस्पेक्टर राज कपूर सेठ एवं अन्य पुलिसकर्मी पहुंचे जिसके बाद उक्त कबाड़ी वाले को छुड़ाकर साथी मारपीट करने वाले असीम हैरेंज को अपने साथ थाना ले गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार आसिम हेरेंज का छोटा भाई दिमागी हालत ठीक नहीं है और वह घर पर अकेला रहता है।

## क्षेत्र को जगा रहा स्तानिस्लास विद्यालय

**नवीन मेल संवाददाता। कोलेबिरा**
संत स्तानिस्लास मध्य विद्यालय अघरमा में धूमधाम के साथ शतवर्षीय स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित थे। विधायक ने विद्यालय के प्रबंधन तथा शिक्षक शिक्षिकाओं को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा यह एक अनूठा स्कूल है जो मुख्य रूप से हाशिए पर रहने वाले और गरीबी रेखा से नीचे के बच्चों के विकास में कार्यरत है इसकी रोशनी दूर दूर तक पहुंच चुकी है। आज विद्यालय के आसपास और उसके बाहर के गांव साक्षर हो रहे हैं सीखने की प्रक्रिया विद्यालय से शुरू होने वाली ऐक आजीवन घटना है ज्ञान के नये छितिज का पता लगाने के लिए छात्रों को पढ़ाने के लिए सम्मानित शिक्षक प्रशंसा के पात्र हैं। विद्यालय शुरू से ही इस क्षेत्र को एक नई



ज्ञान के रूप में अलग जगाने का काम कर रही है। विशप थेयोडोर मसकरेनस ने कहा स्कूल का मतलब है शिक्षा और शिक्षा का उद्देश्य है प्रगति इसलिए मिशनरी हर जगह शिक्षा के लिए विद्यालय का निर्माण किया और शिक्षा के क्षेत्र में इनका अहम योगदान है यह विद्यालय 1922 में शूरू किया गया था और कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रशासक लिनुस ऐक्का फादर जूडो अन्ताओ फा शिशिर, फा लिनो फनार्डीज , फा किरण डिसुजा, फा सेबी डिसूजा, शिक्षक राहुल केरकेट्टा फा समीर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि सुलभ नेल्सन डुंगडुंग प्रतिनिधि श्यामलाल प्रसाद सुनील खड़िया अमृत डुंगडुंग उपस्थित थे।

### बोलबा प्रखंड की घटना में अनाज को भी रौंदकर किया बर्बाद

## समसेरा गांव में समूह से बिछड़े हाथी ने 3 घरों को किया ध्वस्त

**नवीन मेल संवाददाता। बोलबा**
बोलबा प्रखण्ड के समसेरा में झुंड से बिछुड़े हुए एक विशालकाय जंगली हाथी ने तीन घरों को ध्वस्त कर दिया। साथ ही घर में रखे धान,चावल महुआ इत्यादि खाद्यान्न को खाकर और रौंदकर बर्बाद कर दिया। दीवार गिरने से कई घरेलू सामग्री भी बर्बाद हो गये। घटना के संबंध ने मिली जानकारी के अनुसार शनिवार की रात्रि 9 बजे अचानक एक जंगली हाथी समसेरा गाँव के नीरू टोली आ धमका और सुखनाथ बड़ाईक के घर को तोड़ने लगा। घर तोड़ने की आवाज सुनकर गग्रामीणों ने सुखनाथ बड़ाईक के घर की ओर दौड़े। हाथी को वहाँ से बड़ी मशक्कत से भगाया गया।

घटना के समय सुखनाथ बड़ाईक अपने परिवार सहित पड़ोस के घर में सोने चले गये थे। परिवार में एक बुढ़ी माँ, पत्नी और तीन छोटे-छोटे बच्चे हैं। इनका घर बस्ती से किनारे जंगल की ओर है। जिससे हाथी के हमले की आशंका बनी रहती है। इसके घर पर जंगली हाथियों द्वारा पहले भी कई बार हमला कर चुका है। इसलिए सुखनाथ बड़ाईक परिवार सहित रात में पड़ोसी के घर में सोने चले जाते हैं ।जंगली हाथी कुछ देर बाद नीरू टोली से आलिंगुड़ घघरीटीपा की ओर चला गया। वहाँ के ग्रामीण पहले से तैयार थे। जंगली हाथी को आता देख सभी ने एक साथ शोर मचाना शुरू किया। जिसके बाद जंगली हाथी समसेरा राम टोली की ओर चला






गया । रामटोली निवासी लरंगु मांझी के घर को ध्वस्त कर दिया और घर में रखे 25 किलो राशन चावल तथा महुआ को भी खाकर एवं छींटकर बर्बाद कर दिया ।इसके पहले भी जंगली हाथी दिसंबर महिने में इसके घर को ध्वस्त कर दिया था। इनका आधार कार्ड और पासबुक नहीं होने के कारण मुआवजा भी नहीं मिल पाया है। लरंगु मांझी भी जंगली हाथी के डर से रात में पड़ोसी के घर में शरण लेते हैं। घटना के वक्त ये भी पड़ोसी के घर चले गये थे। लरंगु मांझी का परिवार बहुत गरीब है इसके घर में जो भी अनाज था उसे जंगली हाथी ने पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। अभी इसके घर में खाने के लिए चावल का एक दाना भी नहीं है। प्रभावित परिवार ने प्रखण्ड प्रशासन और वन विभाग से तत्काल मदद की गुहार लगाई है। जंगली हाथी घर को तोड़ने के बाद चमाटांड़ पहुंचा और सुचिता तिग्गा पति-इरकन तिग्गा के घर को भी क्षतिग्रस्त कर धान,चावल,इत्यादि खाद्यान्न को खाकर बर्बाद कर दिया। वहाँ काफी देर रहने के बाद हाथी समसेरा अम्बा टोली पहुंचा और हेरमन खड़िया के बगान के दीवार को भी क्षतिग्रस्त कर दिया ।इसके बाद हाथी पूर्वी नवाटोली की ओर चला गया। ग्रामीणों ने तत्काल घटना की सूचना वन विभाग को दिया ।वनपाल पदाधिकारी जतरु उराँव ने सूचना पाकर वन विभाग की टीम के साथ घटना पहुंचे और घटना की जानकारी लेते हुए कहा कि ग्रामीण हाथियों को छेड़छाड़ नहुँ करें । महुवा शराब नहीं बनाएँ जंगल में आग नहीं लगाएं ।जंगल में आग लगने से हाथी और भी उग्र हो जाता है उन्होंने प्रावधान के अनुसार मुआवजा देने की बात कही।

## अमदारी के जर्जर आंगनबाड़ी केंद्र का नया भवन बनवाएं

**लोहरदगा।** भंडरा प्रखंड के ग्राम अमदारी पंचायत गड़रपो की ग्रामीणों की शिकायत पर लोहरदगा जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व कार्यकारी जिलाध्यक्ष आलोक कुमार साहू कांग्रेसियों के साथ ग्राम अमदारी पहुंचकर वहां के ग्रामीणों से रूबरू हुए। ग्रामीणों ने बताया कि जिस भवन में यहां आंगनबाड़ी केंद्र चल रहा है उसका निर्माण 1999 में हुआ था। यह भवन जर्जर हो गया है। कितने स्थानों में छत का प्लास्टर गिर गया है छत का छड़ दिख रहा है। बारिश के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती है। वर्षा के मौसम में बरसने वाले पानी केंद्र के अंदर घुस जाता है जिससे कभी भी यह भवन धारासाही हो सकता है। आंगनबाड़ी के सेविका कटरीना मिंज, एवं सहायिका जूलिया केरकेट्टा एवं ग्रामीणों ने नए आंगनबाड़ी केंद्र बनवाने की मांग श्री साहू से किया। साहू ने आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया तो पाया कि भवन जर्जर अवस्था में है कभी भी हादसा हो सकता है।



## सत्याग्रह अभियान के तहत हुई नुक्कड़ सभा



**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
जय भारत सत्याग्रह अभियान के तहत सेन्हा प्रखंड के अरू बाजार में प्रखंड अध्यक्ष अनिल उरांव के नेतृत्व में नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला कांग्रेस के उपाध्यक्ष सह प्रखंड प्रभारी मोहन दुबे, सचिव मुस्ताक अहमद, कुणाल अभिषेक, नंदू शुक्ला, इम्तियाज अंसारी मुख्य रूप से शामिल हुए।

नुक्कड़ सभा में मोहन दुबे ने आम लोगों को जागरूक एवं अवगत कराया गया कि केंद्र की मोदी सरकार के द्वारा तानाशाही एवं अलोकतांत्रिक तरीके से कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी के संसद सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। जो देश के लोकतंत्र के लिए घातक है। राहुल गांधी देश के लोगों की आवाज को हमेशा से बुलंद करते रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार के गलत नीतियों का हमेशा से विरोध करते रहे हैं। अपने भ्रष्टाचारी मित्र अदानी को बचाने के लिए मोदी राहुल गांधी के संसद सदस्यता को समाप्त करने की साजिश रची। देश की जनता सभी चीजों को बारीकी से देख रही है। जब से मोदी जी का शासन केंद्र में आया है तब से देश में नफरत का माहौल पैदा किया जा रहा है। महंगाई और बेरोजगारी से आम जनता त्रस्त है। ज्वलंत मुद्दों से आम जनता का ध्यान भटकाने के लिए इस तरह का कार्रवाई किया जा रहा है। कार्यक्रम में रुस्तम अंसारी, दुखिया उरांव, सरफराज अंसारी, खादिम अंसारी, प्रवीण उरांव, नेसार अंसारी, सोमरा उरांव, तबरेज अंसारी, विजय पाठक, अजय महली समेत अन्य कांग्रेसी उपस्थित थे।

## बच्चों की जान लेने पर तुला शिक्षा विभागः सोनू

**नवीन मेल संवादाता। कैरो**
राज्य में भीषण गर्मी का कहर जारी है। प्रतिदिन पारा 40 के पार पहुंच गया है। ऐसे में लोग दिन के 10 बजे के बाद घरों से निकलने में परहेज कर रहे हैं। लेकिन झारखंड सरकार का शिक्षा विभाग का फरमान जस का तस है। उक्त बातें आज प्रखंड की स्वयं सेवी संस्था मौलाना आजाद वेल्फेयर सोसायटी कैरो के मीडिया प्रभारी सोनू रजा ने आज पत्रकारों से कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को आदर्श दिनचर्या के तहत सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक बच्चों पढ़ाना है फिर 1 घंटा स्कूल में आऊटडोर या इंडोर गेम खेलना है। गर्मी के मौसम में दोपहर 1 बजे से दो - ढाई बजे तक दिन का सर्वाधिक तापमान रहता है। विभाग के निदेर्शानुसार बच्चों और शिक्षकों को उसी समय विद्यालय से घर आना है। इससे उनके स्वास्थ्य पर विपरीत प्रभाव पड़ने की संभावना प्रबल हो जाती है।राज्य में हाल ही में छोटे बच्चों के विद्यालय में ही बीमार पड़ने, नाक से खून बहने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। लेकिन विभाग कुंभकर्णी नींद सोया हुआ है। ऐसा लगता है कि राज्य के बच्चों की जान लेने पर तुला हुआ है शिक्षा विभाग। ध्यातव्य है कि मौसम केंद्र रांची के मौसम पूवार्नुमान पदाधिकारी ने भी लोगों को 11 से 3 घर से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है।

## सेवा भारती ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**लोहरदगा।** सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के परिसर मे लगातार 43 वें सप्ताह के रविवार को निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 32 लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच एवं इलाज कराकर लाभान्वित हुए। लोगों ने शुगर, बीपी, ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए डॉ कुमुद अग्रवाल से शुगर, बुखार, सर्दी, खांसी, दर्द, हार्ड एवं हाइड्रोसील आदि का चेकप कराते हुए परामर्श भी लिए। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने डॉ कुमुद अग्रवाल एवं देवानंद महतो को गुलाब पुष्प देकर अभिवादन किए। देवानंद महतो ने कहा मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है इनकी जितनी भी सेवा की जाए कम ही है।

## कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। ठेठईटांगर**
सिमडेगा जिला ताइक्वांडो संघ के तत्वाधान कलर बेल्ट परीक्षा का आयोजन कस्तूरबा रविवार को गांधी बालिका आवासीय विद्यालय ठेठईटांगर में जिला ताइक्वांडो संघ के सचिव जुनास डांग एंव जिला ताइक्वांडो संघ के संयुक्त सचिव सह नेशनल रेफरी अजय सिंह के देखरेख में किया गया।

बेल्ट परीक्षा में 60 बालिका प्रतिभागियों ने भाग लिया सचिव जुनास डांग ने ताइक्वांडो के बारे विस्तार से प्रतिभागियों को बताया और कहा की आज हमारे जीवन में पढ़ाई के साथ साथ खेल पर भी ध्यान देना जरूरी है इससे मानसिक एंव शारीरिक विकास होता है और ताइक्वांडो आत्मरक्षा



के साथ आत्मविश्वास देता है । इसलिए ताइक्वांडो सीखना बहुत ही लाभदायक है संघ के संयुक्त सचिव अजय सिंह ने ताइक्वांडो के विभिन्न प्रकार के सेल्फ डिफेंस टेक्नीकस सिखाया एंव सभी को शुभकामनाएं दिया और उज्वल भविष्य की कामनाएं किया और कहा की इस तरह से ताइक्वांडो खेल के लिए बालिकाओं का बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेना बहुत ही खुशी कि बात है। वार्डेन सह शिक्षिका सुनीला भेंगरा ने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दी। मौके पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर समानित किया गया ।मौके पर शिक्षिका सुनीला भेंगरा एंव खेल शिक्षिका संगीता कुमारी तथा सहायक शिक्षिका पूनम साहू एंव ठेठईटांगर प्रखंड के सचिव सह प्रशिक्षिका अमीता कुमारी मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## भाजपा युवा मोर्चा ने लगाया चिकित्सा शिविर

सिमडेगा। भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वाधान में सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह के निमित्त रविवार को भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व सदर प्रखंड के मैना बेड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जहां सैकड़ो ग्रामीणों का स्वास्थ्य जांच किया गया, कोलेबिरा बिधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह चिकित्सक डॉ महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों का स्वास्थ्य जाँच कर आवयश्क दवाइयां का बितरत किया गया ।मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह मनाया जा रहा है इसी निमित्त आज यह निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है।

### बदलाव — समाज को नई दिशा दे रही है कुर्से की गीता देवी

## हंड़िया-दारू को छोड़ बेचने लगीं दूध

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**
गीता देवी जिला के सदर प्रखंड के हेसल पंचायत के कुर्से गांव की रहने वाली हैं। वे वर्ष 2017 से महिला स्वयं सहायता समूह से जुड़ी हुई हैं। फुलो-झानो आशीर्वाद योजना का लाभुक बनने के बाद उनकी स्थिति पहले से काफी अच्छी है। हँड़िया-दारू बिक्री का काम छोड़ इस योजना से जुड़ीं और ऋण लेने के बाद एक गाय खरीद कर दूध बेचने का कार्य करने लगीं। अब वह प्रतिमाह 12-15 हजार रुपये आसानी से कमा लेती हैं।

गीता बताती हैं कि उनके पास खेती योग्य भूमि काफी कम है जिसका कुछ खास लाभ उन्हें नहीं मिल पाता था। आय का कोई साधन नहीं होने की वजह से कोई न कोई सहारा चाहिए था। इसी दौरान वे हँड़िया-दारू निर्माण व बिक्री करने वाली अन्य महिलाओं के संपर्क आयीं और खुद इस कार्य को करने लगीं। इससे ना सिर्फ अपराध होता था बल्कि सामाजिक रूप से बहिष्कृत सी हो गयी थीं। परिवार को हेय दृष्टि से समाज देखता था। गीता ने इस पीड़ा से पाने की सोची और समाज के साथ चलने की





ठानी। अंततः वे सराईत आजीविका सखी मंडल जुड़ी और इसके अंतर्गत ऋण प्राप्त करने की जानकारी प्राप्त की। इसी दौरान माननीय मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के द्वारा फुलो-झानो आशीर्वाद योजना के अंतर्गत किये जा रहे आर्थिक सहयोग के बारे जानने का मौका मिला और वे इसकी लाभुक बनीं। आज गीता का जीवन बदल गया है। वे मेहनत व लग्न से परिवार का पालन कर रही हैं। उनके परिवार पति, चार बच्चे और सास-ससुर रहते हैं।

## आस्था और उल्लास से मनाया गया उजला पर्व

**सिमडेगा।** जिले में 16 अप्रैल को उजला रविवार आस्था और उल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर सैकड़ों बच्चो ने प्रथम परम प्रसाद ग्रहण किया। जिला मुख्यालय स्थित सामटोली स्थित संत अन्ना महागिरजाघर में धार्मिक अनुष्ठान संपन्न कराते हुए प्रथम परम प्रसाद दिया गया। विशप बिंसेंट बरवा की अगुवाई में धर्मविधि सम्पन्न हुआ। धर्मविधि में विजी सह पल्ली पुरोहित फा इग्नासियुस टेटे, फा पियुस खलखो, फा एफ्रेम बाः, फा सुनील सुरीन, फा ब्रुनो टोप्पो, फा हेनरी तिग्गा, फा जेबियर, फा प्रदीप केरकेट्टा आदि पुरोहितों ने सहयोग किया। मौके पर विधायक भूषण बाड़ा, पाकरटांड़ जिप सदस्य जोसिमा खाखा भी उपस्थित थे। विशप ने अपने संदेश में कहा कि रोटी और दाखरस को अपने जीवन में पहली बार परम प्रसाद के रूप में ग्रहण कर ईश्वर के करीब पहुंच जाते हैं। आज के परिपेक्ष में मनन चिंतन करने की जरूरत है।

## खेल से बच्चों का होता है विकास

**नवीन मेल संवाददाता। सेन्हा**
सेन्हा प्रखंड मुख्यालय स्थित बुनियादी उच्च विद्यालय के खेल मैदान में सद्भवना मंच के तहत वॉलीबॉल मैच का आयोजन किया गया। उपायुक्त डा बाघमारे प्रसाद कृष्ण के निर्देश पर सेन्हा में वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें खान मुहल्ला एवं सेन्हा चौक के खिलाडियों के बीच मैच खेला गया। वहीं खेल का शुभारंभ प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा बॉल को हैंड से किक कर खेल प्रारम्भ किया गया।

बीडीओ स्वयं खेल कर खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाया। मौके पर बीडीओ श्री चोपड़ा ने कहा की खेल से व्यक्ति का बौद्धिक,शाररिक और मानसिक विकास होता है। खेल टीम भावना का परिचय देता है। जिसे मिल जुल कर एक साथ शान्ति व सौहार्द से रहने पर समाज में अच्छा संदेशजाता है। और समाज भी



व्यक्तियों के जैसा साफ सुथरा और स्वास्थ रहता है। एक टीम में खिलाड़ी विभिन्न समुदाय के होते हैं। और सभी आपस मे मिलकर जीतने का प्रयास करते है। उसी तरह सभी जाति समुदाय के लोग मिल जुल कर एक स्वस्थ्य और सुन्दर समाज का निर्माण करेंगे तो सभी का जीवन मे शान्ति, सौहार्द और खुशहाली बना रहेगा। बीडीओ अशोक कुमार चोपड़ा द्वारा दोनों टीम को पुरस्कार स्वरूप एक एक वॉलिबॉल दिया गया। मौके पर बीपीओ निलेन्द्र कुमार, पंचायती राज पदादिकारी सत्यकाम श्रीवास्तव के अलावे नरेश महतो, ईश्वर महतो, जैनुल अंसारी, सिकंदर हयात, सुनील राम सहित सैकड़ों व्यक्ति उपस्थित थे।

# महिला बंदियों व उनके बच्चों का रखें पूरा ख्याल : प्रधान जिला जज

**धनबाद।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन राम शर्मा ने 16 अप्रैल को मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह व अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान के साथ धनबाद मंडल कारा का औचक निरीक्षण किया। उनके साथ डालसा सचिव निताशा बारला व न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह भी थे। जेल में कुल 702 दोषसिद्ध व विचाराधीन बंदी मिले। जिला जज ने प्रत्येक बैरक व वार्ड में पहुंचकर बंदियों से उनके स्वास्थ्य, इलाज, पेयजल, नास्ता, भोजन व मुकदमे में पैरवी के लिए अधिवक्ता होने अथवा नहीं होने की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों को बंदियों के शौचालयों की साफ-सफाई का निर्देश दिया। बीमार बंदियों को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर भेजने को कहा। 34 महिला बंदियों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं। बच्चों व उनके स्वास्थ्य का विशेष देखभाल रखने व उन्हें पोषण युक्त भोजन दिये जाने के निर्देश दिये। इसके पूर्व मंडल कारा में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा व अन्य न्यायिक अधिकारियों ने कैदियों को कानून की जानकारी दी। राम शर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार ने लीगल एड डिफेंस काउंसिल की स्थापना की है। इसमें गरीब बंदियों को मुकदमे की पैरवी के लिए निःशुल्क अधिवक्ता की सुविधा दी जाती है। इसके लिए बंदी जिला विधिक सेवा प्राधिकार को आवेदन भेज सकते हैं। मौके पर उन्होंने कानूनी सहायता क्लिनिक का उद्घाटन भी किया।

### जेल अदालत में 4 बंदियों को मुक्त करने का आदेश

मंडल कारा में रविवार को जेल अदालत लगी. रेलवे के न्यायिक दंडाधिकारी अंकित कुमार सिंह ने चार बंदियों सोनू हसन, शंकर कोल, दीनानाथ चौहान व इंदिरा भुइयां को मुक्त करने का आदेश दिया। मौके पर जेल अधीक्षक अजय कुमार सहित डालसा के सदस्य उपस्थित थे।



## नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम

**चाईबासा।** सुरक्षाबलों ने एक बार फिर से नक्सलियों की बड़ी साजिश नाकाम कर दी है। नक्सलियों के खिलाफ रविवार को चलाए जा रहे सर्च अभियान के दौरान जिले के गोईलकेरा थानान्तर्गत इचाहातू से ईचागोड़ा जाने वाले जंगल से सुरक्षाबलों को एक आईईडी बरामद हुआ है। यह आईईडी सुरक्षाबलों को लक्षित करने के उद्देश्य से लगाया गया था। इससे पहले आईईडी चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई थी। बता दें कि भाकपा माओवादी संगठन के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, अनमोल, मोछु चमन, काडे,अजय महतो, सागेन अंगरिया अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान क्षेत्र में नक्सल गतिविधि को अंजाम देने के लिए घूमते रहते हैं। इसे लेकर बीते 11 जनवरी से ही सुरक्षाबलों द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है।

## विधायक ने किया सड़क निर्माण का शिलान्यास

**चाईबासा।** टोन्टो प्रखंड अंतर्गत नीमडीह पंचायत में ग्राम हेस्सासुरनिया-उली गोदाम से ग्राम चालगी सीमा तक जर्जर सड़क से परेशान ग्रामीणों की परेशानी जल्द दूर होगी। रविवार को विधायक दीपक बिरुवा ने उक्त सड़क निर्माण योजना का शिलान्यास किया। शिलान्यास कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य राज तुबिद, ग्रामीण मुंडा तुराम हेस्सा, सिकंदर हेस्सा, सतारी हेस्सा, उदय कारवा, दामुर हेस्सा, दीपक कारवा मुख्य रूप से शामिल थे। इस 1.100 किमी सड़क का निर्माण जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट मद से कराया जाएगा। स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण के लिए विधायक के प्रति आभार जताया।

## घर का ताला तोड़कर 6 लाख की चोरी

**धनबाद।** धनसार थाना क्षेत्र जोड़ाफाटक रोड स्थित सुरेंद्र कॉलोनी में चोरों ने राजकिशोर श्रीवास्तव के घर का ताला तोड़कर आलमारी मे रखे 6 लाख के आभूषण और कीमती कपड़ों की चोरी कर ली। इस संबंध में भुक्तभोगी ने धनसार थाना में मामला दर्ज कराया है। थाने में दिए आवेदन में राजकिशोर ने बताया कि एक अप्रैल को अपनी बेटी की ससुराल रांची गया हुआ था। इसी बीच चोरों ने मुख्य दरवाजा का ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया। 16 अप्रैल की सुबह पड़ोसियों ने दरवाजे का ताला टूटा देखकर उसे फोन पर सूचना दी। इसके बाद वह घर लौटा और धनसार थाने में मामला दर्ज कराया।

## ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, 200 घरों की बिजली गुल

**धनबाद।** कुमारधुबी कोलियरी के नदीधौड़ा स्थित 80 केवीए के ट्रांसफार्मर में 15 अप्रैल की रात करीब 12 बजे आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि पास के दो घरों को भी अपनी चपेट में ले लीं। इससे वहां अफरातफरी मच गई. पूरे मोहल्ले में बिजली आपूर्ति ठप हो गई। आसपास के लोगों ने दोनों घरों में लगी आग पर किसी तरह काबू पाया। लेकिन ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह जल गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि रात करीब 12 बजे अचानक मोहल्ले की बिजली चली गई। गर्मी से परेशान कुछ लोग घर से बाहर निकले तो देखा कि ट्रांसफॉर्मर धू-धूकर जल रहा है। देखते ही देखते आग की तेज लपटें समीप के दो घर तक पहुंच गईं। हालांकि लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घरों में लगी आग को बड़ी मुश्किल से बुझाया। तब तक ट्रांसफॉर्मर पूरी तरह जल चुका था। ट्रांसफॉर्मर जल जाने से नदी धौड़ा के करीब 200 घरों में बिजली आपूर्ति ठप हो गई है।

## गोविंदपुर में सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**गोविंदपुर।** धनबाद जिले के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में एनएच पर भितिया मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में बाइक(संख्या जेएच 10 बीएफ 8281) सवार की मौत हो गई। घटना 15 अप्रैल शाम की बताई जाती है। गोविंदपुर के पुलिस इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार दल-बल के मौके पर पहुंचे और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एसएनएमएमसीएस, धनबाद भेज दिया। पुलिस बाइक को जब कर थाना ले आई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो पाई है। बाइक के नंबर के आधार पर उसके बारे में पता करने की कोशिश की जा रही है।

## बगोदरः सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

**बगोदर।** बगोदर थाना क्षेत्र के अटका के समीप 16 अप्रैल की देर शाम तीन बाइक सवार ने ट्रेलर में पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें एक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी वहीं दो घायल हैं। बगोदर की ओर से ट्रिपल लोड बाइक सवार गोरहर की ओर जा रहें थे। आगे चल रहे ट्रेलर को बाइक ने पिछे से जोरदार ठोकर मार दी। जिसमें बाइक चालक 20 वर्षीय विशाल कुमार भूइयां की मौत वहीं हो गयी। जबकी राजकुमार कुमार भूइयां व राहुल कुमार भूइयां को गंभीर स्थति में बगोदर बचाव संघर्ष समिति के ललिता कुमारी व दीपू मंडल के सहयोग से सीएचसी भेजा गया। डॉ बिनय कुमार ने बताया कि राजकुमार भूइयां को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया जा रहा है। बगोदर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में ले लिया है। सभी बाइक सवार गोरहर थाना क्षेत्र के शिलाडीह का रहने वाला बताया जाता है।

## आदिवासी कुड़मी ग्राम कमेटी का विस्तार

**मनोहरपुर।** प्रखंड अंर्तगत ढिपा गांव में रविवार को आदिवासी कुड़मी समाज की एक बैठक योगेन्द्र महतो की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में ग्राम कमिटी का विस्तार करने पर चर्चा की गई. साथ ही सामाजिक कुरीतियों को दूर करने एवं समाज के हित में विभिन्न विंदुओं पर चर्चा की गई। इसके अलावा सामाजिक समरसता व आपसी नेगाचारी, संस्कृति, परब त्योहार को जागृति कर अपनी मूल कुड़माली संस्कृति को बचाने के लिए समाज के प्रबुद्ध लोगों को आगे आने को कहा। इसके लिए सभी को सामाजिक जनजागरण अभियान में भागीदारी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। वहीं इस बैठक में सामाजिक उत्थान के कार्यों में महिला एवं पुरुष वर्ग ग्राम कमेटी का सर्वसम्मति से गठन कर पदाधिकारियों का चयन किया गया। इसके तहत ढिपा ग्राम पुरुष कमिटी के अध्यक्ष अरुण महतो, उपाध्यक्ष सनातन महतो (बी), सचिव सनातन महतो(ए), उपसचिव सुरेश महतो, कोषाध्यक्ष सुशील महतो, संरक्षक रामरूप महतो को बनाया गया है जबकि महिला वर्ग ग्राम कमेटी की अध्यक्ष पार्वती महतो, उपाध्यक्ष सुष्मिता महतो, सचिव सुशीला महतो, उपसचिव देवती महतो, कोषाध्यक्ष तिलोतमा महतो को बनाया गया. साथ ही नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को समाज हित में काम करने की जिम्मेदारी दी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से समाज के जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण महतो,प्रखंड अध्यक्ष योगेंद्र महतो, सचिव राज बिहारी महतो, प्रखंड युवा कमिटी से अनादि महतो, अशोक कुमार महतो, सुमित महतो, ग्राम मुंडा सुरेश चंद्र महतो, रघुनाथ महतो, नयन महतो आदि उपस्थित थे।

### वृद्ध दंपती को हथियार का भय दिखाकर घर में बनाया बंधक

# डेढ़ लाख की डकैती

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
गिरिडीह जिले के भेलवाघाटी थाना क्षेत्र के कुलमुंगरी गांव में डकैतों ने 15 अप्रैल की देर रात पिस्तौल की नोक पर एक वृद्ध दंपती को घर में बंधक बनाकर डेढ़ लाख रुपये की डकैती की। वारदात की सूचना पाकर भेलवाघाटी थाना प्रभारी अवधेश कुमार सदलबल कुलमुंगरी गांव जाकर भुक्तभोगी दंपती से जानकारी ली। भुक्तभोगी महेंद्र मोदी के अनुसार रात में करीब दो बजे अचानक उसके चेहरे पर टॉर्च की रोशनी पड़ी। नींद खुलने पर घर में डकैतों को देखा. देखते ही देखते डकैतों ने पिस्तौल दिखाकर चुप रहने को कहा। इसके बाद डकैतों ने दंपती को बंधक बनाकर सोना, चांदी के जेवरातों समेत पचास हजार रुपए नगद लूट लिए। दंपती का दावा है कि नगद समेत कुल डेढ़ लाख रुपए मूल्य के संपत्ति की डकैती हुई है। डकैतों ने महेंद्र मोदी की पत्नी शकुंतला देवी के कान से कर्णफूल, गले का लॉकेट, पैर में पहने पायल को भी खोल लिया. शकुंतला देवी के विरोध करने पर डकैतों ने मारपीट की। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अवधेश कुमार ने बताया कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।



## चंदवा में ग्रामसभा का आयोजन

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड क्षेत्र से लगभग 15 किमी दूर माल्हन पंचायत के मरमर गांव में रविवार को ग्रामसभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा में गांव के सैकड़ों महिला-पुरुष शामिल हुए। सभा की अध्यक्षता ग्राम प्रधान बाल किशुन मुंडा ने किया। गांव में सीएमपीडीआई के द्वारा कार्य कराया जा रहा है। ग्रामीणों को भविष्य में अपनी जमीन से बेदखल होने का डर सता रहा है। इसी को लेकर ग्रामीणों ने एक सभा का आयोजन किया। सभा में भविष्य में संवैधानिक तरीके से आने वाली समस्या का एकजुट होकर सामना करने की बात पर सभी ने सहमति जताई। सभी ने एक स्वर में कहा कि हमारी जमीन हमसे कोई नहीं ले सकता है। कोई भी समस्या आएगी तो हमलोग मिलकर उसका सामना करेंगे।

# हॉकी टूर्नामेंट : लचरागढ नारोडेगा की टीम बनी विजेता

**नवीन मेल संवाददाता। सिमडेगा**
कोलेबिरा प्रखंड के पारिश मैदान में 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के मौके पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। शनिवार को टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला सिमडेगा और लचरागढ़ नारोड की टीम के बीच खेला गया। जिसमें लचरागढ नारोडेगा की टीम 3-2 से विजयी रही। विजेता टीम को 25000 नकद, उपविजेता को ?10000 नकद तथा तीसरे स्थान पर रहने वाली टीम को 5000 नगद तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोलेबिरा विधायक नमन विक्सल कोंगारी मौजूद रहे। फाइनल मुकाबले में कोलेबिरा प्रखंड प्रतिनिधिमंडल तथा कोलेबिरा प्रखंड कांग्रेस कमेटी के सदस्य शामिल हुए। बता दें कि 14 अप्रैल बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया था। टूर्नामेंट में कुल 12 टीमों ने भाग लिया था। अंतिम दो में सिमडेगा और लचरागढ़ नारोड की टीम पहुंची। रविवार को दोनों टीमों के बीच फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें लचरागढ नारोडेगा की टीम ने सिमडेगा को 3-2 से हराकर खिताब पर कब्जा जमाया।

# 24 कुंडीय महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता। सरिया**
गायत्री परिवार सरिया की ओर से ठाकुरबाड़ी मैदान में तीन दिवसीय चौबीस कुंडीय महायज्ञ 16 अप्रैल से आरम्भ हो गया। पहले दिन ठाकुरबाड़ी मैदान से 551 महिलाओं ने माथे पर कलश रख कर सरिया बाजार भ्रमण करते हुए 4 किलोमीटर दूर खेडुआ नदी पहुंची। कलश में जल भरकर महिलाएं धार्मिक व गायत्री भजनों को गाते हुए वापस ठाकुरबाड़ी मैदान पहुंची। मुख्य अतिथि गिरीडीह जिला जज नीरजा श्री ने कहा कि स्वस्थ समाज का निर्माण स्वस्थ व्यक्ति से ही हो सकता है। जितनी बातें हम बेटियों को बताते हैं बेटों को भी उसी अनुरूप जागरूक करें तथा सही गलत के बारे में जागृत करें। गायत्री परिवार के सदस्यों ने कहा कि अपनी कमाई का कुछ हिस्सा धार्मिक कार्यों में लगाएं जो एक परंपरा बन जाए। आने वाली पीढ़ी इसको कायम रखें ताकि धर्म की भावना निरंतर चलती रहे। अंत में लोगों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कलश यात्रा में बगोदर के पूर्व विधायक नागेंद्र महतो भी शामिल रहे।

## केंद्रीय कारा में जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर

गिरिडीह। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के मार्गदर्शन में 16 अप्रैल को केंद्रीय कारा गिरिडीह में बंदियों के बीच जेल अदालत सह विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सहायक लीगल एंड डिफेंस काउंसिल फैयाज अहमद व पुरूषोत्तम कुमार ने बंदियों को प्रदान किए जाने वाले विधिक सहायता के बारे में बताया। निरंतर विधिक सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बंदियों के बीच से ही पारा लीगल वॉलिंटियर्स की नियुक्ति की गई है। वे निरंतर बंदियों के संपर्क में रहकर उनकी समस्याओं को कारा प्रशासन के माध्यम से जिला विधिक सेवा प्राधिकार तक पहुंचातें हैं। जो बंदी स्वयं के खर्च पर अधिवक्ता रख पाने में असमर्थ हैं उनके लिए लीगल एंड डिफेंस काउंसिल के तहत अधिवक्ताओं की प्रतिनियुक्ति की गई है। जेल पीएलबी को निर्देश दिया गया कि कारा में कोई भी बंदी अपने कानूनी अधिकारों से वंचित नहीं रहे।

## सिमडेगा : भाजपा युवा मोर्चा ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**सिमडेगा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा ने सामाजिक समरसता और न्याय सप्ताह को लेकर जिला अध्यक्ष अजय सिंह के नेतृत्व सदर प्रखंड के मैना बेड़ा में चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। शिविर में सैकड़ों ग्रामीणों ने पहुंचकर अपनी जांच कराई। कोलेबिरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी सह चिकित्सक डॉ. महेन्द्र कुमार के नेतृत्व में ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच कर आवयश्क दवाई दी गई। मौके पर भाजयुमो जिला अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा 5 अप्रैल से 16 अप्रैल तक सामाजिक समरसता एवं न्याय सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी को लेकर यह निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, ताकि ग्रामीणों को इसका लाभ मिल सके। उद्घाटन करते हुए पूर्व मंत्री विमला प्रधान ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा समय-समय पर कई कार्यक्रम चलाए जाते हैं, जिससे आम लोगों को लाभ मिले। प्रधानमंत्री का नारा है सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास। इस शिविर का ग्रामीणों ने लाभ उठाया। ग्रामीणों को उनके स्वास्थ्य के प्रति जागरूक भी किया गया, ताकि समय-समय पर वह अपने स्वास्थ्य की जांच कराएं। जिलाध्यक्ष लक्ष्मण बड़ाईक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी को यूं ही नहीं पार्टी विद डिफरेंस कहा जाता है। जहां अन्य राजनीतिक पार्टियां सिर्फ वोट की राजनीति करती है, वहीं भारतीय जनता पार्टी सेवा भाव की राजनीति करती है। सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया।

### गढ़वा में कैंसर जागरुकता पर कार्यशाला, विशेषज्ञ बोले

# तंबाकू का सेवन नहीं करें



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**
गढ़वा सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन के सभागार में शनिवार को कैंसर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें कैंसर के कारण, बचाव व प्रारंभिक लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। सदर अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा जिले के आयुष चिकित्सक को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. कमलेश कुमार, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. कमलेश कुमार व सदर अस्ताल के उपाधीक्षक डॉ.अवधेश सिंह भी उपस्थित थे। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक पीएमसीएच पटना के पैथोलाजी विभाग के सह प्राध्यापक डॉ. दिलीप कुमार, आईजी एम्स पटना के रेडियोलाजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.संजय कुमार सुमन तथा पारस हॉस्पिटल पटना के कैंसर स्पेशलिस्ट डॉ.आरएन टैगोर शामिल हुए। मौके पर प्रशिक्षकों ने कहा कि देश में 50 प्रतिशत कैंसर को रोका जा सकता है, जो तंबाकू के सेवन से होता है। जबकि प्रारंभिक अवस्था में डिटेक्ट हो जाए तो 90 प्रतिशत कैंसर को ठीक किया जा सकता है. उन्होंने कहा कि डब्ल्यूएचओ के वर्ष 2020 की रिपोर्ट के अनुसार 90 प्रतिशत कैंसर निम्न सामाजिक आर्थिक वर्ग के लोगों में होता है। इस वर्ग के लोग जागरुकता के अभाव एवं समझ की कमी के कारण कैंसरग्रस्त होने के बावजूद देर होने पर ही चिकित्सक के पास इलाज कराने जाते हैं। प्रशिक्षकों ने कहा कि पुरुषों में ओरल कैंसर तथा महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर अधिक होता है। कैंसर के शुरूआती सात लक्षणों की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि शरीर में कोई भी घाव जो चिकित्सा के बाद भी नहीं भरे तथा बढ़ता ही जाए। जबकि स्तन या किसी अंग में गांठ, मांस आदि का उभरना, शरीर के किसी भाग में असामान्य रक्तस्राव, लगातार खांसी या गले में रूखापन या आवाज में बदलाव, लगातार अपच या खाने, निगलने में कठिनाई, तील या मासा का तीव्र गति से अचानक बढ़ने लगना, शौच, पेशाब के नियमित आदतों में बदलाव आदि कैंसर के शुरूआती लक्षण हो सकते हैं। जबकि तंबाकू व शराब के सेवन से फेफड़ा, मुंह, गला, किडनी व खाने की नली का कैंसर हो सकता है। बचाव के तरीके पर चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करें। जबकि शराब, मांसाहार भोजन, तला हुआ खान, फास्ट फूड आदि नहीं खाएं. ताजी सब्जियां, मौसमी फल, शाकाहारी भोजन, वजन कम रखें तथा नियमित व्यायाम व आध्यात्म से जुड़कर कैंसर से बचाव कर सकते हैं।

**विकास**

### सांसद व विधायक ने कॉलेज भवन का किया उद्घाटन

# प्राकृतिक संसाधन होने के बावजूद राज्य शिक्षा में पीछे



**नवीन मेल संवाददाता। बेरमो**
गोमिया प्रखंड के स्वांग स्थित बर्धमान महाबीर महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन 16 अप्रैल को गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी व गोमिया विधायक डॉ. लम्बोदर महतो ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर सांसद ने कहा कि झारखंड में खनिज संपदाओं की भरमार है। प्राकृतिक संसाधन मौजूद होने के बावजूद राज्य शिक्षा के क्षेत्र में पीछे है। राज्य में टेक्निकल शिक्षा की कमी होने के कारण विद्यार्थियों को दूसरे राज्यों में शिक्षा ग्रहण करने के लिए जाना पड़ता है। झारखंड में अभी तक विस्थापन व नियोजन नीति नहीं बनाई गई है, जिससे यहां के लोगों को वाजिब हक हक नहीं मिल पा रहा है। इसके लिए लोगों को जागरूक होना होगा। उन्होंने कॉलेज प्रबंधन को हर संभव मदद देने की बात कही। विधायक डॉ. लंबोदर महतो ने कहा कि गोमिया को एजुकेशनल हब बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। गोमिया में डिग्री कॉलेज भवन बनकर तैयार है। इस सत्र से कॉलेज में पढ़ाई शुरू हो जाएगी। इसी गोमिया में झारखंड ओपन यूनिवर्सिटी का ब्रांच खोला जाएगा। गोमिया टेन प्लस टू हाई स्कूल को आदर्श स्कूल के रूप में विकसित किया जाएगा। तेनुघाट व कसमार में आईटीआई भवन बनकर तैयार है। इस, चालू करने के लिए विभागीय मंत्री से बातचीत हुई है। बर्धमान महाबीर महाविद्यालय के नवनिर्मित भवन के विस्तार में हर संभव मदद दी जाएगी। मौके पर पूर्व सरपंच बालगोविंद प्रजापति, अरुण कुमार, मो. सफरोज खान, डॉ. सुरेंद्र राज, आजसू के केंद्रीय सचिव राजेश विश्वकर्मा समेत बबलू तिवारी, तारामणि भोक्ता, विनोद विश्वकर्मा, चंद्रदीप पासवान, धनंजय सिंह, विपिन कुमार, राधेश्याम वर्मन, केदारनाथ स्वर्णकार, चंदना डे, अजय रंजन यादव, विजयानंद प्रसाद, कुलदीप प्रजापति, इंद्रनाथ महतो, सुनील पासवान, आशीष शर्मा, रविंद्र यादव, सुखदेव स्वर्णकार, कुंवर यादव,पवन कुमार, रामचंद्र गंझू, सोनू कुमार, विजय महतो समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

# ईद पर बाजार व संवेदनशील पर रहेगी विशेष नजर : डीएसपी



**नवीन मेल संवाददाता। धनबाद**
जिले के गोविंदपुर थाना परिसर में ईद को लेकर 16 अप्रैल को शांति समिति की बैठक हुई। इसमें त्योहार को भाईचारा के साथ मनाने का निर्णय लिया गया। डीएसपी अमर कुमार पांडेय ने कहा कि संवेदनशील स्थानों पर दंडाधिकारी के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती होगी। गोविंदपुर बाजार में विशेष चौकसी बरती जाएगी। बाइक खड़ी कर सड़क जाम करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। बीडीओ संतोष कुमार ने कहा कि पानी-बिजली की पर्याप्त व्यवस्था को लेकर 18 अप्रैल को प्रखंड कार्यालय परिसर में अधिकारियों व पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक होगी। पुलिस इंस्पेक्टर जीतेंद्र कुमार ने लोगों से त्योहार सौहार्द व भाईचारे के साथ मनाने की अपील की। बैठक में प्रखंड प्रमुख निर्मला सिंह, जिप सदस्य सोहराब अंसारी, डीएन सिंह, तासीर अंसारी, गुल्लू अंसारी, बलराम साव आदि मौजूद थे।

# अतीक की हत्या

***गैंगस्टर*** अतीक अहमद और उसके छोटे भाई अशरफ को जिस तरीके से पत्रकार बन कर तीन अपराधियों ने ढेर किया, उससे कई सवाल उपजे हैं। ये वो सवाल हैं जो योगी सरकार को आने वाले कुछ दिनों तक परेशान करते रहेंगे। जाहिर है, सरकार अपने तईं सब कुछ ठीक करने का प्रयास करेगी पर रात 10 बजे के बाद जिस तरीके से इन दोनों सजायाफ्ता अपराधियों की हत्या की गई, उसने यूपी में कानून-व्यवस्था की चिंताजनक हालात को रेखांकित ही किया है। आने वाले दिनों में सुप्रीम कोर्ट तक यह मामला जाना ही है। यूपी हाईअलर्ट पर है और कई कड़े प्रावधान लागू कर दिये गए हैं। अब किसी भी मंत्री अथवा मुख्यमंत्री से पत्रकारों के मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुल मिला कर यूपी के हालात बहुत अच्छे नहीं हैं।

जिस तरीके से अतीक और अशरफ की हत्या की गई, वह यूपी में कथित कानून के राज का पोल खोलने के लिए काफी है। कहां तो असद के एनकाउंटर के बाद यूपी के दोनों डिप्टी चीफ मिनिस्टर कानून के राज का बखान कर रहे थे और खुद मुख्यमंत्री ने जांबाज एसटीएफ के जवानों को शाबाशी भी दी थी। अब लाइव एनकाउंटर में दो लोगों को ढेर कर देने का मसला इनकी जुबान पर ताला लगा गया है। इससे यह साबित होता है कि यूपी में जिसकी, जब इच्छा हो, जहां इच्छा हो उसे टपकाया जा सकता है। यह कई बार हो भी चुका है। पुलिस अभिरक्षा में यह कोई पहली मौत नहीं है। मुन्ना बजरंगी को याद करें। उसे कैसे ढेर किया गया था। सरकारी गवाह और वकील राजू पाल हत्याकांड को भी कुछ इसी अंदाज में अंजाम तक पहुंचाया गया था।

**यूपी हाईअलर्ट पर है और कई कड़े प्रावधान लागू कर दिये गए हैं। किसी भी मंत्री अथवा मुख्यमंत्री से पत्रकारों के मिलने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। कुल मिला कर यूपी के हालात बहुत अच्छे नहीं हैं।**

यूपी में हाल के दिनों में, खास कर बीते 50-52 दिनों में अपराध, अपराधी और उनका एनकाउंटर ही प्रमुख रूप से छाया हुआ है। योगी आदित्यनाथ का यह कहना कि ह्यमाफिया को मिट्टी में मिला दिया जाएगाह्ल को पूरा किया गया। सियासी जमीन तलाशी गई। भाजपा ने सपा पर हमला किया तो सपा ने भाजपा पर। जाहिर है, अतीक एक खास समुदाय से संबंध रखता था, जिस समुदाय को अखिलेश और उनके मरहूम पिता भी बेहद तवज्जो देते थे। उसी कड़ी में एक नाम और जुड़ गया है-प्रोफेसर रामगोपाल यादव का। रामगोपाल यादव भी इस हत्याकांड की खूब चर्चा कर रहे हैं और यह कहने से बाज नहीं आते कि अतीक को गैंगस्टर मीडिया ने बनाया। क्या अतीक साधु-संत था, जिसे मीडिया ने गैंगस्टर बना डाला। अतीक वह अपराधी था, जिसने 17 साल की उम्र में पहली हत्या की थी। यह भी एक तथ्य है कि अतीक को पालने-पोसने, मायावती के साथ गलत हरकत करने के लिए दुस्साहस भी उन्हीं सफेदपोशों के दम से आया था। यह एक जहरीली बेल थी, जिसे गलत तरीके से काटा गया। अब चूंकि यूपी में भाजपा की सरकार है तो जाहिर है कि सवाल-जवाब भाजपा से ही होंगे। जिस बात का डर है, वह है कानून व्यवस्था का। यूपी में कानून के राज की बात तो होती है लेकिन इसे अमल में नहीं लाया जाता। अगर यकीनी तौर पर यहां लॉ एंड ऑर्डर की बात होती तो लॉ के इस तरीके से परखच्चे नहीं उड़ते। लोग मानते हैं कि ऑर्डर को माना जा रहा है, रूल ऑफ लॉ को लोगों ने बिसार दिया है। लोग मनमर्जी करने लगे हैं। किसी के मन में पुलिस का खौफ नहीं है। दो-चार एनकाऊंटर में सफलता का यह अर्थ हरगिज नहीं हुआ कि यूपी में लॉ एंड ऑर्डर की स्थिति सुधर गई है।

# अपराध के चरम का अंत लोक कल्याण का विस्तार





प्रमोद भार्गव

***जब*** किसी कुख्यात और उसके कुनबे के अपराधों पर कानून के राज की व्यवस्था शून्य हो जाए, तब कुदरत उसके अंत की रचना रचती है। अतीक अहमद के अंत की कहानी यही कह रही है। ऐसे अपराधियों को जब संवैधानिक-राजनीतिक सुरक्षा कवच मिल जाय तो अपराध की भूमिका उनके राजनीतिक और आर्थिक साम्राज्य के विस्तार का कारण बनते जाते हैं। यह सिलसिला तब और निष्ठुर एवं हिंसक हो जाता है, जब पुलिस तो पुलिस अदालत के न्यायाधीश भी ऐसे दुर्दांत के मामले की सुनवाई से इनकार कर दें और राजनेता व राजनीतिक दल संरक्षण देने लग जाएं ? इसीलिए अतीक बेखौफ होकर प्रयागराज में 24 फरवरी 2023 को उमेश पाल समेत दो पुलिसकर्मियों की सरेआम हत्या करा देता है। हत्यारे कानून व्यवस्था से इतने निश्चित रहते हैं कि चेहरे को ढकने के बजाय खुला रखते हैं, जिससे उनका खौफ कायम रहे कि वह कौन हैं ? झांसी में पुलिस मुठभेड़ में ये हत्यारे मारे जाते हैं। इनमें से एक अतीक का लड़का असद और दूसरा गुलाम मोहम्मद था। चूंकि उमेशपाल की हत्या के समय इन्होंने चेहरे पर आवरण नहीं डाला था, इसलिए इनकी पहचान में कोई संदेह नहीं था। उमेश पाल, विधायक राजूपाल की हत्या के प्रकरण में अतीक के विरुद्ध एक वकील के रूप में निडर होकर अपने दायित्व का निर्वहन कर रहे थे। अदालत में यह पैरवी अहमदाबाद की साबरमती जेल में बंद अतीक और बरेली की जेल में बंद उसके भाई अशरफ को नागवार गुजर रही थी। नतीजतन इन दोनों ने जेल में बैठे-बैठे ही उमेश पाल की हत्या का वारंट निकाल दिया। जब न्याय व्यवस्था के संवैधानिक अंग पुलिस, न्यायालय और वकील कानून के राज को अंजाम तक पहुंचाने में विफल दिखे तो तीन युवकों ने अतीक और अशरफ का काम तमाम कर दिया। करीब पचास साल पहले इलाहबाद (प्रयागराज) के फिरोज तांगे वाले के बेटे (अतीक) ने 17 साल की उम्र में जयराम की हत्या कर खून की इबारत लिखनी शुरू कर दी थी। बस फिर क्या था। इसके बाद उसके अपराध की दुनिया रंगदारी, अवैध वसूली और जमीन व मकान हड़पने के धंधे में बदलती चली गई। कुछ ही समय में उसका आतंक समूचे इलाहबाद और आसपास के क्षेत्र में फैलने लग गया। हालांकि इस समय चांद बाबा की तूती बोलती थी। देखते-देखते अतीक ने चांद बाबा के वर्चस्व को नेस्तनाबूत कर दिया। फिर खादी पहनकर नेता का स्वांग धारण कर लिया। परंतु अपराध से नाता नहीं तोड़ा। उस अकेले पर 101 से ज्यादा मामले विभिन्न अदालतों में विचाराधीन हो गये। अशरफ पर भी पचास से ज्यादा एफआईआर दर्ज हैं। अतीक अहमद 1989 में इलाहबाद की पश्चिमी विधानसभा सीट से चांद बाबा के विरुद्ध निर्दलीय चुनाव लड़ा। धन व बाहुबल के बूते जीत भी हासिल कर ली। इस जीत के कुछ महीनों बाद ही चांद बाबा की हत्या हो गई। इसके बाद अतीक के आतंक का ऐसा परचम फहरा कि उसके विरुद्ध चुनाव लड़ने से सभी दलों के नेता कन्नी काटने लगे। 1991 और 1993 में भी वह निर्दलीय चुनाव लड़ा और जीता। समाजवादी पार्टी की वर्चस्व स्थापना के बाद अपराधियों का सपा में शामिल

**फिरोज तांगे वाले के बेटे (अतीक) ने 17 साल की उम्र में जयराम की हत्या कर खून की इबारत लिखनी शुरू कर दी थी। इसके बाद उसके अपराध की दुनिया रंगदारी, अवैध वसूली और जमीन व मकान हड़पने के धंधे में बदलती चली गई।**

इन दिनों

होने का सिलसिला शुरू हो गया। लिहाजा 1996 में अतीक चौथी बार सपा से विधायक बना। लेकिन किसी भी दल का वह सगा नहीं रहा। 2002 में वह अपना दल के टिकट पर चुनाव जीता और फिर 2004 में फूलपुर लोकसभा सीट से चुनाव जीतकर संसद के पवित्र मंदिर में भी दाखिल हो गया। 25 जनवरी 2005 को बसपा विधायक राजू पाल पर अतीक ने दिनदहाड़े सड़क पर दौड़ा दौड़ा कर गोलियां बरसाईं। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो वहां इसलिए ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई गईं कहीं राजू जिंदा न बच जाय। राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने अतीक और अशरफ समेत नौ लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कराई । इसी मामले की पैरवी का दुस्साहस अधिवक्ता उमेश पाल कर रहे थे। इस मामले में वह चश्मदीद गवाह भी थे। उमेश को धमकाया गया। अपहरण करने की कोशिश भी की गई। लेकिन उमेश ने हिम्मत नहीं हारी और जिला अदालत से लेकर उच्च व उच्चतम न्यायालय तक मामले को ले गये। आखिरकार राजू पाल की हत्या के 12 साल बाद सर्वोच्च न्यायालय ने सीबीआई जांच के आदेश दिये। सीबीआई ने गंभीर पड़ताल के बाद अतीक, अशरफ समेत 18 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की। उमेश की निरंतर सर्तकता और पैरवी के चलते इलाहबाद हाई कोर्ट ने दो माह के भीतर राजू पाल हत्याकांड की सुनवाई पूरी करने का आदेश निचली अदालत को दिया। सुनवाई शुरू होने से पहले ही 24 फरवरी 2023 को पुलिस सुरक्षा में उमेश पाल की दिनदहाड़े हत्या कर दी गई। सुरक्षा में लगे दो पुलिसकर्मियों को भी प्राण गंवाने पड़े। इस माफिया के तार पाकिस्तान और कई आतंकी संगठनों से जुड़े बताए जा रहे हैं। एटीएस और एएनआई भी अतीक से लंबी पूछताछ में लगी थी। इसने 1168 करोड़ रुपये की अवैध संपत्ति बना ली थी, जिसे योगी सरकार ने इसकी मौत से पहले ही मुक्त करा चुकी है। न्यायिक सिद्धांत का तकाजा तो यही है कि एक तो अपराधी को समय पर ऐसी सजा मिले, जो फरियादी को न्याय लगे ? लेकिन दुर्भाग्य से अतीक और उसके गिरोह को न तो समय पर सजा मिल पाई और न ही धन-संपत्ति कमाने की उसकी हवस पर अंकुश लग पाया। । जब ऐसे लोग निर्वाचित प्रतिनिधि बन जाते हैं तो इनकी अनैतिक महत्वाकांक्षाएं और परवान चढ़ने लगती हैं। अपनी राजनीतिक इस छवि को ये दानदाता बनकर और अधिक भुनाने में लग जाते हैं। अतैव अपनी जाति और धर्म के गरीब लोगों की धर्म के नाम पर मदद कर फरिश्ते की श्रेणी में आ जाते हैं। ऐसे ही उपकृत लोग इनके प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए इनकी जीत में निरंतर भागीदार बने रहते हैं। यह स्थिति न्याय व्यवस्था पर भरोसा करने के बजाय, उसे खूंटी पर टांग देने का काम करती है। अतीक के साथ यही हुआ और वह क्षेत्रीय खतरे के साथ पाकिस्तानी आतंकवादियों से हाथ मिलाकर राष्ट्रीय खतरे की जद में भी आता जा रहा था। जिन तीन युवकों ने अतीक का अंत किया, संभवतः वे भी इसकी मार से आहत थे। इसलिए उन्होंने मौका पाकर अतीक और अशरफ का खुलेआम वैसे ही अंत को अंजाम दिया, जैसा करने का यह लोग जाने जाते थे। प्रतिशोध के मनोविज्ञान की यही मानसिकता होती है।

## बोधि वृक्ष

### *आईए सुनें मां गंगा की कथा*

***पवित्र*** देवभूमि उत्तराखण्ड को स्वर्ग की उपमा दी जाती है, क्योंकि यह देवताओं का विहार स्थल एवं तपस्वी ऋषि - मुनियों का साधना स्थल है । इसलिए इसे स्वर्गद्वार भी कहा जाता है । इस स्थल का नाम ' हरिद्वार ' इसलिए भी पड़ा है कि बद्रीनारायण की यात्रा का आरम्भ इसी स्थान से किया जाता है । अतः उनके हरि नाम के कारण लोग इसे ' हरिद्वार ' कहते हैं। कनखल दक्ष प्रजापति की कथाः जब सृष्टि का आरम्भ काल था , उसे समय कनखल में राजा दक्ष प्रजापति की राजधानी थी । दक्ष की पुत्री ' सती ' शिवजी को व्याही गई थी , परन्तु ईर्ष्यावश दक्ष शिवजी से शत्रुता रखते थे , अतः एक बार जब उन्होंने यज्ञ किया तो सब देवताओं को बुलाया केवल शिव - सती को आमंत्रित नहीं किया । उस समय सती जी बिना निमंत्रण मिले ही शिवजी से हठ करके पिता दक्ष के घर चली गई परन्तु जब वहां दक्ष ने उसका ठीक से सम्मान नहीं किया तो वे क्रुध होकर उसी यज्ञकुण्ड भस्म हो गई। यह देखकर शिव के गण बीरभद्र ने यज्ञ में उपस्थित सभी ऋषि - मुनि तथा देवताओं को मारकर भगा दिया तथा दक्ष का मस्तक काटकर उसी यज्ञकुण्ड में डाल दिया । जब सब देवता शिवजी की शरण पहुंचे तब उन्होंने प्रसन्न हो दक्ष के मस्तक पर बकरे का मस्तक लगाकर उसे पुनर्जीवित कर दिया । इस प्रकार यज्ञ सम्पूर्ण हुआ और दक्ष ने शिवजी की भक्ति स्वीकार की । अब शिवजी सती की मृतक देह को लेकर विलाप करते हुए सर्वत्र घूमने लगे । उस समय विष्णु जी ने उनका मोह नष्ट करने के लिए अपने चक्र द्वारा सती के के मृत शरीर के टुकड़े कर डाले । वे टुकड़े 51 स्थानों पर गिरे । अतः सभी स्थानों पर 51 शक्तिपीठों की स्थापना हुई । शिवजी ने अपनी माया द्वारा दक्ष को पुनः जीवित किया था । अत : स्थान का नाम मायाक्षेत्र अथवा मायापुरी पड़ा। मृत्युलोक में गंगाजी के आने के उपरान्त एक बार राजा श्वेत ने इस स्थान पर ब्रह्मचारी का तप किया था । जब ब्रह्माजी ने प्रसन्न होकर उन्हे दर्शन दिया तथा वर मांगने के लिए कहा।

(क्रमशः)

# शिक्षा में सृजनात्मकता को अवसर दिया जाए



गिरीश्वर मिश्र


***औपचारिक*** शिक्षा और सृजनात्मकता के आपसी सम्बन्ध समाज के वर्तमान और भविष्य के निर्माण के साथ गहनता से जुड़े हुए हैं। शिक्षा में सृजनात्मकता कितनी बची रहेगी और समाहित होगी इस बात पर देश का ही नहीं बल्कि सारी मनुष्यता का भविष्य निर्भर करता है। शिक्षा सृजनात्मकता के साथ शब्द और अर्थ की ही तरह आपस में जुड़ी हुई है। जैसे शब्द और अर्थ एक दूसरे से संपृक्त होते हैं, एक के बिना दूसरे का कोई मूल्य या उपयोगिता नहीं होती, ठीक वैसी ही शिक्षा और सृजनात्मकता भी एक दूसरे से जुड़े और अन्योन्याश्रित होते हैं। बगैर सृजनात्मकता के शिक्षा अर्थहीन होगी और सृजनात्मकता के विकास के लिए शिक्षा और प्रशिक्षण का अवसर भी जरूरी होता है। इसलिए शिक्षा की सार्थकता के लिए उसका रचनात्मक और सृजनात्मकता होना ही चाहिए। किंतु जब हम शिक्षा-व्यवस्था में सृजनात्मकता की जगह तलाशते हैं तो विफलता ही हाथ लगती है। रटना और उसे परीक्षा में पुनरुत्पादित कर देना ही शिक्षा का परम लक्ष्य बन चुका है। इस दृष्टि से सोचने पर आज की औपचारिक शिक्षा की वास्तविकता पर विचार चिंता पैदा करने वाला होता जा रहा है। तथ्य यही है कि शिक्षा और सृजनात्मकता के बीच की कड़ी सामान्य शिक्षा केंद्रों में बहुत क्षीण अथवा कमजोर होती जा रही है। हम जो शिक्षा व्यवस्था देख रहे हैं, जिसमें जी रहे हैं उसमें ज्यादातर जगहों पर सृजनात्मकता का कोई अंश ढूंढे नहीं मिल रहा है। यह अलग बात है और जिस पर गौर किया जाना चाहिए कि तो भारत और अन्यत्र भी रचनाशील लोगों को औपचारिक शिक्षा कोअक्सर रास नहीं आती है। ऐसे लोगों ने बीच में ही छोड़ दिया जिनके भीतर तीव्र रचनात्मकता थी। उनको स्कूली व्यवस्था रास नहीं आयी। ऐसा इसलिए था क्योंकि औपचारिक शिक्षा व्यवस्था एक औपनिवेशिक दृष्टि की उपज थी । इस तथ्य से भी कोई इनकार नहीं कर सकता कि इस शिक्षा व्यवस्था का उद्देश्य अंग्रेजी राज के लिए बाबू यानी क्लर्क तैयार करना था। इसलिए सबसे पहले आत्मबोध को खंडित किया गया और धीरे-धीरे उसे विस्मृति के अंधे कुएं में डाल दिया गया। जिसका परिणाम है कि किसी चीज अथवा प्रत्यय का भारतीय होना हीन माना जाने लगा। यहां तक कि जब तक विदेश की मुहर न लग जाय तबतक उसे स्वीकार न करने का ही चलन बन गया। हमारे मन में 'भारतीय' के लिए व्यर्थता बोध भरता चला गया। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि शिक्षा का अर्थ परिष्कार और शुद्धि भी है। इसलिए हमारे मस्तिष्क में जो यह भ्रम बैठ गया है उसका निवारण भी शिक्षा के माध्यम से होना चाहिए। हमारे यहां ज्ञान का दायरा, उसकी व्याप्ति बहुत बड़ी है। विद्या भी परा और अपरा दो प्रकार है। इस दृष्टि से भी उसपर विचार होना चाहिए। यदि आप वेदों और उपनिषदों को रचनात्मकता का प्रमाण नहीं मानेंगे, कालिदास को नहीं स्वीकार करेंगे तो किसे स्वीकार करेंगे। कादंबरी जैसी रचना यदि आपके चिंतन का हिस्सा नहीं है तो चिंतन करेंगे किसपर? हम यह न भूले की सृजनात्मकता का एक अर्थ मौलिकता भी है। इस अर्थ में महाकाव्य सृजनात्मकता के

**रटना और उसे परीक्षा में पुनरुत्पादित कर देना ही शिक्षा का परम लक्ष्य बन चुका है। इस दृष्टि से सोचने पर आज की औपचारिक शिक्षा की वास्तविकता पर विचार चिंता पैदा करने वाला होता जा रहा है।**

शिक्षा

प्रतिमान हैं। जिस प्रकार की औपचारिक शिक्षा आजकल मिल रही है वह हमारे सोच-विचार का दायरा संकीर्ण करती जा रही है। हमारे विद्यालय, महाविद्यालय और विश्वविद्यालय आदि शिक्षण संस्थान नये प्रश्न, नये विचार, सृजनात्मकता का परिवेश नहीं बना पा रहे। वे एक ही ढर्रे पर वर्षों से चल रहे हैं और चाहते हैं कि उनके यहाँ से 'शिक्षित' व्यक्ति भी उसी दायरे के भीतर रहे। सृजनात्मकता के विषय में थोड़ा विचार करें तो इसके तीन पक्ष हमारे सामने आते हैं।

## फोटो की दुनिया





## ट्वीट-ट्वीट

Akhilesh Yadav
@yadavakhilesh

उप्र में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और अपराधियों के हौसले बुलंद है। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसीकी हत्या की जा सकती है तो आम जनता की सुरक्षा का क्या। इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है, ऐसा लगता है कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।

## फेसबुक वॉल से

MP Radhamohan Agrawal
9 h




# शुद्ध पानी का हक दिलाने की सरकारी मुहिम



ललित गर्ग

***जल*** मनुष्य के जीवन को वह अहम हिस्सा है जिसके बिना इंसान अपने जीवन के सफर को पूर्ण नहीं कर सकता है। यानी जल के बिना जीवन संभव नहीं है। प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति उपेक्षा एवं उदासीनता का परिणाम है कि इंसान को पीने का स्वच्छ जल मिलना दुर्लभ होता जा रहा है। व्यक्ति के जीवन जीने के लिए पानी की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका है वह अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति को तभी पूरा कर सकता है जब उनके जीवन में पानी की सुविधा उपलब्ध है। निरन्तर जटिल होती स्वच्छ जल की समस्या को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की है। इस स्कीम को शुरू करने का मुख्य लक्ष्य यह है की ग्रामीण क्षेत्र में निवास करने वाले 50 प्रतिशत से अधिक ऐसे परिवार है जिन्हें पानी की समस्याओं से जूझना पड़ता है। पानी प्राप्त करने के लिए उन्हें दूर क्षेत्रों में कई मीलों पैदल जाना पड़ता है जिससे उन्हें कई परेशानियों से गुजरना पड़ता है। इन सभी समस्याओं को ध्यान में रखते हुए मोदी सरकार ने जल जीवन मिशन स्कीम के तहत सभी नागरिकों तक घर-घर में पानी की सुविधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। गोवा देश का पहला राज्य और दमन दीव एवं दादरा नगर हवेली पहला केंद्र शासित प्रदेश बन गया है, जहां के हर घर को स्वच्छ जलापूर्ति नल से हो रही है। जल्द ही इस सूची में और राज्यों के जुड़ने की संभावना है। दरअसल भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत तेलंगाना, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुदुचेरी और हरियाणा के भी 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों को नल के जरिये साफ पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है, सरकार की यह पहल अनुकरणीय एवं प्रशंसनीय है। सुप्रीम कोर्ट ने भी स्वीकार किया है कि स्वच्छ पेयजल को हासिल करना जिंदगी की मूलभूत शर्त है और अनुच्छेद 21 के तहत यह केन्द्र एवं राज्य सरकारों का कर्तव्य है कि नागरिकों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराये। पर इस अधिकार को कैसे उपलब्ध कराया जाय? पहली बात तो यह है कि शहरी जल व्यवस्था और ग्रामीण जल शोधन मे निवेश कौन करेगा? निजी क्षेत्र या सार्वजनिक क्षेत्र? इसे लेकर निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के उत्तरदायित्व की बेवजह बहस चलाई जाती है। ऐसी बहस आमतौर पर एक ज्यादा महत्वपूर्ण सवाल से ध्यान हटा देती है कि जल परियोजनाओं को कैसे बनाया और कामयाब किया जाय। लेकिन मोदी सरकार ने इस समस्या को बड़ी गंभीरता से लिया है और जल जीवन मिशन स्कीम शुरू की है और इसके लिये 350 लाख करोड़ रूपए का बजट निर्धारित किया गया है। सरकार के आम जनजीवन से जुड़े लक्ष्यों में जनभागीदारी की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, इस बात को ध्यान में रखते हुए लायंस क्लब नई दिल्ली अलकनंदा ने करीब 45 लाख रूपयों के आरओ के साथ वाटर कूलर स्थापित किये हैं। क्लब ने दिल्ली की सबसे अधिक पीड़ित आबादी यानी गरीब आबादी के बच्चों के एमसीडी स्कूलों की पहचान करके स्वच्छ शुद्ध पेयजल की व्यवस्था करने की पहल की थी, ऐसे ही अनेक जनकल्याणकारी स्वयंसेवी संगठन

**रिपोर्ट के अनुसार जल जीवन मिशन के तहत तेलंगाना, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, पुदुचेरी और हरियाणा के भी 100 प्रतिशत ग्रामीण घरों को नल के जरिये साफ पानी का कनेक्शन दिया जा चुका है।**

बात पानी की

गरीब लोगों के लिये शुद्ध जल उपलब्ध कराने के कार्य कर रहे हैं। सुरक्षित पेयजल के लिए कुछ हद तक तो जन-अनुदान के साथ सरकारी सब्सिडी की जरूरत होगी ही। खुशकिस्मती से ऐसी सब्सिडी की तरह-तरह के मॉडल दुनियाभर में मौजूद हैं, जो हमारे लिए खासे महत्वपूर्ण हो सकते हैं। एक तो इसके लिए दोहरी मूल्य प्रणाली अपनाई जा सकती हैं, जिसमें एक मूल्य तो एक निश्चित मात्रा तक जरूरी पानी के लिए होगा और उससे ज्यादा इस्तेमाल होने पर ज्यादा मूल्य लगेगा।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : आनंद सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com, (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)।

# गुर्दा रोग को जड़ से मिटाने के लिए इतना होना चाहिए पानी का तापमान

एक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी का सेवन करना चाहिए। लेकिन अधिक ठंडा और अधिक गर्म पानी हमारे शरीर को नुकसान पहुंचाता है। लेकिन पानी का तापमान भी आपकी सेहत के लिए काफी जरूरी होता है। बता दें कि शोधकर्ताओं ने इस तापमान के पानी को बेस्ट बताया है। हमारी सेहत के लिए पानी बहुत महत्वपूर्ण है। शरीर के बाकी अंगो की तरह हमारी किडनी के लिए भी पानी जरूरी होता है। बता दें कि पानी गुर्दों को डिहाइड्रेट होने से बचाता है और बीमारियों को दूर रखने में सहायक होता है। इसलिए डॉक्टर भी आपको हर दिन पर्याप्त मात्रा में पानी पीने की सलाह देते हैं। लेकिन क्या आप यह जानते हैं कि आपको कितने तापमान वाले पानी का सेवन करना चाहिए। क्या आप जानते हैं कि किडनी के लिए ठंडा पानी सही है या गर्म।

अक्सर डॉक्टर भी सलाह देते हैं कि अधिक ठंडा और गर्म पानी दोनों ही हमारे शरीर को काफी नुकसान पहुंचाते हैं। लेकिन यह बात बहुत कम लोगों को पता है कि पीने वाले पानी का सही तापमान कितना होना चाहिए। जो आपकी किडनी के लिए बेस्ट है। इसके बारे में शोध करने वाले वैज्ञानिकों ने सही जानकारी दी है।

## ठंडा पानी

साल 2013 में Pubmed Central पर ईरानी डॉक्टर और वैज्ञानिकों का एक शोध पब्लिश हुआ था। इस शोध में जानकारी दी गई थी कि डिहाइड्रेशन खत्म करने के लिए सबसे बेस्ट पानी वह होता है। जिस पानी का तापमान 16 डिग्री सेल्सियस के



आसपास होता है। इस बात को आप आसानी से समझने के लिए टंकी के नॉर्मल पानी का उदाहरण ले सकते हैं।

## डिहाइड्रेशन

किडनी के द्वारा बेहतर कामकाज के लिए पानी काफी जरूरी होता है। अगर पानी की कमी से डिहाइड्रेशन होने लगता है तो बॉडी में विषाक्त और अपशिष्ट पदार्थ जमा होने लगते हैं। यह विषाक्त और अपशिष्ट पदार्थ आपकी किडनी को नुकसान भी पहुंचा सकते हैं। डिहाइड्रेशन होने पर ही किडनी में स्टोन, यूरिनरी ट्रैक्ट इंफेक्शन और किडनी फेलियर की समस्या हो सकती है।

## गुनगुना पानी

किडनी के लिए गुनगुने पानी को आयुर्वेद भी बेहतर मानता है। आयुर्वेद के अनुसार, पानी न तो अधिक ठंडा होना चाहिए और ना ही ज्यादा गर्म होना चाहिए। गुनगुना पानी सुबह खाली पेट पीने से इसके ज्यादा फायदा होता है। सुबह-सुबह खाली पेट गुनगुने पानी का सेवन करने से किडनी के सारे विषाक्त पदार्थ बाहर निकल जाते हैं।

## पीना चाहिए 3-4 लीटर पानी

एक आदर्श मापदंड के मुताबिक एक स्वस्थ व्यक्ति को पूरे दिन में 3 से 4 लीटर पानी पीना चाहिए। लेकिन बता दें कि यह नियम हर व्यक्ति पर लागू नहीं होता है। बेशक रोजाना 3 से 4 लीटर पानी पीना फायदेमंद होता है। लेकिन पानी की मात्रा आपके लिंग, उम्र, गतिविधि और वातावरण पर भी निर्भर करती है।

## किडनी की बीमारी में पानी

सिर्फ स्वस्थ व्यक्तियों के लिए ही 3-4 लीटर पानी पीने की सलाह है। अगर आप किडनी संबंधी किसी गंभीर समस्या से परेशान हैं तो पानी का अधिक सेवन करने से बचना चाहिए। क्योंकि ज्यादा पानी पीने से आपके गुर्दों पर अधिक दबाव पड़ सकता है। इस दौरान आप डॉक्टर की सलाह ले सकते हैं।

❖ अनन्या मिश्रा

## काव्य कोना

### यायावरी

या या यायावर की यायावरी!
यायावर की यायावरी मद्धिम प्रतीत होने लगी
विरोधाभास का आभास होने लगा।

हर दुरूह पल में वरदान छुपा लगने लगा
अन्त और शुरूआत का अंतर कम होने लगा।

उधार का नहीं, स्वयं की शक्ति संचय करने लगा
प्रकृति का चितचोर चितेरा आगे बढ़ने लगा।

शिव के वरदान में मिली घुमक्कड़ी, यायावरी
घूमते - घूमते सुख और दु:ख नजदीक आने लगे।

हर्ष और विषाद में सामंजस्य-समावेश बिठाते बिठाते
विरोधाभास और आभास का विरोध कम होने लगा।

यायावर की यायवरी मद्धिम प्रतीत होने लगी
विरोधाभास का आभास होने लगा।

❖ नाग मणि

# जलवे जड़ी बूटियों के



वैद्य ब्रजेश कुमार दुबे
पतंजली आरोग्य केन्द्र रेड़मा
डालटनगंज पलामू झारखण्ड
मो. - 7903216488, 9334716688

जिज्ञासु प्रवृति के लोगों ने उन पूर्वजों के ज्ञान को खंगाला है, उनकी लिखी हुई बातों को उनके अनुभवों को परखा है, अनुभव किया है, लोगों पर उनके प्रयोग और परिक्षण किये है, और इसके द्वारा जो भी अनुभव उन्हें प्राप्त हुआ है,वह अपने आप आश्चर्यजनक है। सही अर्थों में कहा जाय तो इन जड़ी-बूटियों के प्रभाव के सामने सारा चिकित्सा विज्ञान बौना सा बन कर रह गया है, अन्य औषधियां जहां रोग को समाप्त नहीं करती, अपितु उन्हें कुछ समय के लिए दबा देती है, वहीं पर यह जड़ी बूटियां मनुष्य के शरीर में रोग को उत्तेजक बलवर्द्धक, पुष्ट तथा आकर्षक बना देती है। धन्वंतरी ने अपने जीवन में एक पुस्तक लिखी जिसमें उन जड़ी-बुटियों का विवरण दिया है, जो अपने आप में अद्वितीय है, जिसका प्रभाव अपने आप में अचूक है और जो जीवन का आन्नद प्रदान करने में समर्थ हैं। उन्होंने अपनी पुस्तक में अनेकों दिव्य और चमत्कारी जड़ी बूटियों का परिचय दिया है,और प्रत्येक जड़ी बूटी के बारे में विवेचना की है। आज भी ये जड़ी-बूटियां ढ़ढ्ने पर जंगलों में मिल जाती हैं और यदि धन्तन्तरी के सूत्रों का बारीकी से अध्यन करें, उनके दिये सूत्रों को प्रमाणिकता के साथ समझें और अमल करें, तो कुछ दिनों में आश्चर्यजनक परिवर्तन सा आ जाता है। इसलिये तो इन जड़ी बुटियों के जलवे बुद्धिमान व्यक्ति अपनी आंखों से अनुभव करते है, इसलिए तो इन जड़ी बूटियों के प्रति व्यक्ति कृतज्ञ है कि उन्होंने बेजान और बेरौनक शरीर में एक जीवन फूंक दिया है, आनन्द की एक हिलोर उठा दी है, जीवन में एक मस्ती एक उमंग और एक चेतना पैदा कर दी है, विभिन्न ग्रंथों में इन जड़ी बूटियों का वर्णन मिलता है, जिसके द्वारा पूर्ण विवाहित जीवन का आनन्द प्राप्त किया जा सकता है तथा साथ ही उन जड़ी बूटियों से भी परिचित करा रहा हूं जिनके बारे में वर्णन है कि इनके प्रयोग से पुत्र उत्पन्न होता ही है।



नागेकेसरः- यह एक अदभूत और आश्चर्यजन जड़ी बूटी है यो तों बाजार में यह नागकेसर कई नामों से और कई प्रकार से मिलती है। नागकेसर का पौधा भारतीय जंगलों में आसानी से उपलब्ध है। आज का आदमी विलासिता की वजह से जरूरत से ज्यादा कामुक और व्याभिचारी बन गया है और इस वजह से उसकी कामोत्तेजना समाप्त हो गई है, जीवन का रस सूख गया है- अपनी स्वंय की गलती से अथवा बुरी संगती से अपने शरीर रूपी घर को खुद ही आग लाग रहा है।और यदि शरीर में पौरूषता ही नहीं है, यदि शरीर में कामोत्तेजना ही नहीं है यदि शरीर में रस ही नहीं है , तो वह घुन की तरह खाये हुए खोखले, दाने की तरह होता है जो ऊपर से भले ही फूला हुआ दिखाई दे, परन्तु उसमें ताकत नहीं होती, उसे जीवन का आनन्द लेने का महत्व ज्ञात नहीं होता , वह पौरूषता का प्रतीक नहीं बन सकता। ऐसे में दुष्प्रभाव से पुरूष ही नहीं स्त्रियां भी कमजोर और बंदी हो जाती है ऐसे स्त्री-पुरूषों के लिए ही धन्वन्तरी ने नागकेसर के सेवन की सलाह दी है जिसमें जायफल और स्वर्ण माक्षिक का समावेश करके उन्होंने ऐसी औषधि तैयार की थी। जिसे ''कामदेव और रती '' की संज्ञा दी जा सकती है। इस जड़ी बूटी का प्रभाव ही व्यक्ति को पूर्ण पौरूषवान, वीर्यवान और शक्तिवान बना देता है। वीर्य की क्षीणता और दूर्बलता को समाप्त कर ''स्तम्भन'' प्रदान करता है, पुरूष के शरीर मं अंग-अंग में फैलाद सा भर देता है। यह जड़ी बूटी पुरूषों की तरह स्त्रियों में भी स्फूर्तिवान और क्षमतावान बना देती है, उनके चेहरे को तेजस्वी और आकर्षक बनाने के साथ -साथ मासिक धर्म की अनियमितता और प्रदर रोग को दूर कर उसे सही अर्थो में ''स्त्रित्व'' प्रदान करती है इसलिए तो नागकेसर को ''सम्पूर्ण पुरूष और सम्पूर्ण स्त्री '' की संज्ञा दी गई है।

**ब्रह्मकमल :** इस पौधे को मैंने अमरनाथ, केदारनाथ, चमोली, वद्रीनाथ के यात्रा में देखा है। यह पौधा हिमालय मं सप्तऋषि सरोवर, गौरी कुण्ड बासुकीताल व गंगोत्री से पीछे उत्तरकाशी के पास अलकनन्दा के किनारे भी काफी मात्रा में देखा है। वहां बहुतायत में पाया जाता है। उस पर बहुत ही सुन्दर, बड़ा सा पुष्प लगता है। एक तोला ब्रह्मकमल की जड़ को सात काली मिर्च के साथ पानी में पीसकर छानकर चालीस दिन लगातार सेवन करने से निश्चित रूप से बांझी स्त्री को संतान होती है, और जननेन्द्रिय से सम्बधित समस्त प्रकार के रोग मिट जाते है। मेरे अनुभव के आधार पर यदि गर्भाशय में कोई कमी हो, तब भी इसके सेवन से स्त्री योग्य पुत्र उत्पन्न करने में सक्षम हो जाती है।

**गोखरू :** हस्थमैथुन की वजह से पैदा हुई नपुंसकता में यदि गोखरू और तिलों का समभाग चूर्ण शहद या बकरी के दूध के साथ ले, तो नपुंसकता निश्चित रूप से समाप्त हो जाती है। इसकी जड़ का पाउडर गर्भाशाय को शुद्ध करने और बांझपन को मिटाने से पूर्ण-रूप से सहायक है। गोखरू वनस्पति पर आगे विशेष लेख लिखा जायेगा।

**रूद्रवन्ती :** रूद्रवन्ती का पौधा चने के पौधे के समान ऊंचा और उसी प्रकार पत्तियों से युक्त होत है। नित्य चार छः पत्तियां चबाने से ही समाप्त भर में अद्भूत बल और ओज बढ़ता है तथा नामर्दी, धातु क्षीणता, वीर्यवतन शिश्न-दुर्बलता , शीघ्रपतन आदि रोग जड़ से समाप्त हो जाते है, यह जड़ी पहाड़ी ढ़लानों पर उगती है। रूद्रवन्ती टी.बी (यक्ष्मा) रोग का बहुत ही उत्तम औषधि है।

# शरीर में ओमेगा-3 फैटी एसिड की कमी होने पर नजर आते हैं ये संकेत

अगर आपको अपनी स्किन रूखी नजर आती है और बाल व नाखून कमजोर होकर टूट रहे हैं तो हो सकता है कि आपके शरीर में ओमेगा -3 की कमी हो। इतना ही नहीं, इसके कारण आपको इससे डैंड्रफ की समस्या के साथ-साथ आपकी स्किन पर रैशेज भी हो सकते हैं।

जब भी शरीर के लिए आवश्यक पोषक तत्वों की बात होती है तो लोग प्रोटीन, विटामिन और मिनरल्स की बात करते हैं, लेकिन ओमेगा-3 फैटी एसिड पर किसी का ध्यान नहीं जाता है। जबकि यह आपके शरीर को स्वस्थ बनाए रखने के लिए बेहद आवश्यक है। इससे आपकी स्किन से लेकर मस्तिष्क पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है। ओमेगा -3 फैटी एसिड हेल्दी फैट होते हैं, जो आपके स्वास्थ्य का ख्याल रखते हैं। आमतौर पर, फिश को ओमेगा-3 का अच्छा स्त्रोत



माना जाता है और शाकाहारियों में अक्सर इसकी कमी देखी जाती है। जब आपके शरीर में इसकी कमी होती है तो ऐसे में आपके शरीर में कुछ संकेत नजर आ सकते हैं।

## स्किन, बाल और नाखूनों में बदलाव आना

अगर आपको अपनी स्किन रूखी नजर आती है और बाल व नाखून कमजोर होकर टूट रहे हैं तो हो सकता है कि आपके शरीर में ओमेगा -3 की कमी हो। इतना ही नहीं, इसके कारण आपको इससे डैंड्रफ की समस्या के साथ-साथ आपकी स्किन पर रैशेज भी हो सकते हैं।

## जोड़ों में दर्द होना

मछली के तेल से प्राप्त ओमेगा-3 में एंटी- इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। जिसके कारण यह स्वाभाविक रूप से जोड़ों में सूजन को कम करता है। इससे आपके जोड़ों में दर्द व पैरों में ऐंठन की समसया दूर होती है। हालांकि, अगर आपको पिछले कुछ समय से जोड़ों में दर्द की शिकायत है तो हो सकता है कि आपके शरीर में ओमेगा-3 की मात्रा कम हो।

## हरदम थकान या नींद न आना

अगर आपको पिछले कुछ वक्त से हरदम थकान की शिकायत रहती हैं या फिर आपको ठीक ढंग से नींद नहीं आती है। तो ऐसा ओमेगा-3 की कमी के कारण भी हो सकता है। इसलिए, आप अपनी डाइट में ओमेगा-3 रिच फूड के साथ-साथ सप्लीमेंटस लेने पर भी विचार करें।

## एकाग्रता की कमी

जब शरीर में आवश्यक ओमेगा-3 फैटी एसिड का स्तर कम होता है, तो यह फोकस और मेमोरी से जुड़ी समस्याओं को जन्म दे सकता है। इसके कारण व्यक्ति जल्दी चिड़चिड़ा महसूस करता है या फिर उसे जल्दी गुस्सा आने लगता है।

❖ मिताली जैन

## सूडोकु नवताल- 6672

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | | | | 2 | 6 | | 3 |
| | | | 4 | | | | | |
| 1 | 3 | 5 | | 8 | | | | |
| | 2 | | | 1 | | | 7 | 8 |
| | | | | | | | | |
| 6 | 7 | | | 9 | | | 2 | |
| | | | | 6 | | 5 | 9 | 2 |
| | | | | | 3 | | | |
| 2 | | 8 | 5 | | | | 6 | 1 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -6671 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | 9 | 5 | 6 | 1 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 | 9 | 2 | 3 |
| 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 3 | 4 | 8 | 6 | 2 | 7 | 5 | 1 | 9 |
| 5 | 6 | 1 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 7 |
| 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 | 6 | 8 | 4 |
| 1 | 9 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 2 | 9 | 8 | 3 | 4 | 1 |

## दैनिक पंचांग

17 अप्रैल 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति





**सोमवार** 2023 वर्ष का 107 वां दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म। **वक्रम संवत्** 2080 **शक संवत्** 1945 **मास** वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 15.47 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 02.28 बजे रात्र को समाप्त। **योग** ब्रह्म 21.07 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 15.47 बजे तदनन्तर गर 02.36 बजे रात्र को समाप्त।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | | |
|---|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | मेष | 05.30 बजे से | **चन्द्रायु** 23.3 घण्टे |
| चंद्र | कुंभ में | वृष | 07.14 बजे से | **रवि क्रान्ति** उत्तर 10° 18' |
| मंगल | मिथुन में | मिथुन | 09.12 बजे से | **सूर्य** उत्तरायन |
| बुध | मेष में | कर्क | 11.25 बजे से | **कलि अहर्गण** 1871586 |
| गुरु | मीन में | सिंह | 13.42 बजे से | **जूलियन दिन** 2460051.5 |
| शुक्र | वृष में | कन्या | 15.53 बजे से | **कलियुग संवत्** 5123 |
| शनि | कुंभ में | तुला | 18.04 बजे से | **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 |
| राहु | मेष में | वृश्चिक | 20.19 ब.से | **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 |
| केतु | तुला में | धनु | 22.35 बजे से | **वीरनिर्वाण संवत्** 2549 |
| राहुकाल | | मकर | 00.40 बजे से | **हिजरी सन्** 1444 |
| 7.30 से 9.00 | | कुंभ | 02.27 बजे से | **महीना** रमजान |
| बजे तक | | मीन | 03.59 बजे से | **तारीख** 25 |
| | | | | **विशेष** प्रदोष व्रत। |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7735



**बाएँ से दाएँ**

1. जंगल की आग-4
4. अयोग्य,नालायक-4
6. बंदर का खेल दिखाने वाला-3
8. तैयार होना-3
9. जीभ,जिव्हा-3
11. पाश,फंदा,-2
13. नामकरण करना-2,3
15. मेरा(सं.-2)
16. खाद्य सामग्री-3
18. तहत-3
19. कक्ष,रूम-3
20. भरोसा,विश्वास-4
22. सचेत,होशियार-4

**ऊपर से नीचे**

1. दागी,धब्बेवाला-4
2. गीलापन,तर होना-2
3. दुनिया,जगत-3
4. अदा,हाव-भाव-5
5. भरा हुआ-4
7. टपकना,गिरना-3
10. नाम रखना-5
12. एकमत-4
14. भक्षक,विनाशकारी-3
17. खारा,क्षारीय-4
18. वन,जंगल-3
21. लाश,मुर्दा,मृतक-4

### शब्द पहेली -7734 का हल



## आज का राशिफल

**मेष राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। व्यापार लाभदायक रहेगा, लेकिन अनावश्यक खर्च बढने. से आर्थिक स्थिति कमजोर हो सकती है। संपर्कों के जरिए प्रगति के नए अवसर मिलेंगे।

**वृष राशि** : आज का दिन आर्थिक रूप से लाभकारी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने के योग रहेंगे। प्रॉपर्टी और शेयर बाजार में निवेश से अच्छा लाभ मिलेगा।

**मिथुन राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। बेरोजगारों को रोजगार के अच्छे अवसर प्राप्त हो सकते हैं। व्यापारियों को थोड़ी अड़चनें आ सकती हैं।

**कर्क राशि** : आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार की स्थिति सामान्य रहेगी। सफलता के कई अवसर हाथ आएंगे, लेकिन काम का बोझ बढ़ने से कई मौके हाथ से फिसल भी सकते हैं।

**सिंह राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। व्यापार में लाभ के अवसर मिलेंगे, लेकिन उसके लिए कड़ा परिश्रम करना पड़ेगा। कार्यों में सफलता मिलने से नई ऊर्जा का अनुभव करेंगे।

**कन्या राशि** : आज का दिन सामान्य रहेगा। लंबे समय से अटकी योजना पूरी हो सकती हैं। नौकरी के नए अवसर मिलने की संभावना रहेगी।

**तुला राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार की स्थिति यतावत रहेगी। कठिन परिश्रम से सभी कार्य सफल होंगे और मित्रों का पूरा सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक राशि** : आज का दिन उतार-चढ़ाव भरा रहेगा। कारोबार में आर्थिक लाभ मिल सकता है, लेकिन फैसले सोच-समझकर लेने होंगे।

**धनु राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। कारोबार में अच्छा मुनाफा और नौकरी में तरक्की मिलने की संभावना रहेगी। आकस्मिक धनलाभ के योग भी रहेंगे।

**मकर राशि** : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। कारोबार लाभदायक रहेगा और नौकरी में तरक्की के साथ स्थान परिवर्तन के योग रहेंगे। लम्बे समय से प्रयासरत कार्यों में सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि** : आज का दिन अच्छा रहेगा। कारोबार में आशानुरूप सफलता और फायदा मिलेगा। व्यापार में नई ऊंचाइयों को छू सकते हैं। सामाजिक कार्यों में भाग लेने से समाज में प्रतिष्ठा भी बढ़ेगी।

**मीन राशि** : आज का दिन शुभ फलदायी रहेगा। मेहनत के बेहतर परिणाम मिलेंगे। कारोबार में लाभकारी सौदे होंगे। व्यापारिक रुकावटें दूर होंगी। नए निवेश के अवसर मिलेंगे।

# पेरिस ओलंपिक 2024 : विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य : नीरज



**एजेंसी। नई दिल्ली**

तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने वाले भारतीय भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक 2024 तक अपनी फिटनेस बनाये रखने के साथ इस साल अगस्त में होने वाले विश्व चैम्पियनशिप में शीर्ष स्थान हासिल करने का लक्ष्य रखा है। नीरज इसके साथ ही अपने भाले से 90 मीटर की दूरी की जादुई आंकड़े को छूना चाहते हैं। तुर्किये में अभ्यास कर रहे नीरज ने मीडिया से ऑनलाइन बातचीत में कहा, मेरे लिये यह सत्र काफी लंबा होगा। एशियाई खेल अक्टूबर में होने जा रहे हैं। मैं चोटिल होने से बचने की कोशिश करूंगा। मैं एक सफल और स्वस्थ सत्र की उम्मीद कर रहा हूं। उन्होंने कहा, मैं हंगरी में होने वाली विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण जीतना चाहता हूं। इस बार या बाद में ऐसा करने का कोई दबाव नहीं है। मुझे इस साल तकनीकी रूप से बेहतर होने की जरूरत है क्योंकि सत्र लंबा चलेगा। एक अप्रैल से तुर्किये के एंटाल्या स्थित ग्लोरिया स्पोर्ट्स परिसर में अभ्यास कर रहे 25 साल के इस खिलाड़ी ने पेरिस ओलंपिक के बारे में पूछने पर कहा, पेरिस में स्वर्ण जीतने की उम्मीद का अधिक दबाव होगा। ऐसे में जब मैं पेरिस जाऊंगा तो तोक्यो ओलंपिक से भी बेहतर तैयारी करूंगा। उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों के अनुभव और सीख से मुझे उम्मीद है कि मैं लय को बनाये रखने में सफल रहूंगा। जब मैं प्रतिस्पर्धा करूंगा तो बेहतर परिणाम आयेगा। तोक्यो का स्वर्ण पदक मुझे पेरिस में बेहतर करने के लिए प्रेरित करेगा।

नीरज ने कहा कि पिछले साल की तुलना में वह इस समय शारीरिक और तकनीकी रूप से बेहतर स्थिति में हैं। पिछले साल, उन्होंने दोहा डायमंड लीग में हिस्सा नहीं लिया था और एक महीने की देरी से जून में फिनलैंड में पावो नूरमी खेलों से अपना सत्र शुरू किया था। उन्होंने कहा, पिछले साल, मैं समग्र फिटनेस और तकनीकी रूप से भी (दोहा के लिए) तैयार नहीं था। प्रशिक्षण के लिए कम समय था। इसलिए, हमने सत्र देर से शुरू करने का फैसला किया। अब सब कुछ ठीक चल रहा है, इसलिए हमने प्रतिस्पर्धा करने का फैसला किया। दोहा में दुनिया के कुछ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी भाग लेंगे। उन्होंने कहा, मैं अब लंबे समय से प्रशिक्षण ले रहा हूं। उम्मीद है कि यह मेरे लिए एक सफल सीजन होगा। पिछले सितंबर में ग्रैंड फिनाले जीतने के बाद मौजूदा डायमंड लीग चैंपियन नीरज के सामने दोहा में ग्रेनाडा के विश्व चैंपियन एंडरसन पीटर्स और चेक गणराज्य के ओलंपिक रजत पदक विजेता जैकब वडलेज्च जैसे खिलाड़ियों की चुनौती होगी। यह 14 दौर की एकदिवसीय प्रतिस्पर्धा का पहला मुकाबला होगा। नीरज ने कहा कि वह इस सत्र में 90 मीटर की दूरी की बाधा को पार करना चाहेंगे। उन्होंने कहा, 2018 से हर कोई 90 मीटर के बारे में पूछ रहा है। पिछले साल, मैं छह सेंटीमीटर से 90 मीटर की दूरी को तय करने से चूक गया था। मुझे इस साल ऐसा करने की उम्मीद है लेकिन मैं खुद पर कोई दबाव नहीं डालूंगा। उन्होंने कहा, 90 मीटर एक जादुई निशान है और 90 मीटर क्लब भाला फेंक की दुनिया में प्रसिद्ध है। उम्मीद है कि इस साल मैं इसमें जगह बना लूंगा।

## NEWS इन ब्रीफ

### प्रमोद भगत एकल और युगल फाइनल में



**साओ पाउलो।** प्रमुख शटलर प्रमोद भगत ब्राजील पैरा बैडमिंटन इंटरनेशनल 2023 के एकल फाइनल में पहुँच गए हैं। उन्होंने अपने युगल जोड़ीदार सुकान्त कदम के साथ टूर्नामेंट के पुरुष युगल फाइनल में भी जगह बना ली है। प्रमोद भगत ने जापान के डाइसके फुजिहारा के खिलाफ मुकाबला कड़े संघर्ष में एक घंटे 26 मिनट में 19-21, 21-19, 21-12 से जीता। फुजिहारा ने पहला गेम 21-19 से जीत लिया लेकिन प्रमोद ने दूसरे गेम में वापसी करते हुए इसे 21-19 से जीतकर मैच को निर्णायक गेम में पहुंचा दिया। प्रमोद ने निर्णायक गेम में अपना सर्वश्रेष्ठ खेल दिखाते हुए 21-12 से जीत हासिल की और फाइनल में पहुँच गए। प्रमोद का फाइनल में हमवतन कुमार नितेश से मुकाबला होगा। पुरुष युगल में प्रमोद और सुकान्त ने हमवतन कुमार नितेश और तरुण को 21-17, 21-16 से हराया। फाइनल में भारतीय जोड़ी का कोरिया के जू दोंगजेई और शिन क्युंग ह्वान से मुकाबला होगा। इस बीच सुकान्त कदम हमवतन तरुण से एकल सेमीफाइनल में 52 मिनट में 16-21, 21-19, 12-21 से हार गए।

### सिनर को हराकर रूने फाइनल में

**मोंटे कार्लो।** डेनमार्क के होल्गर रूने इटली के जानिक सिनर को रोमांचक सेमीफाइनल में 1-6, 7-5, 7-5 से हराकर मोंटे कार्लो मास्टर्स के फाइनल में पहुंच गए हैं। रुने अब अपने दूसरे एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब से एक जीत दूर रह गए हैं। रूने ने सत्र की अपनी 17 वीं टूर स्तर की जीत के बाद सिनर के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 2-0 पहुंचा दिया है। 19 वर्षीय रूने एटीपी लाइव रैंकिंग में दो स्थान उठकर सातवें नंबर पर पहुंच गए हैं और अगर वह रविवार को अपना आठवां खिताब जीतते हैं तो वह करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच जाएंगे। रूने ने 21 वर्षीय सिनर को दो घंटे 46 मिनट में हराया।

# मुंबई ने पांच विकेट से केकेआर को दी शिकस्त

## वेंकटेश का शतक गया बेकार





**एजेंसी। मुंबई**

आईपीएल 2023 का 22वां मैच मुंबई इंडियंस और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला गया। इस मुकाबले में सूर्यकुमार यादव की कप्तानी मुंबई इंडियंस ने नीतीश राणा की कोलकाता टीम को 14 गेंद रहते हुए 5 विकेट से हराया। मुंबई यह मुकाबला जीतने के बाद पॉइंट टेबल में 8वें नंबर पर है। वहीं, केकेआर अब 5 मैचों में से तीन हारकर अंक तालिका में 5वें स्थान पर है। आज के इस मैच में केकेआर के वेंकटेश अय्यर ने आईपीएल के 16वें सीजन में पहला शतक लगाया।

रविवार को आईपीएल 2023 में मुंबई इंडियंस ने एकतरफा मैच में कोलकात नाइट राइडर्स को 5 विकेट से मात दी। इस मैच में कोलकाता ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर की 51 गेंदों में 104 रनों की पारी के बदौलत 186 रनों का लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में मुंबई ने यह लक्ष्य 17.4 ओवर में हासिल कर लिया।

मुंबई की ओर से इशान किशन ने 25 गेंदों में 58 रनों की सर्वश्रेष्ठ पारी खेली। उनके अलावा सूर्यकुमार यादव ने 25 गेंदों में 43 रन बनाए। रोहित शर्मा ने 20, जबकि तिलक वर्मा ने 30 रनों की पारी खेली। नितिश वढेरा ने 6 रन ही बनाए। टीम डेविड ने नाबाद 24, जबकि कैमरून ग्रीन ने नाबाद 1 रनों की पारी खेली।

केकेआर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेंकटेश अय्यर (51 गेंदों पर 6 चौकों और 9 छक्कों की मदद से 104 रन) की शतकीय पारी की बदौलत 6 विकेट के नुकसान पर मुंबई को 186 रन का लक्ष्य दिया है। ऋतिक शौकीन ने 2 विकेट अपने नाम किए जबकि डेब्यू करने वाले अर्जुन तेंदुलकर ने 2 ओवर में 17 रन दिए लेकिन कोई विकेट नहीं हासिल कर पाए।

### गुजरात ने राजस्थान को दिया 178 का टारगेट

**अहमदाबाद।** डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस ने इंडियन प्रीमियर लीग-2023 के तीसरे सुपर संडे के दूसरे मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को 178 रनों का टारगेट दिया है। जवाब में राजस्थान रॉयल्स ने 8 ओवर में दो विकेट पर 46 रन बना लिए हैं। देवदत्त पड्डीकल और कप्तान संजू सैमसन क्रीज पर हैं। जोस बटलर जीरो पर आउट हुए। उन्हें मोहम्मद शमी ने बोल्ड कर दिया। इससे पहले, पंड्या ने यशस्वी जायसवाल (एक रन) को शुभमन गिल के हाथों कैच कराया। 178 रनों का टारगेट चेज करते हुए राजस्थान की शुरूआत धीमी रही। टीम ने पहले 6 ओवर में 26 रन बनाए और यशस्वी जायसवाल और जोस बटलर के अहम विकेट गंवाए। पंड्या और शमी को एक-एक विकेट मिला। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में टॉस हारकर बैटिंग करते हुए गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 177 रन बनाए। टाइटंस के लिए पहले तो ओपनर शुभमन गिल ने 34 बॉल पर 45 रन की पारी खेली। आखिरी में डेविड मिलर ने 30 बॉल पर 46 रन बनाए। साई सुदर्शन ने 20 और कप्तान हार्दिक पंड्या ने 28 रन का योगदान दिया। टाइटंस के लिए डेविड मिलर ने 30 गेंद पर 46, जबकि शुभमन गिल ने 45, साई सुदर्शन ने 20, कप्तान हार्दिक पंड्या ने 28 और अभिनव मनोहर ने 27 रन बनाए। राहुल तेवतिया एक रन बनाकर नॉटआउट रहे और राशिद खान एक रन बनाकर आउट हुए।

# बाबर आजम का तूफानी शतक

## पाक ने सीरीज में अजेय बढ़त बनाई



**एजेंसी। नई दिल्ली**

कप्तान बाबर आजम (101 नाबाद) के शानदार शतक और हारिस रऊफ (27/4) की तेजतरार्र गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड को दूसरे टी20 में 38 रन से हराकर तीन मैचों की टी20 शृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली है। पाकिस्तान ने शनिवार रात गद्दाफी स्टेडियम पर खेले गए मुकाबले में 20 ओवर में 192 रन बनाए। इसके जवाब में न्यूजीलैंड 20 ओवर में 154 रन तक ही पहुंच सकी। पाकिस्तान ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी चुनी और बाबर ने मोहम्मद रिजवान के साथ मिलकर पहले विकेट के लिए 99 रन की साझेदारी की।

रिजवान 34 गेंद पर छह चौकों और एक छक्के के साथ 50 रन बनाकर आउट हुए। रिजवान के बाद पाकिस्तान ने फखर जमान, सैम अय्यूब और इमाद वसीम के विकेट पांच रन के अंतराल में गंवा दिए, लेकिन इफ्तिखार अहमद ने विकेट पर पांव जमाकर बाबर का साथ दिया। बाबर ने दूसरे छोर से हाथ खोलते हुए पारी की रफ्तार बढ़ाई और इफ्तिखार के साथ पांचवें विकेट के लिए 87 रन की साझेदारी की। इफ्तिखार ने 19 गेंद पर एक चौका और तीन छक्के लगाकर 33 रन बनाये, जबकि बाबर ने पारी की अंतिम गेंद पर चौका जड़कर अपना शतक पूरा किया। बाबर ने 58 गेंद पर 11 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 101 रन बनाए। यह टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में उनका तीसरा शतक है। न्यूजीलैंड के लिये लक्ष्य का पीछा करने उतरी टॉम लैथम और चैड बोवेस की सलामी जोड़ी को आक्रामकता के साथ खेलने के लिये कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। लैथम पावरप्ले के फौरन बाद 20 गेंद पर 19 रन बनाकर आउट हो गए, जबकि बोवेस भी 24 गेंद पर 26 रन ही बना सके। न्यूजीलैंड के लिए मार्क चैपमैन ने 40 गेंद पर चार चौके और चार छक्के लगाते हुए 65 रन की नाबाद पारी खेली, हालांकि उन्हें किसी का साथ नहीं मिला।

न्यूजीलैंड के पांच बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा छुए बिना आउट हो गये और कीवी टीम 20 ओवर में 154/7 का स्कोर ही बना सकी।

# हार्दिक पांड्या ऐसे कप्तान हैं जो हमेशा आगे का सोचते हैं : कैफ





**एजेंसी। अहमदाबाद**

पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ का मानना है कि गुजरात टाइटन्स के कप्तान हार्दिक पांड्या बीते हुए कल को लेकर ज्यादा विचार नहीं करते, जो उनकी टीम को सकारात्मकता प्रदान करता है। कैफ ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, 'हार्दिक पांड्या ऐसे कप्तान हैं जो हमेशा आगे का सोचते हैं, वह बीती बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं देते। वे मैच हार गए और इससे बाहर भी आ गए। अब वे एक नए मैच के लिए तैयार हैं। यह टीम काफी सकारात्मक है। यह टीम अपने अच्छे प्रदर्शन को बनाये रखना चाहती है, क्योंकि जब आप खिताब का बचाव करने के लिये खेल रहे होते हैं, तो आपको अच्छे प्रदर्शन की आवश्यकता होती है।" कैफ ने जहां गत चैंपियन गुजरात के कप्तान की तारीफ की, वहीं यूसुफ पठान ने गत उपविजेता राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की प्रशंसा करते हुए कहा कि वह रॉयल्स का शानदार तरीके से नेतृत्व कर रहे हैं। यूसुफ ने कहा, 'आईपीएल 2023 में राजस्थान रॉयल्स एक बहुत मजबूत टीम दिख रही है। यह टीम इस सीजन में भी बेहतरीन क्रिकेट खेल रही है। उनकी बल्लेबाजी काफी मजबूत नजर आ रही है। उनके पास गुणवत्तापूर्ण गेंदबाज हैं। संजू सैमसन एक महान कप्तान की तरह टीम का नेतृत्व कर रहे हैं।'

# कप्तानी ने केएल राहुल को प्रभावित नहीं किया है : जोंटी रोड्स



**एजेंसी। लखनऊ**

लखनऊ सुपर जायंट्स के फील्डिंग कोच जोंटी रोड्स ने कहा है कि केएल राहुल ऐसे खिलाड़ी हैं जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करते हैं और कप्तानी ने उन्हें कभी प्रभावित नहीं किया है। राहुल ने आईपीएल 2023 का अपना पहला अर्धशतक शनिवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ बनाया। उनके 56 गेंदों पर बने 74 रनों से लखनऊ ने 159/8 का स्कोर बनाया। वह आईपीएल में सबसे तेज 4000 रन पूरे करने वाले खिलाड़ी बन गए। उन्होंने 105 पारियों में यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि उनकी पारी बेकार गयी और पंजाब किंग्स ने 19.3 ओवर में दो विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। रोड्स ने मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा,"कप्तान वह खिलाड़ी होता है जो आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व करता है। वह हमेशा सफल रहे हैं सभी आईपीएल में उनका बल्ला चला है। कप्तानी ऐसा कुछ नहीं है जिसने उन्हें प्रभावित किया हो। कई बड़े बल्लेबाजों ने उस समय कप्तानी छोड़ दी जब वह उसे संभाल नहीं पाए। लेकिन राहुल ने आगे बढ़कर टीम का नेतृत्व किया है और उन्हें ऐसा करते देखना शानदार है। राहुल ने इस सत्र में संघर्ष किया था लेकिन पंजाब किंग्स के खिलाफ उन्होंने 74 रन बनाये। उनकी पारी पर रोड्स ने कहा कि वह आखिरी तक बल्लेबाजी कर सकते थे। रोड्स ने कहा, जब कप्तान रन बनाता है। जिस तरह वह खेले उससे अन्य बल्लेबाजों को उनके आसपास खेलने का मौका मिल जाता है। हम जानते थे कि वह फॉर्म में आने से मात्र एक पारी दूर हैं।


## तैराकी प्रतियोगिता | कानपुर में राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता शुरू

# टीएसएच के तैराकों का कब्जा

**एजेंसी। कानपुर**

कानपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड व गोल्डी प्रेजेंट्स के संयुक्त रूप से पहली स्पोर्ट्स हब तैराकी प्रतियोगिता के पहले दिन मेजबान द स्पोर्ट्स हबके ईडब्लूएस के तैराकों का दबदबा रहा है। प्रतियोगिता में अधिकतर पदकों पर टीएसएच के ईडब्ल्यूएस के तैराकों ने कब्जा किया। दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन द स्पोर्ट्स हब टीएसएच आर्य नगर में हो रही है।

प्रतियोगिता का उद्घाटन विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना और अपर मुख्य सचिव खेल सचिव नवनीत सहगल ने किया। इस मौके पर कानपुर मंडलायुक्त और कानपुर स्मार्ट सिटी के चेयरमैन डॉ राज शेखर और गोल्डी समूह के चेयरमैन आकाश गोयनका भी मौजूद रहे।



तैराकी प्रतियोगिता शनिवार शाम शुरू की गई। इसमें टीएसएच ईडब्लूएस के 132 समेत कुल 424 तैराक भाग ले रहे हैं। इस प्रतियोगिता का प्रदेश के 32 शहरों में लाइव टेलीकास्ट किया गया। अंडर-9 बालकों की 25 मीटर फ्रीस्टाइल में अनन्या अवस्थी (टीएसएच) ने स्वर्ण, नील यादव ने रजत और पार्थ (टीएसएच) व मनित लांबा ने कांस्य पदक जीता। अंडर-9 बालिका वर्ग में आदिश्री मिश्रा (टीएसएच) ने स्वर्ण, समृद्धि सोनी रजत व दीति चंद्रा ने कांस्य पदक कब्जा जमाया। शनिवार रात उत्तर प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष सतीश महाना और नवनीत सहगल कार्यक्रम में पहुंचे । कानपुर में यह पहला मौका है, जब शहर में कोई तैराकी प्रतियोगिता अंडर कवर स्विमिंग पुल में आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता का खास आकर्षण स्पधाओं का एलईडी स्क्रीन पर लाइव टेलीकास्ट रहा। टीएसएच के निदेशक पीके श्रीवास्तव ने बताया कि ईडब्ल्यूएस (इकोनॉमिकली वीक स्कॉलरशिप) के तैराकों की प्रवेश फीस निशुल्क है। प्रतियोगिता के हर उम्र वर्ग से तीन प्रतिभाशाली तैराकों को चयन करके उन्हें एक साल तक प्रशिक्षण देकर राज्य व राष्ट्रीय स्तर का तैराक बनाने के लिये तैयार किया जायेगा।







# सीनियर सिटीजन सेविंग्स स्कीम में एफडी से ज्यादा रिटर्न



**एजेंसी। नई दिल्ली**

सरकार ने हाल ही में पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। इस स्कीम में अब 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। अगर आप सीनियर सिटीजन हैं और अपना पैसा कहीं ऐसी जगह निवेश करना चाहते हैं जहां आपके पैसों पर अच्छा रिटर्न मिले और पैसा भी सेफ रहे तो आप पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम में पैसा लगा सकते हैं। हम आपको आज इस स्कीम के बारे में बता रहे हैं। पोस्ट ऑफिस सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम के तहत सिर्फ 1000 रुपए में अकाउंट खोला जा सकता है। इस स्कीम में ज्यादा से ज्यादा 30 लाख रुपए तक निवेश कर सकते हैं। इस स्कीम पर 8.2% सालाना ब्याज मिल रहा है। वहीं देश के सबसे बड़े बैंक एक 5 साल की फिक्स्ड डिपॉजिट पर सीनियर सिटीजन्स को 7.50% ब्याज दे रहा है। यानी इस स्कीम में एफडी से ज्यादा ब्याज दिया जा रहा है। इस स्कीम का मैच्योरिटी पीरियड 5 साल का रहता है। यानी इस स्कीम में आपको 5 साल के लिए निवेश करना होता। हालांकि आप 5 साल से पहले भी अकाउंट बंद कर सकते हैं, लेकिन ऐसा करने पर आपको पेनल्टी देनी होती है। इस स्कीम के तहत निवेश करने पर इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 80सी के अंतर्गत टैक्स छूट का लाभ मिलता है। यानी इसमें 1.5 लाख रुपए तक निवेश करने पर इस रकम पर आप टैक्स छूट का दावा कर सकते हैं। हालांकि इस स्कीम के तहत मिलने वाला ब्याज टैक्सेबल होता है। इस स्कीम के तहत जॉइंट खाता भी खुलवा सकते हैं। इस योजना के तहत ब्याज तिमाही आधार पर मिलता है और अप्रैल, जुलाई, अक्टूबर व जनवरी के पहले वर्किंग डे को क्रेडिट कर दिया जाता है। सीनियर सिटीजन्स सेविंग्स स्कीम अकाउंट किसी भी पोस्ट ऑफिस में खुलवा सकते हैं। 60 साल या उससे अधिक आयु के बाद अकाउंट पोस्ट ऑफिस जाकर खुलवाया जा सकता है। हालांकि वीआरएस लेने वाला व्यक्ति जो 55 वर्ष से अधिक लेकिन 60 वर्ष से कम है वो भी इस अकाउंट को खोल सकता है। इसके अलावा डिफेंस (रक्षा विभाग) से रिटायर्ड हुए हो वो 50 साल से अधिक और 60 वर्ष से कम उम्र के लोग भी इस योजना में निवेश कर सकते हैं। हालांकि इस स्थिती में रिटायर होने के 1 महीने के भीतर निवेश करना होता है। अगर आप इस योजना में 1 लाख रुपए निवेश करते हैं तो 5 साल बाद आपको कुल 1 लाख 50 हजार 471 रुपए मिलेंगे। वहीं 2 लाख रुपए का निवेश करने पर 3 लाख 943 रुपए मिलेंगे। यहां देखें कितना पैसा निवेश करने पर 5 साल बाद आपको कितना पैसा मिलेगा... सरकार ने 1 अप्रैल से महिलाओं के लिए स्पेशल स्कीम 'महिला सम्मान सेविंग्स सर्टिफिकेट' स्कीम शुरू की है। इसमें 7.5% सालाना ब्याज दिया जा रहा है। इस स्कीम में 2 साल के लिए 2 लाख रुपए तक निवेश किया जा सकता है। सरकार ने 1 अप्रैल 2023 से पोस्ट ऑफिस की कई स्मॉल सेविंग्स स्कीम्स पर मिलने वाले ब्याज में बढ़ोतरी की है। इसी के चलते नेशनल सेविंग्स मंथली इनकम अकाउंट पर अब 7.4% सालाना ब्याज मिल रहा है।

## आज लॉन्च होगा 'सैमसंग गैलेक्सी एम14 5जी स्मार्टफोन



**नई दिल्ली।** साउथ कोरियन टेक कंपनी सैमसंग 17 अप्रैल को बजट सेगमेंट में एक 5जी स्मार्टफोन लॉन्च करेगी। कंपनी ने लॉन्च इवेंट के बारे में जानकारी देते हुए 'सैमसंग गैलेक्सी एम14 5जी को टीज किया है, जिसमें कुछ स्पेसिफिकेशंस के बारे में भी खुलासा किया है। टीजर के अनुसार, फोटोग्राफी के लिए स्मार्टफोन के बैक पैनल पर 50एमपी का ट्रिपल कैमरा सेटअप दिया गया है। वहीं, सेल्फी के लिए वॉटर नॉच डिजाइन में 13एमपी का फ्रंट कैमरा दिया गया है। वहीं मल्टी टास्किंग के लिए 5एनएम पर बना ऑक्टा-कोर एक्सीनॉस 1330 प्रोसेसर इस स्मार्टफोन में मिलेगा। सैमसंग गैलेक्सी एम14 5जी में 25वॉट की फास्ट चार्जिंग सपोर्ट के साथ 6000एमएएच की बड़ी बैटरी दी गई है। कंपनी ने दावा किया है कि इसकी बैटरी 155 घंटे का ऑडियो प्लेबैक टाइम, 58 घंटे का टॉक टाइम, 27 घंटे की इंटरनेट सर्फिंग और 25 घंटे का वीडियो प्लेबैक टाइम देगी।

### सूडान में हिंसा, आपस में भिड़े सैनिक-अर्द्धसैनिक बल

# एक भारतीय समेत 56 की मौत



**एजेंसी। खार्तूम**

सूडान में मिलिट्री और पैरामिलिट्री रेपिड सपोर्ट फोर्स के बीच जारी लड़ाई में एक भारतीय नागरिक अल्बर्ट ऑगस्टीन की मौत हुई है। भारतीय मिशन ने ट्वीट कर बताया कि गोली लगने से अल्बर्ट की मौत हो गई। वो सूडान में डल ग्रुप कंपनी के लिए काम करता था। वहीं राजधानी खार्तूम सहित कई इलाकों में गोलीबारी और विस्फोट जारी है। हिंसा में अब तक 56 से ज्यादा नागरिकों की मौत हो गई है जिसमें वठ के 3 कर्मचारी भी शामिल हैं। इसके अलावा अब तक 600 लोग घायल हुए हैं। इससे पहले शनिवार को बिगड़ते हालातों के बीच भारत सरकार ने सूडान में रहने वाले अपने नागरिकों के लिए एडवाइजरी जारी की थी। उन्हें घरों में ही रहने की सलाह दी गई थी। दूसरी तरफ, तख्तापलट की कोशिशों के बीच आरएसएफ ने दावा किया है कि उसकी सेना ने राजधानी में ज्यादातर सरकारी कार्यालयों पर कब्जा कर लिया है। मीडिया से बात करते हुए आरएसएफ लीडर मोहम्मद हमदान डागालो (हेमेदती) ने कहा- जब तक हमारी सेनी सभी आर्मी बेस पर कब्जा नहीं कर लेगी, हम पीछे नहीं हटेंगे। उनके इस बयान के बाद देश की मिलिट्री फोर्स ने आरएसएफ को भंग करने का फैसला किया है। साथ ही डागालो का पोस्टर जारी कर उसे भगौड़ा अपराधी घोषित कर दिया गया है। हिंसा के बीच सूडान की आर्मी ने बयान जारी कर कहा- हम जेट्स के जरिए आरएसएफ के ठिकानों पर हमला कर रहे हैं। लोगों से अपील है कि वो अपने घरों में ही रहें। इससे पहले शनिवार को डार्फर प्रांत के कबकाबिया शहर में एक मिलिट्री बेस पर आरएसएफ के हमले में 3 वठ कर्मचारियों की मौत हो गई। तीनों वठ के वर्ल्ड फूड प्रोग्राम के कर्मचारी थे। डब्ल्यूएफपी आर्थिक और सामाजिक रूप से कमजोर समुदायों तक खाना पहुंचाने का काम करती है। इससे पहले शनिवार को पैरामिलिट्री फोर्स ने खार्तूम के एयरपोर्ट और राष्ट्रपति भवन पर कब्जा करने का दावा किया था।

## विदेश

# सेंट्रल मेक्सिको के वॉटर पार्क में फायरिंग, 7 की मौत



**एजेंसी। मेक्सिको सिटी**

सेंट्रल मेक्सिको के वॉटर पार्क में फायरिंग हुई। एक 7 साल के बच्चे समेत 7 लोगों की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी अढ के मुताबिक, हमला गुआनाजुआतो राज्य के कोर्टजर शहर के एक रिसोर्ट में हुआ। यहां कई लोग वेकेशन मनाने आए थे। रिसोर्ट के वॉटर पार्क में अचानक हमलावर घुसे और फायरिंग करने लगे। पुलिस ने कहा कि उन्हें घटनास्थल पर 3 महिलाओं, 3 पुरुषों और एक बच्चे का शव मिला। हमले में एक व्यक्ति को घायल हुआ, उसे अस्पताल ले जाया गया है। फिलहाल हमलावरों को पकड़ा नहीं जा सका है। हमले की वजह भी सामने नहीं आई है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। एक पुलिस ऑफिसर ने कहा- हमला मेक्सिको समयानुसार शनिवार शाम हुआ। गोली चलाने वाले एक से ज्यादा थे। हमें फिलहाल नहीं पता की कुल कितने हमलावरों ने गोलियां चलाईं। फायरिंग के बाद उन्होंने रिसोर्ट को भी काफी नुकसान पहुंचाया। हमलावरों ने एक स्पा में तोड़फोड़ की। वो सीसीटीवी कैमरे भी तोड़कर भाग गए।

## आरोप

### तीन महीनों से जेल में कैद था

# अमेरिका में खटमलों ने जिंदा व्यक्ति को खाया



**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिका के अटलांटा में खटमल और कीड़े एक जिंदा आदमी को खा गए। वह काफी समय से जेल में बंद था। उनके परिवार का आरोप है कि जेल की जिस सेल में उसे रखा गया वह किसी भी तरह से रहने लायक नहीं थी। परिवार इस पूरे मामले की जांच कराने की मांग कर रहा है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक 35 साल के लाशॉन थॉम्पसन को मारपीट के आरोप में जून 2022 में गिरफ्तार कर जेल में रखा गया था। दिमागी तौर पर उसकी हालत ठीक नहीं थी। गिरफ्तारी के बाद थॉम्पसन को फुल्टोन काउंटी जेल भेज दिया गया था। जहां उसे मानसिक रूप से बीमारों वाले विंग में रखा गया। यहां शिफ्ट किए जाने के तीन महीने बाद 13 सितंबर 2022 को वह अपनी सेल में मरा हुआ मिला। थॉम्पसन के परिवार का आरोप है कि जब वह अपनी सेल में बेहोश मिला तो डिटेंशन ऑफिसर ने उसे सीपीआर नहीं दिया। वो उसे देख कर बहुत डर गई थी।परिवार के अटॉर्नी माइकल डी हार्पर ने कहा थॉम्पसन के साथ इतना बुरा व्यवहार नहीं होना चाहिए था। उन्होंने फुल्टोन जेल की गंदगी को उनकी मौत की वजह बताया है। मेडिकल एक्जामिनर ऑफिस की रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि थॉम्पसन के शरीर पर कोई चोट का निशान नहीं था बल्कि उनके शरीर को खटमलों और दूसरे कीड़ों ने खाया हुआ था।एक न्यूज चैनल को फुल्टोन काउंटी के शेरिफ ने बताया कि इस मौत के मामले में जांच कमेटी बनाई गई है। साथ ही जेल में साफ-सफाई को लेकर अब ध्यान दिया जाएगा। इसके लिए प्रशासन ने 5 लाख डॉलर यानी 4 करोड़ रुपए खर्च करने की प्लानिंग की है। यूनिवर्सिटी ऑफ केंटुकी के प्रोफेसर के मुताबिक आमतौर पर खटमलों को जानलेवा नहीं माना जाता है। हालांकि, काफी समय तक उनके असर में रहने से एनीमिया यानी खून की कमी हो सकती है। इससे जान जा सकती है।

## पेज एक के शेष

### उफान पर ...

और मुख्यमंत्री से किसी भी पत्रकार की मुलाकात प्रतिबंधित है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लगातार पूरे मामले की खुद ही मॉनीटरिंग कर रहे हैं।

**जांच आयोग दो माह में रिपोर्ट सौंपेगी :** माफिया अतीक और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में शनिवार देर रात हत्या के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन कर दिया है। इलाहाबाद हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति अरविंद कुमार त्रिपाठी द्वितीय की अध्यक्षता में गठित आयोग दो माह के अंदर अपनी रिपोर्ट पेश करेगी। आयोग में प्रदेश के पूर्व डीजीपी सुबेश कुमार सिंह और सेवानिवृत्त न्यायधीश बृजेश कुमार सोनी को भी शामिल किया गया है।

### योगी ने पूरी रात जागकर ...

प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गयी। इसके अलावा पुलिस ने विभिन्न जिलों में फुट पेट्रोलिंग शुरू कर दी। साथ ही प्रदेश के संवेदनशील इलाकों में भारी सुरक्षा बल तैनात कर दिया गया, यही वजह रही कि प्रदेश की कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने नहीं पायी। कमीशन ऑफ एन्क्वायरी एक्ट 1952 के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना के बाद ही अधिकारियों को फील्ड में सतर्कता बरतने के निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा था कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनी रहनी चाहिए। इसमें सभी प्रदेश वासी सहयोग भी कर रहे हैं। आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी ना आए इसका ध्यान रखें। सीएम योगी ने कहा कि कानून के साथ कोई भी खिलवाड़ न करे। उन्होंने जनता से अपील की है कि किसी भी अफवाह पर ध्यान ना दें। अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। सीएम के निर्देश पर गृह विभाग द्वारा कमीशन ऑफ एन्क्वायरी एक्ट 1952 के तहत घटना की विस्तृत जांच के लिए तीन सदस्यीय न्यायिक आयोग का गठन किया जा चुका है, जो दो माह के अंदर अपनी रिपोर्ट सौंपेगा। हमलावर पत्रकार बनकर आए थे उनके हाथ में माइक आईडी और कैमरा भी था। स्वाभाविक तौर पर पत्रकारों की चेकिंग नहीं होती है। यह चुस्त कानून व्यवस्था का ही परिणाम है कि तीनों तत्काल पकड़े गए। पुलिस ने त्वरित एक्शन लेते हुए मौके पर तीनों को दबोच लिया था। घटना के दौरान मीडिया में लाइव चल रहा था। पुलिस अगर जवाबी फायरिंग करती तो बेगुनाह मीडिया कर्मी भी मारे जाते। इस वजह से पुलिस ने संयम बरता और सिर्फ हमलावरों को पकड़ने की कार्रवाई की।

### जिगाना पिस्टल ...

जानकारियां सामने आई हैं। दरअसल, शूटर्स ने जो पिस्टल यूज की वो तुर्की में बनने वाली जिगाना पिस्टल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये गन मलेशिया और तुर्की साथ मिलकर बनाते हैं। जिगाना पिस्टल भारत में बैन है। इसे गैरकानूनी तरीके से बॉर्डर क्रॉस कर भारत लाया जाता है। कई रिपोर्ट्स के मुताबिक, ये पाकिस्तान से ड्रोन के जरिए भारत लाई जाती है। इसकी कीमत करीब 5 से 7 लाख रुपए बताई जाती है। इस पिस्टल की खासियत यह है कि इसमें एक बार में 15 गोलियां लोड होती हैं। अतीक अहमद हत्याकांड में दनादन फायरिंग का यही कारण था। इस पिस्टल को आधिकारिक तौर पर मलेशियाई सेना, अजरबैजान सशस्त्र बल, फिलीपींस राष्ट्रीय पुलिस और यूएस कोस्ट गार्ड इस्तेमाल करते हैं। अब पुलिस के सामने सबसे बड़ा सवाल यही है कि इतनी आधुनिक और महंगी बंदूकें लवलेश, अरुण और सनी जैसे शूटर्स के पास कैसे आईं। पुलिस इसपर तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है। इधर, पता चला है कि तीनों आरोपियों की लंबी क्रिमिनल हिस्ट्री है। एक आरोपी पर तो जीआरपी पुलिसकर्मी की हत्या का आरोप है। पुलिस के मुताबिक, आरोपियों ने पूछताछ में बताया है कि उन्होंने बड़ा माफिया बनने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया है। हालांकि, पुलिस उनके बयानों पर यकीन नहीं कर रही है।

### अतीक अहमद को...

में, एक कलाई में, एक पेट में, एक कमर में जबकि तीन गोलियां अशरफ के शरीर के अंदर मिली हैं। दो गोलियां आर-पार हो गईं। कुल मिलाकर 18 में से 16 गोलियां निशाने पर लगीं जबकि दो गोलियों में से एक पुलिसवाले को और एक गोली एक हमलावर की लगी बताई जाती है।

### राजनीति...

अपराधियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए, लेकिन ऐसा देश के कानून के तहत किया जाना चाहिए। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि देश का संविधान उन लोगों ने बनाया है, जो आजादी के लिए लड़े थे। हमारा इसी संविधान और कानून को सर्वोच्च स्थान प्राप्त है। इससे खिलवाड़ करने की अनुमति किसी को नहीं दी जा सकती है। अपराधी की सजा का फैसले का अधिकार न्यायपालिका का है। ये अधिकार किसी सरकार को, किसी नेता को या कानून का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों को नहीं दिया जा सकता है। गोली-तंत्र और भीड़ तंत्र की वकालत करने वाले केवल संविधान को ध्वस्त करते हैं। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ट्वीट कियाः उत्तर प्रदेश में अपराध की पराकाष्ठा हो गयी है और अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। जब पुलिस के सुरक्षा घेरे के बीच सरेआम गोलीबारी करके किसी की हत्या की जा सकती है तो आम जनता की सुरक्षा का क्या? इससे जनता के बीच भय का वातावरण बन रहा है। ऐसा लगता है कि कुछ लोग जानबूझकर ऐसा वातावरण बना रहे हैं।

### ओवैसी ने सुप्रीम ...

हथियार किसने दिए, किसने भेजे और वे वहां कैसे पहुंचे, जैसे तथ्यों को सामने लाने के लिए गहन और समयबद्ध जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा, जब तक ऐसा नहीं किया जाता, हत्याएं जारी रहेंगी। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के अध्यक्ष ने मांग की कि अतीक अहमद और उनके भाई की सुरक्षा करने वाले सभी पुलिस अधिकारियों को संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत सेवा से बर्खास्त कर दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पूर्व सांसद सुप्रीम कोर्ट में यह कहते हुए गए थे कि उन्हें अपनी जान का खतरा है और अदालत ने कहा था कि न्यायिक हिरासत में उनकी रक्षा करना राज्य की जिम्मेदारी है। ओवैसी ने इसे जघन्य हत्या करार देते हुए कहा कि सिर्फ मुसलमान ही नहीं, वे सभी जो संविधान और कानून के शासन में विश्वास करते हैं, अब असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। ओवैसी ने कहा कि जब से भाजपा उत्तर प्रदेश में सत्ता में आई है, तब से राज्य में कानून का राज नहीं बल्कि बंदूक का राज चल रहा है। यह कहते हुए कि सत्ता में रहने वालों में कोई दया या मानवता नहीं है, उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस्तीफे की मांग की। मुख्यमंत्री को इसकी जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने राज्य विधानसभा में कहा था 'मिट्टी में मिला दूंगा'। क्या देश के सबसे बड़े राज्य के मुख्यमंत्री को यही भाषा इस्तेमाल करनी चाहिए। सांसद ने कहा कि यह घटना बहुसंख्यकों के बढ़ते कट्टरवाद को भी दशार्ती है। उन्होंने कहा, जिस तरह से उन्होंने अपने हथियारों का इस्तेमाल किया, उसे देखिए। उन्होंने धार्मिक नारे लगाए। क्या वे आतंकवादी नहीं हैं?

### गृह मंत्रालय तैयार...

मंत्रालय एसओपी तैयार करेगा। पत्रकारों को सुरक्षा देने के लिए ये कदम उठाया जा रहा है। सूत्रों का कहना है कि गृह मंत्रालय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार करने वाला है।

### योगी सरकार ने ...

मंत्रालय को मामले की रिपोर्ट सौंप दी है। रिपोर्ट मुख्यमंत्री के साथ यूपी के प्रमुख सचिव संजय प्रसाद की बैठक के बाद भेजी गई। अतीक अहमद और अशरफ की हत्या के बाद उत्तर प्रदेश में माहौल न बिगड़े इसके लिए हर तरह से नजर रखी जा रही है। प्रयागराज समेत पूरे यूपी में धारा 144 लागू कर दी गई है। इसके अलावा आस-पास के जिलों से भी फोर्स मंगाई गई है। साथ ही सीएम योगी आदित्यनाथ ने पुलिस अधिकारियों को अलर्ट रहने, राज्य में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने और जनता को किसी भी परेशानी का सामना न करने की हिदायत दी है।

**75 जिलों में धारा 144 लागू :** हत्या के बाद विभिन्न शहरों में पुलिस ने 'संवेदनशील क्षेत्रों' में फ्लैग मार्च किया। प्रयागराज के पुराने शहर के चकिया और रजरपुर इलाके में तनाव की स्थिति बताई जा रही है। यूपी सरकार ने राज्य के सभी 75 जिलों में धारा 144 लागू कर दी है।



# माफिया जमींदोज

# अतीक ने 17 साल की उम्र में किया था पहला मर्डर

**एजेंसी। प्रयागराज**

शनिवार को माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों चार दिनों की पुलिस रिमांड पर थे। प्रयागराज के सरकारी अस्पताल में मेडिकल के लिए पुलिस ले गई थी। यहां से बाहर निकलने पर दोनों मीडिया के सवालों का जवाब दे रहे थे और इसी वक्त तीन हमलावरों ने दोनों को गोलियों से भून दिया। अतीक को सिर पर सटाकर गोली मारी गई और इसके बाद अशरफ पर हमला हुआ।



## 1989 में अतीक ने रखा राजनीति में कदम

**1986** में किसी तरह पुलिस ने अतीक को गिरफ्तार कर लिया। इसपर उसने अपनी राजनीतिक पहुंच का फायदा उठाया। दिल्ली से फोन पहुंचा और अतीक जेल से बाहर हो गया। जेल से छूटने के बाद अतीक ने साल 1989 में राजनीति में कदम रखा। इलाहाबाद शहर पश्चिमी सीट से विधानसभा चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया। यहां उसका सीधा मुकाबला चांद बाबा से था। दोनों के बीच गैंगवार शुरू हो गया। अतीक की दहशत से पूरा इलाहाबाद कांपता था। कब्जा, लूट, छिनैती, हत्या ये सब उसके लिए आम सा हो गया। इसी की बदौलत वह चुनाव भी जीत गया। इसके कुछ महीनों बाद ही बीच चौराहे पर दिनदहाड़े चांद बाबा की हत्या हो गई।

## लगातार पांच बार इलाहाबाद पश्चिमी सीट से रहा विधायक

**चांद** बाबा मारा गया तो इलाहाबाद ही नहीं, पूरे पूर्वांचल में अपराध की दुनिया में अतीक अहमद का सिक्का चलने लगा। साल 1991 और 1993 में भी अतीक निर्दलीय चुनाव जीता। साल 1995 में लखनऊ के चर्चित गेस्ट हाउस कांड में भी उसका नाम सामने आया। साल 1996 में सपा के टिकट पर विधायक बना। साल 1999 में अपना दल के टिकट पर प्रतापगढ़ से चुनाव लड़ा और हार गया। फिर 2002 में अपनी पुरानी इलाहाबाद पश्चिमी सीट से पांचवीं बार विधायक बना। आठ अगस्त 2002 की बात है। तब सूबे में बसपा का शासन था और मायावती मुख्यमंत्री थीं। अतीक को किसी मामले में पुलिस ने पकड़ा था और उसे जेल भेज दिया गया था। पेशी के लिए आठ अगस्त को उसे कोर्ट ले जाया जा रहा था। इसी बीच, उसपर गोलियों और बम से हमला हो गया। इसमें अतीक घायल हो गया, लेकिन उसकी जान बच गई। तब अतीक ने बसपा सुप्रीमो और तत्कालीन मुख्यमंत्री मायावती पर आरोप लगाया था कि वह उसे मरवाना चाहती हैं।

## अतीक के खिलाफ नहीं मिलते थे उम्मीदवार

अतीक आतंक का पर्याय बन चुका था। उसकी दहशत ने आम लोगों के साथ-साथ राजनीतिक हस्तियों को भी परेशान करना शुरू कर दिया। उसका खौफ इतना हो गया था कि शहर पश्चिमी से कोई उसके खिलाफ चुनाव लड़ने से भी डरता था। साल 2004 के लोकसभा चुनाव में अतीक अहमद सपा के टिकट पर इलाहाबाद की फूलपुर सीट से चुनाव जीत गया। उस वक्त अतीक इलाहाबाद पश्चिम सीट से विधायक था। इस सीट से अब वह अपने छोटे भाई अशरफ को चुनाव लड़ाने की तैयारी करने लगा।

## अतीक और राजू पाल

अतीक की जिंदगी में राजू पाल की एंट्री जानने से पहले राजू पाल की थोड़ी कहानी जान लीजिए। राजू पाल भी शहर पश्चिमी के ही रहने वाले थे। कहा जाता है कि उस वक्त राजू पर भी लूट, छिनैती जैसी घटनाओं में शामिल होने का आरोप लगता था। कहा तो ये भी जाता है कि वह एक समय अतीक अहमद का खास थे, लेकिन बाद में दोनों के बीच खटपट हो गई। 2002 में राजू ने भी राजनीति में एंट्री कर ली। इसके बाद से दोनों के बीच दुश्मनी शुरू हो गई। 2004 में जब अतीक अहमद फूलपुर से सांसद बन गया तो इलाहाबाद शहर पश्चिमी सीट से उसके छोटे भाई अशरफ ने चुनाव लड़ा। अशरफ के खिलाफ बसपा ने राजू पाल को टिकट दे दिया। राजू पाल इस चुनाव में जीत गए।

## पिता तांगा चलाते थे

**10 अगस्त 1962** को इलाहाबाद में अतीक अहमद का जन्म हुआ। पिता फिरोज अहमद तांगा चलाकर परिवार चलाते थे। अतीक घर के पास में स्थित एक स्कूल में पढ़ने लगा। 10वीं में पहुंचा तो फेल हो गया। इस बीच, वह इलाके के कई बदमाशों की संगत में आ गया। जल्दी अमीर बनने के लिए उसने लूट, अपहरण और रंगदारी वसूलने जैसी वारदातों को अंजाम देना शुरू कर दिया। 1997 में इलाहाबाद के पुराने शहर में चांद बाबा का खौफ हुआ करता था। चांद बाबा इलाहाबाद का बड़ा गुंडा माना जाता था। आम जनता, पुलिस और राजनेता हर कोई चांद बाबा से परेशान थे। अतीक अहमद ने इसका फायदा उठाया। पुलिस और नेताओं से सांठगांठ हो गई और कुछ ही सालों में वह चांद बाबा से भी बड़ा बदमाश बन गया।



## अतीक पर 100 से ज्यादा आपराधिक मामले

साल 2007 तक अतीक आजाद था। तब सरकार समाजवादी पार्टी की थी। लेकिन इसके बाद से उसका बुरा वक्त शुरू हो गया। साल 2007 में मायावती सत्ता में आ गईं। सत्ता जाते ही सपा ने अतीक को पार्टी से बाहर निकाल दिया। उधर, मायावती ने ऑपरेशन अतीक शुरू किया। 20 हजार का इनाम रख कर अतीक को मोस्ट वांटेड घोषित किया गया। अतीक अहमद पर 100 से ज्यादा आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें हत्या, हत्या की कोशिश, किडनैपिंग, रंगदारी जैसे केस हैं। उसके ऊपर 1989 में चांद बाबा की हत्या, 2002 में नस्सन की हत्या, 2004 में मुरली मनोहर जोशी के करीबी भाजपा नेता अशरफ की हत्या, 2005 में राजू पाल की हत्या का आरोप है।

## 2017 से जेल में था अतीक

2012 का विधानसभा चुनाव भी अतीक ने लड़ा लेकिन हार गया। उसे राजू पाल की पत्नी पूजा पाल ने हरा दिया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी उसने समाजवादी पार्टी के टिकट पर श्रावस्ती सीट से चुनाव लड़ा, लेकिन भाजपा के दद्दन मिश्रा से हार गया। दिसंबर 2016 में मुलायम सिंह ने 2017 विधानसभा चुनाव के लिए अतीक को कानपुर कैंट से टिकट दिया। 14 दिसंबर को अतीक और उसके 60 समर्थकों पर इलाहाबाद के शियाट्स कॉलेज में तोड़फोड़ और मारपीट का आरोप लगा। अतीक एक निलंबित छात्र की पैरवी करने कॉलेज गया था। उसने कॉलेज के अधिकारियों को भी धमकाया। वीडियो वायरल हो गया। ये मामला चल ही रहा था कि 22 दिसंबर को अतीक 500 गाड़ियों के काफिले के साथ कानपुर पहुंचा। उस वक्त अतीक का ये काफिला सुर्खियां बना था। इसी बीच पार्टी का अध्यक्ष अखिलेश यादव बने। अतीक को पार्टी से बाहर निकाल दिया। शियाट्स कॉलेज मामले में हाईकोर्ट ने अतीक को गिरफ्तार करने के आदेश दे दिए। फरवरी 2017 में अतीक को गिरफ्तार कर लिया गया। हाईकोर्ट ने सारे मामलों में उसकी जमानत कैंसिल कर दी। इसके बाद से अब तक अतीक जेल में ही था।

## योगी सरकार बनने के बाद से मुश्किलों में अतीक

**साल** 2017 में यूपी के नए सीएम योगी आदित्यनाथ बने। फूलपुर सीट से सांसद रहे केशव



प्रसाद मौर्य डिप्टी सीएम बनें। उन्हें फूलपुर की सीट छोड़नी पड़ी। सीट पर उपचुनाव की घोषणा हुई। जेल में बैठे अतीक अहमद ने निर्दलीय चुनाव का फॉर्म भर दिया। हालांकि फिर से हार मिली। इसके बाद 2019 के आम चुनाव में जेल से ही वाराणसी सीट पर मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा। इस बार फिर जमानत जब्त हो गई। योगी के सीएम बनते ही अतीक के खिलाफ कई मामलों की जांच शुरू हो गई। इसके बाद से लेकर अब तक अतीक की 1600 करोड़ रुपए से ज्यादा की गैर कानूनी संपत्तियों पर बुलडोजर चल चुका है। अतीक का भाई अशरफ भी मरियाडीह डबल मर्डर मामले में जेल में बंद था। अतीक के चार बेटे हैं। दो नाबालिग हैं। दोनों बाल सुधार गृह में बंद हैं। एक उमेश पाल हत्याकांड के आरोपी असद को पुलिस एनकाउंटर में मार गिराया गया। एक अन्य जेल में बंद है। अतीक के बड़े बेटे उमर पर 26 दिसंबर 2018 को अपने पिता के कारोबारी दोस्त रहे मोहित जायसवाल को किडनैप करने का आरोप है। मोहित ने छूटने के बाद इसकी कहानी भी बताई थी। आरोप लगाया था कि उसे देवरिया जेल ले जाकर पिटा गया।

## मायावती से मिसबिहैव करने वालों में अतीक भी था

दो जून, 1995 को यूपी के राजनीतिक इतिहास का काला दिन कहा जाता है। इस दिन मायावती लखनऊ में ही स्टेट गेस्ट हाउस में बसपा विधायकों के साथ मीटिंग कर रही थीं उधर समर्थन वापसी की सूचना से आगबबूला हुए मुलायम सिंह यादव ने अपने समर्थकों को गेस्ट हाउस भेज दिया। इनमें अतीक अहमद भी था। यहां हिंसा दो घंटे तक चली। इस हिंसा में सपा और बसपा, दोनों दलों के कई समर्थक घायल हो गए। बसपा विधायकों ने आरोप लगाया कि गेस्ट हाउस के कॉन्फ्रेंस रूम से कुछ विधायकों का अपहरण करने की कोशिश भी की गई। मायावती के साथ भी अभद्रता हुई। उनसे अतीक ने भी मिसबिहैव किया था।





## एकाएक गूंजी गोलियों की तड़तड़ाहट...

**एजेंसी। लखनऊ**

...रात करीब 10:30 बजे का समय था। प्रयागराज के मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय के गेट के अंदर मीडिया का जमावड़ा था। सबकी निगाह पुलिस की अभिरक्षा में वहां पहुंचे माफिया डॉन अतीक अहमद व उसके भाई अशरफ पर थी। पुलिस के घेरे को चीरकर मीडियाकर्मी उससे सवाल दागने लगे। हमने अतीक अहमद से पूछा कि आपके बेटे का जनाजा उठा है। आपको उसका चेहरा देखने का मौका तक नहीं मिला। इस पर आप क्या कहेंगे? कैमरों के सामने अतीक ने सवाल का जबाव देना शुरू ही किया था कि गोली चलने की आवाज आई और अतीक जमीन पर गिर पड़ा। कोई कुछ समझ पाता तब तक एक और गोली चली जो कि उसके भाई अशरफ को जा लगी। इसके साथ ही पूरा माहौल गोलियों की तड़ातड़ गूंज उठा। वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई...हर कोई खौफ में था। हम गिरते-पड़ते चोट खाए किसी तरह अपनी जान बचाकर भागे। हमको अंदाजा भी नहीं था कि हमला करने आए शूटर रिपोर्टर और कैमरामैन बनकर हमारे साथ ही खड़े हैं। इनमें से एक के पास माइक आइडी थी। एक कैमरा पकड़े हुए था जिससे वह शायद पूरी बातचीत रिकॉर्ड कर रहा था। गेट से अंदर जाते समय यह सब हुआ। करीब दो से तीन मिनट इस बातचीत में लगे होंगे। इसके बाद तीनों ने गोली चलानी शुरू कर दी। पहली गोली अतीक को लगी। इसके बाद हम लोग अपनी जान बचाकर भागे। हमारे पीछे गोली चल रही थीं। मेरा कैमरामैन भागते में गिर गया। उसका कैमरा भी पीछे हाथ से गिर गया जोकि घटनास्थल पर ही छूट गया।...ऐसा मंजर पहले कभी नहीं देखा था।

### लगातार पीछा कर रहे थे हम

पुलिस रिमांड पर अतीक और अशरफ की हर खबर को कवर करने के लिए हम लखनऊ से जाने के बाद लगातार उनका पीछा कर रहे थे। शनिवार की रात अतीक और उसके भाई को पीपल गांव की तरफ से लाया गया था। मैं अपने कैमरामैन के साथ उनका पीछा करता रहा कि आखिर कहां ले जाया जाएगा?

### पुलिस दोनों को पहले धूमनगंज थाने ले गई

कुछ देर तक पुलिस यहां उनको लेकर रुकी रही। हम भी इंतजार करते रहे। पुलिस इसके बाद दोनों को लेकर रात करीब 10:15 बजे निकली। पूछा तो बताया गया कि मेडिकल कराने ले जा रहे हैं। हमने भी पीछा किया और मोतीलाल नेहरू मंडलीय चिकित्सालय पहुंच गए जोकि करीब सात किमी. दूर थाने से है। इसके बाद जो हुआ वो अप्रत्याशित रहा। वो मंजर अभी तक आंखों के सामने है।

**(एक न्यूज एजेंसी के रिपोर्टर की आंखों देखी)**

## 50 दिनों में छह ढेर

**एजेंसी। लखनऊ**

प्रयागराज में हुए उमेश पाल और दो पुलिसकर्मियों की हत्या के मामले में अब तक कुल छह आरोपी मारे जा चुके हैं। गैंगस्टर से राजनेता बने अतीक अहमद और उनके भाई अशरफ अहमद को शनिवार देर रात गोली मार दी गई है। प्रयागराज के कॉल्विन अस्पताल ले जाते समय माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मेडिकल कॉलेज के पास मीडिया कर्मी बनकर आए तीन बाइक सवार बदमाशों ने गोली मारकर हत्या कर दी। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) के विधायक राजू पाल की हत्या के मामले के मुख्य गवाह उमेश पाल और उनके दो पुलिस सुरक्षा गार्डों की उनके धूमनगंज स्थित आवास के बाहर 24 फरवरी को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने 25 फरवरी को अतीक, अशरफ, अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, दो बेटों, गुड्डू मुस्लिम, गुलाम और नौ अन्य के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। मामले में शाइस्ता परवीन अभी फरार है। उस पर 50,000 रुपये का इनाम पुलिस ने घोषित किया हुआ है। उसके दो बेटे उमर और अली बाल संरक्षण गृह में पुलिस की निगरानी में हैं। कथित तौर पर 24 फरवरी को हत्यारों के वाहन का चालक अरबाज 27 फरवरी को प्रयागराज में हुई एक मुठभेड़ में पुलिस ने ढेर कर दिया। इसके बाद उस्मान ऊर्फ विजय को छह मार्च को प्रयागराज में एक अन्य कथित मुठभेड़ में मारा गिराया था, जबकि असद और गुलाम को 13 अप्रैल को झांसी में पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। समाजवादी पार्टी के पूर्व सांसद अतीक और उसके भाई को उमेश पाल हत्याकांड में सुनवाई के लिए गुजरात की साबरमती जेल से प्रयागराज लाया गया। कोर्ट ने उमेश पाल हत्याकांड में पूछताछ के लिए चार-चार दिन की पुलिस रिमांड पर सौंप दिया था। इससे पहले, भारी पुलिस सुरक्षा के बीच शनिवार को प्रयागराज के कसारी मसारी कब्रिस्तान में अतीक के बेटे असद का अंतिम संस्कार किया गया।

## अतीक ने कई सफेदपोशों का लिया था नाम

**एजेंसी। प्रयागराज**


उमेश पाल हत्याकांड का राज उगलवाने के लिए चार दिन की पुलिस रिमांड पर लिए गए माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शहर के बीच मंडलीय अस्पताल के गेट पर सुरक्षा घेरे में हत्या की वारदात ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। इस दुस्साहसिक दोहरे हत्याकांड के पीछे शक की सूई रसूखदार सफेदपोशों की ओर घूमने लगी है। एक दिन पहले ही धूमनगंज थाने में पूछताछ में माफिया ने कई बिल्डरों और बड़े लोगों से अपने रिश्तों का खुलासा किया था। आशंका है कि राज खुलने के डर से माफिया और उसके भाई की जान ली जा सकती है। फिलहाल पुलिस इस पहलू पर पैनी नजर रखे हुए है। अतीक अहमद ने रिमांड के दौरान कई सनसनीखेज खुलासे किए और प्रयागराज समेत यूपी भर में अपनी काली कमाई के बल पर खड़े किए गए आर्थिक साम्राज्य में पार्टनर के तौर पर कई गणमान्यों के नाम गिनाए थे। यह वो नाम हैं जिन्होंने अतीक के काले धन को अपनी कंपनियों में लगाया है। ऐसी दो सौ से अधिक सेल कंपनियों के बारे में पता चला था। रियल एस्टेट कारोबार में अतीक की कमाई खपाने वालों के अलावा कई सफेदपेशों तक आंच आने लगी थी। इस तरह के पचास से अधिक नामों का अतीक ने खुलासा किया था।

## लवकेश से हमारा कोई लेना-देना नहीं : पिता

**एजेंसी। कानपुर**

प्रयागराज के कॉल्विन हॉस्पिटल में मेडिकल जांच कराने के लिए लाए गए माफिया अतीक अहमद और अशरफ की शनिवार देर रात गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों को पांच दिनों की रिमांड के दौरान मेडिकल जांच के लिए लाया गया था। हत्याकांड के बाद शूटर लवलेश तिवारी के पिता का बयान भी सामने आया है। उन्होंने कहा कि लवलेश का हमसे लेना-देना नहीं था। पांच से छह दिन पहले लवलेश बांदा स्थित घर आया था। पहले भी वो कभी-कभी घर आता था। पहले भी वो एक मामले में जेल गया था। लवलेश नशा करता है। माफिया अतीक और अशरफ को गोली मारकर मौत के घाट उतारने में गिरफ्तार लवलेश तिवारी बांदा शहर के केवटरा मोहाल का





रहने वाला है। स्नातक फेल लवलेश नशे का आदि बताया गया है। पिता यज्ञ तिवारी ने बताया कि छह रोज पहले घर आया था। उसका ढर्रा सही नहीं रहा।

स्नातक फेल होने के बाद उसने पढ़ाई बंद कर दी थी। गलत संगत में चला गया। घरवालों ने भी उसका पीछा छोड़ दिया था। चार भाइयों में तीसरे नंबर का था। कोई काम नहीं करता था। पिता ने बताया कि इतनी बड़ी वारदात कैसे कर दी? वह खुद नहीं समझ पा रहे। लवलेश का कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। करीब डेढ़ वर्ष पूर्व एक छात्रा को तमाचा जड़ने पर आठ दिन जेल में रहा है। घटना से लवलेश का परिवार दहशत में है।

गैंगस्टर से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को गोली मारने वाले उत्तर प्रदेश हमीरपुर के शूटर सनी सिंह के भाई पिंटू सिंह ने कहा कि यह कुछ नहीं करता था और इसके ऊपर पहले से भी मामले दर्ज.हैं।

हम लोग 3 भाई थे जिसमें से एक की मृत्यु हो गई। यह ऐसे ही घूमता-फिरता रहता था और फालतू के काम करता रहता था। हम उससे अलग रहते हैं और बचपन में ही भाग गया था। सनी पर 14-15 मुकदमे दर्ज हैं। तीनों शूटर्स का आपराधिक रिकॉर्ड है। अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ को महज 18 सेकंड के भीतर मौत की नींद सुला दिया गया। शूटरों ने दोनों के पुलिस जीप से उतरने के 32वें सेकंड में पहली गोली दागी। इसके बाद लगातार कुल 20 गोलियां दागीं और 50वें सेकंड तक माफिया भाइयों का काम तमाम हो चुका था।

# मुन्ना बजरंगी को भी ऐसे ही भूना गया था

**एजेंसी। प्रयागराज**

माफिया से नेता बने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की शनिवार रात प्रयागराज में गोली मारकर हत्या कर दी गई। दोनों को उमेश पाल हत्याकांड के मामले में चार दिनों की पुलिस रिमांड पर कोर्ट ने भेजा था। हत्या के वक्त दोनों जिला अस्पताल से मेडिकल करवाकर निकल रहे थे। देश के बड़े माफियाओं में शुमार रहे अतीक और अशरफ की सरेराह हत्या ने एक बार फिर सूबे में अपराध और अपराधियों की चर्चा छेड़ दी है। हालांकि, इसके पहले भी कई माफियाओं की सरेराह हत्या हो चुकी है। जिनमें कुछ ऐसे भी थे, जो माफिया से राजनेता बन चुके थे। आज हम ऐसे ही एक बड़े माफिया की कहानी बताएंगे। नाम है मुन्ना बजरंगी। जिसके नाम से एक समय पूरा यूपी कांपता था। लेकिन इस माफिया का अंत भी उसी तरह हुआ। मुन्ना को 2018 में बागपत जेल के अंदर गोलियों से भून दिया गया था।

**जौनपुर में जन्म, पांचवीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी** : प्रेम प्रकाश सिंह उर्फ मुन्ना बजरंगी का जन्म 1967 में उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले के पूरेदयाल गांव में हुआ था। पिता पारसनाथ सिंह उसे पढ़ा लिखाकर बड़ा आदमी बनाने का सपना संजोए थे। मगर, प्रेम प्रकाश उर्फ मुन्ना बजरंगी ने उनके अरमानों को कुचल दिया। उसने पांचवीं कक्षा के बाद पढ़ाई छोड़ दी। उम्र के साथ ही उसे कई ऐसे शौक लग गए जो उसे जुर्म की दुनिया में लेते चले गए। मुन्ना को हथियार रखने का बड़ा शौक था। वह फिल्मों की तरह एक बड़ा गैंगेस्टर बनना चाहता था। यही वजह थी कि 17 साल की नाबालिग उम्र में ही उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया। जौनपुर के सुरेही थाना में उसके खिलाफ मारपीट और अवैध असलहा रखने का मामला दर्ज किया गया था। इसके बाद मुन्ना ने कभी पलटकर नहीं देखा। वह जरायम के दलदल में धंसता चला गया। वह अपराध की दुनिया में अपनी पहचान बनाने की कोशिश में लगा था। इसी दौरान उसे जौनपुर के स्थानीय दबंग माफिया गजराज सिंह का साथ मिल गया। मुन्ना अब उसके लिए काम करने लगा था। 1984 में मुन्ना ने लूट के लिए एक व्यापारी की हत्या कर दी। इसके बाद उसने गजराज के इशारे पर ही जौनपुर के भाजपा नेता रामचंद्र सिंह की हत्या करके पूर्वांचल में अपना दबदबा बनाया। उसने अपने साथियों के साथ मिलकर कृष्णानंद राय की दो गाड़ियों पर असाल्ट रायफल से 400 गोलियां बरसाई थी।

हमले में विधायक कृष्णानंद राय के अलावा उनके साथ चल रहे छह अन्य लोग भी मारे गए थे। पोस्टमार्टम के दौरान हर मृतक के शरीर से 60 से 100 तक गोलियां बरामद हुई थी। इस हत्याकांड ने सूबे के सियासी हलकों में हलचल मचा दी। हर कोई मुन्ना बजरंगी के नाम से खौफ खाने लगा। इसके बाद से वह मोस्ट वॉन्टेड बन गया। भाजपा विधायक की हत्या के अलावा कई मामलों में उत्तर प्रदेश पुलिस, एसटीएफ और सीबीआई को मुन्ना बजरंगी की तलाश थी। इसलिए उस पर सात लाख रुपये का इनाम भी घोषित किया गया। उस पर हत्या, अपहरण और वसूली के कई मामलों में शामिल होने के आरोप है। उत्तर प्रदेश समते कई राज्यों में मुन्ना बजरंगी के खिलाफ मुकदमे दर्ज थे। उसके खिलाफ सबसे ज्यादा मामले उत्तर प्रदेश में दर्ज हैं, लेकिन 29 अक्तूबर 2009 को दिल्ली पुलिस ने मुन्ना को मुंबई के मलाड इलाके में नाटकीय ढंग से गिरफ्तार कर लिया था। तब से उसे अलग अलग जेल में रखा जा रहा था। 2018 में उसे झांसी से बागपत जेल में शिफ्ट किया गया, जहां उसी साल जेल में ही गोलियों से भूनकर हत्या कर दी गई।

